श्री पी० के० देव : एयर इंडिया के चेयरमैन का कहना है विदेश यात्रा पर लगे 20 प्रतिशत कर से सरकार को 7 करोड़ रुपये का लाभ होगा पर एयर इंडिया के द्वारा उसे 8·5 करोड़ रुपए की हानि होगी। एयर इंडिया एक सरकारी उपक्रम है और हमारे लिए चिंता का विषय है। इस कर से पर्यटन किस सीमा तक बढ़ेगा ?

अध्यक्ष महोदय : यह संगत नहीं है।

Shri Phool Chand Varma : I want to ask regarding part(a) whether they are going to include in the list of touring centres, Ujjain, the place where Lord Krishna took his education and where Vikrmaditya ruled for many years.

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न पर्यटन सम्बंधी राष्ट्रीय योजना का था...

श्री एस० एम० बनर्जी : अब आप ही बताइए हम क्या पूछें ? यदि ऐसा आप करते हैं तो फिर यह प्रश्न काल ही यहां क्यों रखा गया है ?

श्री एच० एम० पटेल : प्रश्न बहुत ही संगत है।

अध्यक्ष महोदय : एक-एक विशेष स्थान से सम्बन्ध रखता है।

डा० सरोजिनी महिषी : देश में ऐसे बहुत से स्थान हैं। इन्हें पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करना राज्य सरकारों का काम है।

श्री एस० एम० बनर्जी : क्या विदेश यात्रा पर 20 प्रतिशत कर लगाने के सम्बन्ध में एयर इंडिया ने सरकार को कोई ज्ञापन भेजा था। (**व्यवधान**)... इस संबंध में क्या उन्होंने वित्त मंत्रालय से बातचीत की तथा उसकी क्या प्रतिक्रिया रही... (**व्यवधान**) क्योंकि यह पर्यटन पर प्रभाव डालता है, इसलिए यह प्रश्न संगत है। प्रश्न यह है कि क्या इस कर का पर्यटन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा ? क्या इस सम्बंध में उन्हें कोई ज्ञापन मिला है ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (डा० कर्णसिंह) : विदेश यात्रा पर लगाए गए कर के सम्बंध में वित्त मंत्री और सरकार में बातचीत चल रही है और सरकारी विभागों के बीच क्या बातचीत चल रही है, इस पर यहां चर्चा नहीं की जा सकती। हमारे मंत्रालय का एक दृष्टिकोण है और राजस्व के सम्बंध में देश की आवश्यकता पर वित्त मंत्री पूरी तरह निकट से विचार करेंगे और मेरे विचार से एक विशेष कर के सम्बंध में यहां चर्चा नहीं हो सकती। (**व्यवधान**)

श्री पैनुली : क्या बद्रीनाथ और तीन धाम तथा अमरनाथ आदि के पवित्र मन्दिरों को भी आन्तरिक पर्यटन में शामिल किया जायेगा ?

डा० सरोजिनी महिषी : ये आन्तरिक पर्यटन में शामिल हैं और वर्तमान सुविधाओं में और सुधार करने पर विचार किया गया है।

अध्यक्ष महोदय : अगला प्रश्न श्री समर गुह का है। मंत्री महोदय बीमार हैं, अतः मैं इस प्रश्न को स्थगित करता हूं।

यूनिवर्सल टायर्स लिमिटेड, कलकत्ता

* 432. **श्री ज्योतिर्मय बसु :** क्या कम्पनी कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या औद्योगिक लाइसेंस नीति समिति ने अपने मुख्य प्रतिवेदन में पैराग्राफ 2. 16 और 2. 17 में निर्धारित......मापदंडों के आधार पर मैसर्स यूनिवर्सल टायर्स लिमिटेड, 18/सी लेक व्यू रोड, कलकत्ता को बिड़ला-कम्पनी-समूह की सूची में सम्मिलित किया था;

(ख) क्या 1969-70 में उक्त कम्पनी को बिड़ला ब्रादर्स प्राईवेट लिमिटेड से 2,23,199 रुपये का ब्याज-मुक्त ऋण मिला था;

(ग) यदि हां, तो क्या कम्पनी विधि बोर्ड ने अपने 30 जनवरी, 1971 के पत्र संख्या 18 (6)—1—आर एस/70, में यूनिवर्सल टायर्स लिमिटेड को बिड़ला हाउस की सूची से निकाल दिया था; और

(घ) यदि हां, तो ऐसा किस आधार पर किया गया ?

कम्पनी कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री वेदव्रत बरुआ): (क) से (घ). सदन के पटल पर एक विवरण प्रस्तुत है।

विवरण

(क) मै० यूनीवर्सल टायर्स लिमिटेड, सचिव, व कोषाध्यक्ष के रूप में मै० बिड़ला ब्रादर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रबन्धित होती थी, तभी औद्योगिक लाईसेन्स नीति जांच समिति ने, अपनी रिपोर्ट में बनाई गई कम्पनियों की सूची में, इस कम्पनी को बिड़ला गृह से सम्बन्धित दिखाया। केन्द्रीय सरकार ने, संशोधित औद्योगिक लाइसेंस नीति की बाबत, 19 फरवरी, 1970 को प्रेषित प्रेस टिप्पणी में साथ साथ यह भी उल्लेख किया कि औद्योगिक लाइसेंस नीति जांच समिति द्वारा सूचीबद्ध, 20 वृहद्तर औद्योगिक गृहों की एकक कम्पनियां/उपक्रम, जो औद्योगिक लाइसेंस नीति जांच समिति के पैरा 2. 17 के साथ पठित पैरा 2·16 में उल्लिखित, किसी भी मानदंड को आकर्षित नहीं करते, अपने सम्बन्धित गृह से अपना नाम हटाने के लिए, कम्पनी कार्य विभाग को पहुंच कर सकते है। इस अधिसूचना के रूप में यह हुआ कि मै० यूनीवर्सल टायर्स लि० ने इस आधार पर अपने को बिड़ला गृह से हटाये जाने के लिए प्रार्थना-पत्र दिया कि इस कम्पनी में बिड़ला ब्रादर्स प्राइवेट लिमिटेड का सचिव-कोषाध्यक्षता 1 जनवरी 1969 से समाप्त हो गया था तथा कि औद्योगिक लाइसेंस नीति जांच समिति रिपोर्ट द्वारा इस उद्देश्य के लिए उल्लिखित कोई भी मान दंड इस पर लागू नहीं होता था।

(ख) इस कम्पनी ने, मै० बिड़ला ब्रादर्स प्राइवेट लिमिटेड से उस समय ब्याजमुक्त ऋण

प्राप्त किया था, जबकि यह सचिव व कोषाध्यक्ष के रूप में बिड़ला ब्रादर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रबन्धित थी। 31 दिसम्बर, 1968 तक शेष ऋण की राशि 2, 23, 199 रु० थी। कम्पनी ने, जनवरी से मई, 1969 की अवधि के मध्य, बिड़ला ब्रादर्स प्राइवेट लिमिटेड से, 25,000 रु0 की सीमा तक पुनः ऋण प्राप्त किया। मै० यूनीवर्सल टायर्स लिमिटेड के तुलन-पत्र में, 31 दिसम्बर, 1969 तक भूतपूर्व सचिव व कोषाध्यक्ष को भुगतान करने के लिए शेष ऋण 2, 48, 199 रु0, दिखाये गये है।

(ग) हां, श्रीमान।

(घ) कम्पनी की इसके द्वारा भेजी गई हिस्सेधारिता प्रतिरूप तथा प्रबन्ध नियंत्रण की बाबत नवीनतम सूचना की परीक्षा से पता चला कि मै० बिड़ला ब्रादर्स प्राइवेट लि० के 1-1-1969 से सचिव तथा कोषाध्यक्षता से हट जाने के पश्चात, मै० यूनीवर्सल टायर्स लि०, वास्तव में, औद्योगिक लाइसेंस नीति जांच समिति के पैरा 2·17 के साथ पठित पैरा 2·16 में उल्लिखित, इसके बिड़ला गृह से सम्बन्धित बनाने वाले किसी भी मानदण्ड को आकर्षित नहीं करता।

श्री ज्योतिर्मयबसु : विवरण में इस बात को स्वीकार किया गया है कि युनिवर्सल टायर्स नामक बनावटी कम्पनी ने मै० बिड़ला ब्रार्दस से एक बार 2,23,199 रुपये का, जो अधिक भी हो सकता है, ब्याज रहित ऋण तथा दूसरी बार 25,000 रु का ऋण प्राप्त किया था और यह कि उन्होंने उस कम्पनी के सचिव तथा कोषाध्यक्ष की सेवाएं समाप्त कर दी थीं लेकिन बिड़ला ब्रादर्स ने यह राशि जिसका उल्लेख देय राशि के रूप में अब तक भी पुस्तकों तथा लेखों में है, ऋण के रूप में दी थी। इस स्थिति में सरकार ने किस मापदंड के अनुसार युनिवर्सल टायर लिमिटेड को बिड़ला हाउस में क्यों नहीं शामिल किया ?

(श्री वेदव्रत बरुआ): हमें जो सूचना मिलती है उसके अनुसार बड़े-बड़े व्यापार गृहों के आपसी सर्म्पकों के सम्बन्ध में समय-समय पर विचार करना होगा। मैंने कहा है कि हमने मापदंड सम्बन्धी औद्योगिक लाइसेंस नीति जांच समिति के परामर्श को स्वीकार कर लिया है। बोर्ड में प्रतिनिधित्व अथवा 33 प्रतिशत साम्य पूंजी तथा अन्य शर्तों सम्बन्धी मापदंड के अधीन यह कम्पनी नहीं आती है। यह सच है कि कम्पनी की प्रबन्ध एजेन्सी अर्थात सचिव की सेवा समाप्त होने पर भी मई, 1969 तक ऋण दिया जाता रहा लेकिन 1 जनवरी, 1969 की अवधि से सेवा त्यागने सम्बन्धी त्यागपत्र मई, 1969 में भेजा गया। इस स्थिति में कम्पनी ला-बोर्ड ने सोचा कि सम्भवतः यह मापदंड लागू नहीं किया जा सकता है। यदि इस बात का पता चला कि बिड़ला हाउस के 9.6 प्रतिशत भागीदार अधिक रुचि लेते हैं अथवा बिड़ला हाउस में कोई बेनामी या बनावटी काम हो रहा है तो कम्पनी को बिड़ला हाउस में वापिस लाने के लिये कदम उठाये जायेंगे।

श्री ज्योतिर्मय बसु : मंत्री महोदय ने स्वीकार किया है कि वे जो गड़बड़ कर रहे हैं; उसका सामना करने के लिए मापदंड सम्बन्धी मौजूदा कानून अपर्याप्त है। क्या मैं सदन का ध्यान एक ऐसे ही मापदंड की ओर आकर्षित कर सकता हूं ? मद 2.16 के उप-पैरा 4 के अनुसार, "...विशेष गुण पाये जाने पर प्रतिष्ठान के हाउस में शामिल किया जावेगा।" क्या मैं मंत्री महोदय

से पूछ सकता हूं कि इस बात को दृष्टि में रखते हुए इसे हाउस में क्यों शामिल नहीं किया गया ? क्या सरकार इसकी पूरी जांच करके यह जानने की कोशिश करेगी कि इन त्रुटियों को दूर किया जायेगा और कम्पनी को दंडित किया जायेगा और उसे हाउस में शामिल किया जायेगा ।

श्री वेदव्रत बरुआ : कम्पनी बिड़ला ब्रादर्स की मेनेजिंग एजेन्सी के अधीन थी जिसे समाप्त किया गया । किसी कम्पनी के किसी व्यापार गृह में शामिल करने के सम्बन्ध में कुछ विशेष शर्तें हैं जैसे कि उस कम्पनी के निदेशक बोर्ड के बहुसँख्यक सदस्यों का उस व्यापार गृह से सम्बन्ध रखना, जबकि तकनीकी दृष्टि से उस कम्पनी के मामले में ऐसा नहीं था; अथवा उस कम्पनी का नियंत्रण ऐसे व्यक्तियों के हाथ में होना जिनका उस व्यापार गृह से घनिष्ट सम्बन्ध हो, जिसके बारे में उन्होंने इस बात का खंडन किया है । विशेषरूप से इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि एक निदेशक श्री रामकृष्णराव ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने बड़ी संख्या में अंश खरीदे हैं और इसलिये इनकी स्वतंत्रता के बारे में सन्देह का लाभ उनको मिलना चाहिए और यह पता लगाने के लिये कुछ समय भी दिया जाना चाहिये कि बहुसंख्यक अंशधारी स्वतंत्रता से काम करते हैं अथवा नहीं। (**व्यवधान**)

श्री ज्योतिर्मय बसु : विशेष शर्तों के अनुसार...

अध्यक्ष महोदय : शांति, शांति । मंत्री महोदय को अपना उत्तर पूरा करने दें ।

श्री वेदव्रत बरुआ : मैं माननीय सदस्यों को आश्वासन देना चाहता हूं कि इस निर्णय के बावजूद भी निराकरण सम्बन्धी निर्णय अंतिम नहीं । मैं यह बात फिर से कहना चाहता हूँ कि किसी समय यदि मालूम हुआ कि बिड़ला हाउस ने इस कम्पनी में काफी रुचि ली है, अथवा उनका कोई नियंत्रण है अथवा कोई नई बातें सामने आती हैं, तो चाहे उनके अंश सम्बन्धी हित पर्याप्त न भी हों, तो भी हम यथा सम्भव कदम उठायेंगे ।

श्री ज्योतिर्मय बसु : क्या सरकार इस बात की जांच करवा रही है और इस कम्पनी को हाउस में शामिल कर रही है ?

श्री वेदव्रत बरुआ : जांच का प्रश्न ही उत्पन्न नहीं होता और सरकार किसी भी मामले में निर्णय ले सकती है । सरकार महसूस करती है कि सामने आये तथ्यों को ध्यान में रखते हुए उचित ही निर्णय लिया गया है ।

श्री के० लकप्पा : मेरे दोस्त श्री बसु ने अनुपूरक प्रश्न पूछा था । लेकिन यहां एक ऐसी स्थिति है जहां बंगलौर के श्री रामकृष्णराव ने बिड़ला से हस्तांतर प्राप्त किया था । बिड़ला का इस कम्पनी के साथ कोई सम्बन्ध नहीं है । मुझे बताया गया है कि मोदी कम्पनी इस कार्य को बिगाड़ना चाहती है ताकि वह टायर बना सके । मैं जानना चाहता हूँ कि क्या यह सच है कि इस जांच द्वारा भी और अन्य बातों के रहते हुए, इस कम्पनी के विरुद्ध शिकायत करके और इसको बिगाड़ने के दृष्टिकोण से रामकृष्णराव द्वारा चलायी जा रही कम्पनी को मोदी कम्पनी ने लिया है और यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

श्री वेदव्रत बरुग्रा : इस बात पर कम्पनी ला बोर्ड ने निर्णय लिया था ।... (व्यवधान)

श्री के० लकप्पा : मैंने मोदी कम्पनी का ज़िक्र किया था ।

श्री वेदव्रत बरुग्रा : हमें श्री मोदी की गतिविधियों की कोई जानकारी नहीं है । जनवरी 1970 में सरकार द्वारा जारी की गयी अधिसूचना के अनुसार कम्पनी द्वारा दिये गये अभ्यावेदन के आधार पर निर्णय लिया गया था ।

श्री एस० एम० बनर्जी : मैं जानना चाहता हूं कि कम्पनी ला बोर्ड में अपने से पहले क्या औद्योगिक विकास मंत्रालय ने इस फाइल को पढ़ा अथवा औद्योगिक विकास मंत्रालय में आने से पहले कम्पनी ला बोर्ड ने इसे पढ़ा; और क्या उन्हें यह स्पष्ट किया गया कि बिड़ला के प्रत्यक्ष या परोक्ष हाथ सम्बन्धी संदेह होने पर इस मामले में जांच होगी ।

श्री वेदव्रत बरुग्रा : जहां तक पहले प्रश्न का सम्बन्ध है, इस मामले पर कम्पनी कार्य विभाग में निर्णय लिया गया क्योंकि इस विभाग पर इस विशेष पहलू सम्बन्धी कानून के लागू करने का प्रभार है । जब यह कम्पनी बड़े व्यापार गृह से मुक्त हो जाये तो उसी समय लाइसेन्स तथा अन्य मामलों सम्बन्धी प्रश्न औद्योगिक लाइसेन्सिग समिति के पास जायेगा ।

जहां तक दूसरे प्रश्न का सम्बन्ध है जैसा कि मैंने पहले कहा, यदि इस कम्पनी में बिड़ला का हाथ नज़र आये तो जांच की आवश्यकता नहीं होगी, सरकार अपनी इच्छा से कार्यवाही कर सकेगी तथा कम्पनी को बड़े व्यापार गृह में ला सकेगी ।

मैसर्स बर्ड एण्ड कम्पनी लिमिटेड से आयकर की वसूली

*433. **श्री के० लकप्पा :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मैसर्स बर्ड एण्ड कम्पनी लिमिटेड से आयकर की कितनी धनराशी वसूल की जानी है;

(ख) क्या सरकार का ध्यान 15 मई, 1971 के "बिल्ट्ज" में प्रकाशित इस समाचार की ओर दिलाया गया है कि मैसर्स बर्ड एण्ड कम्पनी पर आयकर के रूप में 1. 14 करोड़ रुपये बकाया हैं ;

(ग) उक्त धन राशि कब से बकाया है; और

(घ) उक्त धन राशि को वसूल करने के लिए क्या कार्यवाही की गई है या करने का विचार है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री के० आर० गणेश) : (क) मैसर्स बर्ड एण्ड कं० लि० से वसूल की जाने वाली आयकर की रकम 6. 66 लाख रु० है ।

(ख) जी हाँ। किन्तु बकाया आयकर की सही रकम 6.66 लाख रु० है, 1.14 करोड़ रु० नहीं।

(ग) 6.66 लाख रु० की कुल माँग में से 5.27 लाख रु० की मांग 31 जुलाई, 1967 को जारी की गई थी और शेष 1.39 लाख रु० की मांग 6 मार्च, 1970 को।

(घ) उपर्युक्त 5.27 लाख रु० की प्रथम मांग की वसूली कलकत्ता स्थित उच्च न्यायालय ने तब तक के लिए स्थगित कर दी है जब तक उस न्यायालय द्वारा निर्धारित की रिट-याचिका को निपटाया नहीं जाता। 1.39 लाख रु० की दूसरी माँग की वसूली, जिसका ऊपर जिक्र किया गया है, अपीलीय सहायक आयकर आयुक्त के पास दायर की गई अपील का निपटान होने तक स्थगित रखी गई थी। अब इस अपील पर फैसला हो चुका है और अपीलीय आदेश 13 मई, 1971 को प्राप्त हो गया है। इस अपील-आदेश के परिणामत: 1.93 लाख रु० की माँग घट कर लगभग 92, 000 रु० रह गयी है। अपील आदेशों पर व्यापक रूप से अमल करने के बाद, इस रकम को वसूल करने के लिए कार्यवाही की जा रही है।

श्री के० लकप्पा : यह आज़ाद देश है, एक ऐसा देश जिसमें कर अपवंचन-कर्ता रहते हैं। हमारे वित्त मंत्री महोदय नये कर लगा रहे हैं। मेरे पास बर्ड एण्ड कम्पनी की छल-कपट पूर्ण गतिविधियों से सम्बन्धित सामग्री है। मार्च, 1963 में सीमाशुल्क अधिकारियों ने समुद्र सीमाशुल्क अधिनियम तथा विदेशी मुद्रा नियमन अधिनियम का उल्लंन करने के लिए इस कम्पनी पर छापा मारा। इस कम्पनी के निदेशकों की पत्नियों को भी मासिक वेतन मिलता है जैसे कि ये कम्पनी के प्रबन्धकों में से हों। वास्तव में ये दफ्तर में जाती तक नहीं। कर अपवंचन के लिए इस सीमा तक काम किया जाता है। देश के मूल्याँकन अधिकारियों ने क्या इस कम्पनी का मूल्यांकन नहीं किया ? इस कम्पनी द्वारा कर अदायगी को टालने से क्या कोई महत्वपूर्ण व्यक्ति सम्बद्ध हैं ? सरकार की प्रतिक्रिया क्या है...

अध्यक्ष महोदय : प्रश्नकाल समाप्त होने जा रहा है। आप उत्तर चाहते हैं या नहीं ?

श्री के० लकप्पा : इस कम्पनी की काली करतूतों की जाँच करने के लिये क्या मंत्रालय कोई जांच करवायेगा ?

अध्यक्ष महोदय : क्या मैं प्रश्नकाल समाप्त होने की घोषणा कर दूं ? मैं आप को कुछ दंडित करना चाहता हूं।

श्री के० लकप्पा : श्रीमन् मैं उत्तर चाहता हूं।

श्री के० आर० गणेश : माननीय सदस्य ने बर्ड एण्ड कम्पनी की सारी करतूतें सदन के सामने रख दी हैं। यह प्रश्न आयकर बकाया से सम्बन्धित है। जो सूचना इन्होंने उपलब्ध की है वह काफी लाभदायक है और मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं कि सरकार ऐसे गृहों की गतिविधियों की ओर जाँच करवायेगी। मैं इसका उत्तर नहीं दे सकता क्योंकि यह प्रश्न उससे सम्बन्धित नहीं।

प्रश्नों के लिखित उत्तर

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

इण्डियन एयरलाइन्स के प्रशासनिक ढांचे का अध्ययन करने सम्बन्धी समिति में श्रमिकों का प्रतिनिधि

*422. **श्री एस० एम० बनर्जी** : क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इण्डियन एयरलाइन्स के प्रशासनिक ढांचे का विशेषकर मजदूरों और मालिकों के बीच विवादों का, अध्ययन करने के लिए पांच सदस्यों की एक समिति बनाई गई है;

(ख) यदि हां, तो क्या इस समिति में मजदूरों के किसी प्रतिनिधि को सम्मिलित किया गया है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (डा० कर्णसिंह) : (क) जी, हां ।

(ख) और (ग) . प्रबन्ध से संबंधित अनेक शाखाओं के विशेषज्ञ समिति में शामिल हैं। क्योंकि समिति अपनी रिपोर्ट तैयार करने से पहले संघों एवं अन्य कर्मचारियों के प्रतिनिधियों से विचार-विनियम करती है अतः समिति में विशेष रूप से कर्मचारियों के एक प्रतिनिधि को शामिल करना आवश्यक नहीं समझा गया ।

एयर इण्डिया द्वारा संचालित मद्रास-सिंगापुर विमान सेवा से लाभ

*423. **श्री रतन लाल ब्राह्मण** : क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या एयर इण्डिया द्वारा संचालित मद्रास-सिंगापुर विमान सेवा को अधिक लाभप्रद बनाने के लिए सरकार की कोई योजना है;

(ख) क्या प्रशान्त महासागर और हिन्द महासागर में संभाव्य मार्गों का उपयोग करने के लिए सरकार की कोई दीर्घावधि योजना है; और

(ग) यदि हां, तो योजना की मुख्य बातें क्या हैं ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (डा० कर्णसिंह) : (क) इस मार्ग पर वहन किये गए भार अनुपात सदा संतोषप्रद रहे हैं, तथा उनमें और भी सुधार करने की हर कोशिश की जा रही है ।

(ख) और (ग). यद्यपि कोई योजना औपचारिक रूप से तैयार नहीं की गयी है, मामले का समय समय पर पुनरावलोकन किया जाता है ।

छोटे नगरों और कस्बों में नये हवाई अड्डों का निर्माण

*427. **श्री एस० आर० दामाणी** : क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विमान सेवा का विस्तार करने के उद्देश्य से उनके मंत्रालय ने छोटे नगरों और कस्बों में नये हवाई अड्डों का निर्माण करने के लिये कोई कार्यक्रम तैयार किया है;

(ख) इस प्रयोजन के लिये कौन कौन से स्थान चुने गये हैं; और

(ग) उक्त कार्यक्रम को कब तक क्रियान्वित किया जायेगा ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) से (ग). तिरुपति में कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है और उसके मार्च, 1972 तक पूरा हो जाने की आशा है। बारापानी का हवाई अड्डा योजना की अवधि के अंत तक पूरा नहीं किया जा सकेगा । कालीकट के समीप एक हवाई अड्डे के निर्माण के लिये भूमि का अभिग्रहण किया जा चुका है, तथा इसे समतल करने के कार्य में दो से तीन वर्ष तक लग जाने की सम्भावना है । वास्तविक निर्माण कार्य उसके उपरांत ही प्रारम्भ हो सकेगा ।

Closure of Gurukul Kangri Uuiversity

*434. **Shri R.C. Vikal** : Will the Minister of **Education and Social Welfare** be pleased to state :

(a) the date from which Gurukul Kangri University was closed and the reasons therefore ; and

(b) the measures taken by the Central Government to streamline the management of Gurukul Kangri University and the results thereof ?

The Deputy Minister in the Ministry of Education and Social Welfare and in the Department of Culture (Shri D. P. Yadav) : (a) According to the information furnished by the Registrar, Gurukul Kangri Vishwavidyalya, the Vishwavidyalaya was not closed for a single day since April, 1970.

(b) The University Grants Commission had, in pursuance of its policy, appointed a Committee to review the working of the Vishwavidyalaya. The Committee, which visited

the Vishwavidyalaya in the last week cf April, is expected to submit its report shortly. Further action will be decided upon on receipt of the recommendations of the Committee and of the Commission.

शंकर शुगर मिल्स, कलकत्ता के प्रबन्ध निदेशक और उप-प्रबन्ध निदेशक की नियुक्ति

*435. **श्री इन्द्रजीत गुप्त** : क्या कम्पनी कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मैसर्स शंकर शुगर मिल्स लिमिटेड, कलकत्ता गत कुछ वर्षों से हानि की घोषणा करती रही है और लाभांश का भुगतान नहीं कर रही है।

(ख) क्या कम्पनी की वित्तीय स्थिति खराब होने के बावजूद कम्पनी विधि बोर्ड ने श्री के० के० कनोडिया और श्री वी० के० कैजरिवाल को बहुत अधिक वेतन और उपलब्धियों पर क्रमशः प्रबन्ध निदेशक और उप-प्रबन्ध निदेशक के पदों पर नियुक्त करने की अनुमति दी है; और

(ग) यदि हां, तो कम्पनी विधि बोर्ड ने इन शर्तों पर उनकी नियुक्ति की स्वीकृति किस आधार पर दी ?

कम्पनी कार्य मंत्री (श्री रघुनाथ रेड्डी) : (क) 30 सितम्बर, 1967, 30 सितम्बर, 1968 तथा 30 सितम्बर, 1969 के तीन वर्ष समाप्ति के मध्य, इस कम्पनी द्वारा भेजी गई, इसकी लाभ और हानि की स्थिति प्रदर्शित करता हुआ, एक विवरण-पत्र सदन के पटल पर प्रस्तुत है। कम्पनी ने 30 सितम्बर, 1967 तथा 30 सितम्बर, 1968 की वर्ष समाप्ति के मध्य, 10 प्रतिशत की दर से लाभांश घोषित किये थे। 30 सितम्बर, 1969 की वर्ष समाप्ति में कोई लाभांश घोषित नहीं किया गया था।

(ख) तथा (ग). कम्पनी विधि बोर्ड ने, कम्पनी के प्रस्ताव पर विचार करते समय, इसकी आर्थिक स्थिति, इसका परिमाण तथा इसके कार्य-परिणाम सहित, अनेक सम्बन्धित, कारकों पर विचार किया था।

कम्पनी विधि बोर्ड के परामर्श पर, कम्पनी ने इसके द्वारा पहले के प्रस्तावित प्रबन्ध निदेशक तथा उप-प्रबन्ध निदेशक के पारिश्रमिक को अत्यधिक न्यून कर दिया था। घटा हुआ प्रस्तावित पारिश्रमिक कम्पनी विधि बोर्ड द्वारा अनुमोदित कर दिया गया था, क्योंकि प्रबन्ध निदेशकों को दिया जाने वाला यह कुल पारिश्रमिक, प्रबन्ध अभिकरण को दिये गए कमीशन से न्यूनतर था, जब कि कम्पनी प्रबन्ध अभिकर्ताओं द्वारा प्रबन्धित होती थी।

विवरण

1 अक्तूबर, 1966 से 30 सितम्बर, 1969 की अवधि के मध्य, शंकर शुगर मिल्स लिमिटेड के कार्य-परिणाम दिखाता हुआ विवरण-पत्र

	वर्ष समाप्ति		
	30-9-67	30-9-68	30-9-69
	रु०	रु०	रु०
1—प्रदत्त पूंजी	18,20,000	18,20,000	18,20,000
2—व्यापारावर्त	1,80,50,504	282,45,538	232,96,458
3—धारा 198 के अन्तर्गत शुद्ध लाभ	14,61,133	18,38,140	3,99,155
4—निदेशकों का पारिश्रमिक			
(क) बैठक फीस	2,700	3,275	2,100
(ख) कमीशन	कुछ नहीं	कुछ नहीं	कुछ नहीं
(ग) प्रबन्ध/पूर्ण-कालिक निदेशकों/प्रबन्धकों का पारिश्रमिक			
(1) वेतन (2) कमीशन (3) परिलब्धियां तथा इसका रौप्य मूल्य	,,	,,	,,
5—इक्विटी हिस्सों पर घोषित लाभांश (दर तथा मात्रा)	10 प्रतिशत 1,82,000 रु0	10 प्रतिशत 1,82,000 रु0	कुछ नहीं —

Cultural Exchange Programme with Foreign Countries

* 436. **Shri Ramavatar Shastri :**

Shri P. Narasimha Reddy :

Will the Minister of **Culture** be pleased to state :

(a) whether Government have prepared any cultural exchange programme with the foreign countries ;

(b) if so, the main features thereof ; and

(c) the nature of benefit India is likely to derive therefrom ?

The Deputy Minister in the Ministry of Education and Social Welfare and Department of Culture (Shri D.P. Yadav) : (a) & (b). Yes, Sir. India has regular cultural exchange programmes with Romania, Poland, Czechoslovakia, U.S.S.R., Yugoslavia, Mongolia, Hungary, Bulgaria, France and German Democratic Republic. These programmes envisage exchange of personnel publications and materials in the fields of education, science, technology, art, culture, sports, radio, films, television etc.

(c) Indian visitors who go to various countries under the cultural exchange programmes are enriched in the fields of their specialisation. The knowledge and experience acquired by them is utilised in India in the various developmental schemes/projects. Visits of foreign cultrural delegations provide our people a window on their culture. These programmes also help strengthen friendly relations with the countries concerned.

अमरीका से ऋण के लिए करार

*437. **श्री एच० एम० पटेल** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 116.25 करोड़ रुपये के गैर-परियोजना ऋण के लिए हाल ही में अमरीका के साथ एक करार पर हस्ताक्षर हुए हैं;

(ख) 1962 से अब तक अमरीका द्वारा भारत को कुल कितना गैर-परियोजना ऋण दिया गया है;

(ग) इस वर्तमान ऋण का उपयोग किन परियोजनाओं के लिए किया जाना है; और

(घ) अमरीका द्वारा पहले दिए गए गैर-परियोजना ऋणों की राशि में से यदि किसी राशि का उपयोग नहीं किया गया है, तो वह कितनी है और उसका उपयोग किस ढंग से किया गया अथवा करने का विचार है ?

वित्त मन्त्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) 13 मार्च, 1971 को अमेरिका की सरकार के साथ 116.25 करोड़ रुपये (15.50 करोड़ डालर) के एक प्रायोजना-भिन्न ऋण करार पर हस्ताक्षर किये गए थे। 22-4-1971 को एक संशोधन करार पर हस्ताक्षर किये गए जिसके अन्तर्गत ऋण की रकम बढ़ा कर 127.50 करोड़ रुपये (17.00 करोड़ डालर) कर दी गयी।

(ख) 1962 से अमेरिका द्वारा भारत को दिए गए प्रायोजना-भिन्न ऋणों की कुल रकम 1343.0 करोड़ रुपये बैठती है।

(ग) वर्तमान ऋण किसी विशेष प्रायोजना के लिए नहीं है और इसका उपयोग उर्वरकों, औद्योगिक कच्चे माल, अनुरक्षण सम्बन्धी फालतू पुर्जों आदि जैसी वस्तुओं का आयात करने के लिए किया जायगा।

(घ) पहली मई, 1971 को पहले के प्रायोजना-भिन्न ऋणों से उपयोग में न लायी गयी शेष रकम 84 करोड़ रुपए (11.19 करोड़ डालर) बैठती थी। यह रकम पूरी तरह आयात सम्बन्धी सिफारिशों के अंतर्गत आती है और आशा है कि इसका यथा-समय उपयोग किया जायगा।

मैसूर में पर्यटकों के लिए अपर्याप्त सुविधाएं

*438. **श्री धर्मराव अफजलपुरकार** : क्या पर्यटन और नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान पर्यटकों के लिए मैसूर में उपलब्ध अपर्याप्त सुविधाओं की ओर दिलाया गया है; और

(ख) यदि हां, तो और अधिक सुविधाएं देने के लिए सरकार का विचार क्या कार्यवाही करने का है ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (डा० कर्णसिंह) : (क) सरकार मैसूर सहित समस्त देश में आवास तथा परिवहन सुविधाओं की सामान्य अपर्याप्तता के प्रति सचेत है।

(ख) केन्द्रीय क्षेत्र के अन्तर्गत मैसूर राज्य में निम्नलिखित योजनायें हाथ में ली गई हैं:–

(1) हाल ही में बंगलौर में भारत पर्यटन विकास निगम द्वारा एक 91 कमरों का 'लग्ज़री' होटल खोला गया है।

(2) हाम्पी में एक युवा होस्टल का निर्माण किया जा रहा है।

(3) हस्सन के यात्री लाज में 20 कमरों की वृद्धि की जा रही है।

फ्लाइंग क्लबों में बढ़े हुए शुल्क के विरुद्ध अभ्यावेदन

*439. **श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : क्या पर्यटन और नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या फ्लाइंग क्लबों ने 27 फरवरी, 1971 से अपने शुल्क को 25 रुपया और 40 रुपया प्रति घन्टे से बढ़ा कर 105 रुपया प्रति घन्टा कर दिया है; यदि हां, तो इस वृद्धि के क्या करण हैं;

(ख) क्या सरकार को शुल्क की वृद्धि के संबंध में नागर विमानन के महानिदेशक के आदेश के विरुद्ध कोओपरेटिव हिन्द फ्लाइंग क्लब, उत्तर प्रदेश की ओर से कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है; और

(ग) यदि हां, तो उस पर क्या कार्यवाही की गई है ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (डा० कर्णसिंह) : (क) उपदान प्राप्त उड़ान के लिए प्रति घण्टे की शुल्क-दर में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। परन्तु वाणिज्यिक विमानचालन लाइसेन्स-धारियों में फैली हुई वर्तमान बेकारी को दृष्टि में रखते हुए, 1 अप्रैल, 1971 से व्यक्तिगत प्रशिक्षणार्थियों के लिए उपदान प्राप्त उड़ान की सुविधा को निजी विमानचालन के लाइसेन्स स्तर तक (अर्थात् 60 घण्टों तक) सीमित कर दिया गया है।

(ख) और (ग). इस विषय में कुछ अभ्यावेदन प्राप्त हुए थे और मामले पर पुनः विचार के बाद ऐसे प्रशिक्षणार्थियों को जिन्होंने अपना निजी विमानचालन लाइसेन्स प्राप्त कर लिया था और 31 मार्च, 1970 को 150 घण्टों की उड़ान पूरी कर ली थी, उन्हें सामान्य शर्तों को पूरा करने की अवस्था में 250 घण्टों की अधिकतम उड़ान के लिए उपदान प्राप्त उड़ान की सुविधा से लाभ उठाने की अनुमति प्रदान कर दी गई। उक्त तारीख को जिन प्रशिक्षणार्थियों ने 150 घण्टे की उड़ान पूरी नहीं की थी, वे आगे की उड़ान 75 रुपये प्रति घण्टे की उपदान-रहित शुल्क दर पर उड़ान कर सकते हैं।

तकनीशियनों और इंजीनियरों के लिए ऋण योजना

*440. **श्री मुहम्मद शरीफ** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने एक गारण्टी ऋण योजना आरम्भ करने का निर्णय किया है, जिसके अन्तर्गत तकनीशियनों और इंजीनियरों को उद्योग आरम्भ करने के लिए राष्ट्रीयकृत बैंकों से ऐसा ऋण दिया जाएगा जिसके लिए सरकार जमानत देगी।

(ख) इस योजना के अन्तर्गत कुल कितनी पूंजी लगाने का विचार है ; और

(ग) योजना को कब तक क्रियान्वित किया जाएगा ?

वित्त मंत्री (श्री यशवन्त राव चव्हाण) : (क) से (ग). भारतीय ऋण गारण्टी निगम (लिमिटेड) ने बैंकों के द्वारा कुछ प्राथमिकता प्राप्त और उपेक्षित क्षेत्रों के छोटे ऋणकर्ताओं को दिए जाने वाले ऋणों की गारन्टी देने के लिए एक नई ऋण गारण्टी योजना चालू की है। लघु उद्योगों के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के औद्योगिक वित्त विभाग द्वारा चलाई जाने वाली एक ऋण गारण्टी योजना भी है। इन गारण्टी योजनाओं से प्राथमिकता प्राप्त और उपेक्षित क्षेत्रों के छोटे ऋणकर्ताओं को जिनमें तकनीशियन और इंजीनियर आदि भी शामिल हैं, राष्ट्रीयकृत बैंकों से ऋण प्राप्त करने में आसानी हो जायगी।

राज्यों को विदेशी मुद्रा का नियतन

*441. **श्री मुरासौली मारन** : क्या वित्त मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राज्य सरकारों को अधिक मात्रा में विदेशी मुद्रा आवंटित करने का कोई प्रस्ताव है जिसे वे स्वयं ही विभिन्न परियोजनाओं पर खर्च कर सकेंगी ;

(ख) क्या किसी राज्य सरकार ने इस आशय का अनुरोध किया है, और

(ग) यदि हाँ, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

वित्त मन्त्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग). समय-समय पर कुछ राज्य सरकारों ने यह प्रश्न उठाया है। विदेशी

मुद्रा की वर्तमान कठिन स्थिति और विभिन्न स्रोतों से प्राप्त होने वाली सहायता के उपयोग के बारे में अपनायी जाने वाली पद्धतियों की जटिलताओं को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकारों को विदेशी मुद्रा का एकमुश्त आवंटन करना व्यवहार्य नहीं है। राज्य सरकारों से विदेशी मुद्रा के लिए जो अनुरोध प्राप्त होते हैं उन पर वर्तमान नीतियों के अनुसार ही विचार किया जाता है और जहां तक सम्भव होता है राज्य सरकारों की सहायता भी की जाती है।

जमा राशियों पर ब्याज की दर

*442. **श्री टी० एस० लक्ष्मणन्** : क्या वित्त मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बैंक दर में वृद्धि किए जाने के साथ-साथ जमा राशियों पर ब्याज की दर भी बढ़ाई गयी है, और

(ख) यदि हां, तो वृद्धि की प्रतिशतता क्या है ?

वित्त मन्त्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) जी, हां।

(ख) एक विवरण सभा की मेज पर रख दिया गया है।

विवरण

भारत के मुख्य अनुसूचित बैंकों में जमा रकमों पर ब्याज की दरें।

जमा की श्रेणी	पहली अप्रैल, 1970 से प्रभावी	11 जनवरी 1971 से प्रभावी
		(प्रति-वर्ष प्रतिशत)
चालू खाता तथा 14 दिनों तक जमा रकमें	कोई ब्याज नहीं	कोई ब्याज नहीं
बचत खाता	$3\frac{1}{2}$	4
15 दिनों से 45 दिनों तक जमा रकमों पर	दर $1\frac{1}{4}$ से अधिक नहीं	दर 2 प्रतिशत से अधिक नहीं
46 दिनों से 90 दिनों तक जमा रकमों पर	$2\frac{1}{2}$	3
91 दिन या उससे अधिक लेकिन छः माह से कम जमा पर	4	$4\frac{1}{4}$
6 महीने या उससे अधिक लेकिन 9 महीने से कम जमा पर	$4\frac{1}{2}$	$4\frac{3}{4}$

जमा की श्रेणी	पहली अप्रैल, 1970 से प्रभावी	11 जनवरी, 1971 से प्रभावी
	(प्रति वर्ष प्रतिशत)	
9 महीने या उससे अधिक लेकिन 1 वर्ष से कम जमा पर	5	$5\frac{1}{4}$
एक वर्ष या उससे अधिक लेकिन 2 वर्ष से कम	$5\frac{1}{2}$	6
दो वर्ष या उससे अधिक लेकिन तीन वर्ष तक जिसमें तीन वर्ष की अवधि शामिल है	6	$6\frac{1}{2}$
तीन वर्ष से अधिक लेकिन 5 वर्ष तक की जमा रकमों पर जिसमें 5 वर्ष की अवधि भी शामिल है	$6\frac{1}{2}$	7
5 वर्ष से अधिक की जमा रकमों पर	$6\frac{3}{4}$ (6 वर्ष तक जिसमें 6 वर्ष शामिल हैं) 7 (6 वर्ष से अधिक पर)	$7\frac{1}{4}$

रिजर्व बैंक आफ इण्डिया में हिन्दी का प्रयोग

*443. **श्री एस० सी० सामन्त :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रिजर्व बैंक आफ इण्डिया ने बैंक में राजभाषा में आये पत्रों का उत्तर देने के मामले पर पुर्नविचार किया है;

(ख) यदि हाँ, तो हिन्दी का काम निपटाने के लिए क्या अपेक्षित व्यवस्था बैंक में अब विद्यमान है और यदि हाँ तो किस प्रकार की और किस सीमा तक; और

(ग) क्या अन्य बैंकों में भी ऐसी ही सुविधाएँ उपलब्ध हैं ?

वित्त मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) जी, हां।

(ख) जी, हां। भारतीय रिजर्व बैंक के लोक लेखा विभाग में इस बात की व्यवस्था की जा चुकी है कि जब कभी आवश्यक हो तो आदान/वितरण अधिकारियों के हस्ताक्षरों के नमूने हिन्दी में रखे जाएं और उन चैकों को स्वीकार किया जाए और पास किया जाए जिन पर चैक काटने वाले के अथवा चैक की रकम पाने वाले के पृष्ठांकन हिन्दी में हों। इसके अतिरिक्त चैक के साथ

लेन देन करने के लिए जनता को जिन प्रमाणिक पत्रों (फार्मों) की जरूरत पड़ती है वे भी जब हिन्दी में मांगे जाते हैं, तो उन्हें उपलब्ध किया जा रहा है।

(ग) वाणिज्यिक बैंकों ने सामान्यतः ऐसे कदम उठाये हैं जिनसे प्रपत्र (फार्म), पुस्तिकाएं (पैम्फलेट) और अन्य साहित्य का प्रयोग अंग्रेजी के अतिरिक्त हिन्दी में और/अथवा अन्य प्रादेशिक भाषाओं में भी किया जा सके।

ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा कृषि ऋण

*** 444. श्री विश्वनाथ झुंझनवाला :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाएं ग्रामीण क्षेत्रों की कृषि ऋण की आवश्यकताओं को पूर्णतः पूरा करने में समर्थ हैं;

(ख) किन क्षेत्रों में ये शाखाएं ऐसी आवश्यकताओं को पूरा करने में समर्थ नहीं हैं, और

(ग) किन क्षेत्रों में दिए गये ऋणों को नियमित रूप से नहीं लौटाया जा रहा है ?

वित्त मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) जी, नहीं। कृषि ऋण की आवश्यकता बहुत बड़ी है और राष्ट्रीयकृत बैंकों की देहाती क्षेत्रों की शाखाओं से यह आशा नहीं की जा सकती है कि वे स्वयं इन आवश्यकताओं को पूर्णतः पूरा करने में समर्थ हैं,

(ख) भाग (क) के उत्तर को देखते हुए यह प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

(ग) ऋणों की नियमित अथवा अनियमित वापसी कई कारणों पर निर्भर है और यह नहीं कहा जा सकता कि किसी विशेष क्षेत्र से ही अनियमित वापसी होती है

अमरीकी डालर का रुपये में मूल्य

*** 445. श्री राजदेव सिंह :** क्या वित्त मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को ज्ञात है कि खुले बाजार में और चोरबाजार में अमरीकी डालर के रुपयों में वर्तमान मूल्य से कठिनाइयां पैदा हो रही हैं; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने डालरों में चोरबाजारी समाप्त करने के लिए क्या कार्यवाही की है अथवा करने का विचार है ?

वित्त मन्त्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) और (ख). सम्भवतः माननीय सदस्य का संकेत विदेशी मुद्रा के कथित अनधिकृत लेन-देनों और सरकारी विनिमय दर तथा खुले बाजार में प्रचलित विनिमय दरों के बीच बताए गए अन्तर की ओर है। सभी अधिकृत लेन-देन सरकारी विनिमय दर के आधार पर ही किए जाते हैं। गैर सरकारी विनिमय दरों का सम्बन्ध ऐसे लेनदेनों से होता है, यदि कोई हों, जो विदेशी मुद्रा नियन्त्रण विनियमों का उल्लंघन करके किए जाते हैं। देश

के विदेशी मुद्रा सम्बन्धी समूचे लेन-देनों के संदर्भ में इस प्रकार के अवैध लेन-देन निश्चय ही इक्का-दुक्का तथा बहुत ही थोड़ी संख्या में होते हैं।

सरकार के प्रवर्तन अधिकारी इस सम्बन्ध में निरन्तर जागरूक रहते हैं और जो भी मामले उनकी नजर में आते हैं वे उनके बारे में कार्यवाही करते हैं। कानून के वर्तमान उपबन्धों को सुदृढ़ बनाने के लिए कुछ संवैधानिक उपायों पर भी विचार किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय स्तर की पुस्तकों का राजसहायता प्राप्त प्रकाशन

* 446. **श्री कमल मिश्र मधुकर :**
श्री अमर नाथ चावला :

क्या शिक्षा और समाज कल्याण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने विश्वविद्यालय स्तर की पुस्तकों के प्रकाशन के लिए राज-सहायता देने का कोई योजना लागू की है ;

(ख) किन-किन विषयों पर अब तक उक्त पुस्तकें प्रकाशित की गई हैं और अब तक कितनी पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं;

(ग) योजना की मुख्य बातें क्या हैं ; और

(घ) सरकार द्वारा इस योजना पर प्रतिवर्ष कितना खर्चा किया जाएगा और क्या इस प्रयोजन के लिए नियत की गई राशि पर्याप्त है ?

शिक्षा और समाज कल्याण मन्त्रालय तथा संस्कृति विभाग में उपमन्त्री (श्री डी० पी० यादव) :(क) जी हाँ।

(ख) और (ग) विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है। [**मंत्रालय में रखा गया। देखिए संख्या एल० टी०** 385/71]

(घ) इस योजना को अमल में लाने के लिए, चौथी पंचवर्षीय योजना में तीन करोड़ रुपये की और 1971-72 के बजट प्राक्कलनों में 10.00 लाख रुपये की व्यवस्था है। प्रत्येक वर्ष के लिए व्यवस्था, खर्च की गई राशि के अनुसार साल-दर-साल के आधार पर की जाएगी।

Proposal to Develop New Places as Tourist Centres in Madhya Pradesh.

* 447. **Shri G. C. Dixit** : Will the Minister of **Tourism and Civil Aviation** be pleased to state :

(a) whether Government propose to develop some places as tourist Centres in Madhya Pradesh during the current year ; and

(b) if so, the names thereof, district-wise ?

The Minister of Tourism and Civil Aviation (Dr. Karan Singh) : (a) & (b) . Yes, Sir. Tourist facilities will be provided at Khajuraho, Kanha-Kisli National Park Sanchi and Bhopal.

Assistance to Malaysian Air Service by Air India

*448. **Shri Bibhuti Mishra :** Will the Minister of **Tourism and Civil Aviation** be pleased to state :

(a) whether Air India has made an offer to help the Malaysian Air Service ; and

(b) if so, the nature of assisstance to be provided ?

The Minister of Tourism and Civil Aviation (Dr. Karan Singh) : (a) and (b) . In response to request made by the Government of Malaysia, an officer each from Air-India and Indian Airlines were deputed to Malaysia to assist the Malaysian Government to prepare a blue print for the establishment of a national airline. The officers have submitted their report which is under the consideration of the Malaysian Government. Air-India has also expressed its willingness to render such technical and managerial assistance to the Malaysian airlines as may be required.

बिजली गिरने के कारण इण्डियन एयरलाइन्स बोइंग 737 विमान का क्षतिग्रस्त होना

* 449. **श्री डा० कर्णी सिंह : क्या पर्यटन और नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इण्डियन एयरलाइन्स का एक बोइंग 737 विमान बिजली गिरने के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था तथा उड़ान के बीच उसके दबाव यंत्र ने भी काम करना बन्द कर दिया था ; और

(ख) यदि हां, तो इसका क्या कारण है कि विमान की बोंडिंग, जो बिजली गिरने के खतरे से विमानों की रक्षा करती है समुचित रूप से नहीं की गई थी ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) इस मामले में नागर विमानन विभाग द्वारा की गयी छान-बीन से विमान पर बिजली गिरने का कोई प्रमाण नहीं मिलता ।

(ख) विमान की 'बोंडिंग' में कोई खराबी नहीं थी ।

केरल की यात्रा करने वाले विदेशी पर्यटक

*450. **श्रीमती भार्गवी तनकप्पन : क्या पर्यटन और नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1969-70 और 1970-71 में कितने विदेशी पर्यटकों ने केरल की यात्रा की ; और

(ख) इसके परिणामस्वरूप कितनी विदेशी मुद्रा प्राप्त हुई ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) और (ख). क्योंकि आने वाले पर्यटकों के आंकड़े और विदेशी मुद्रा की आय का अनुमान अखिल-भारतीय आधार पर लगाया जाता है, न कि राज्यवार आधार पर, अत: पिछले दो वर्षों में कितने पर्यटकों ने केरल की यात्रा की, और उनसे कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की गई इस सम्बन्ध में विशिष्ट रूप से कोई सूचना उपलब्ध नहीं है।

कोकिंग कोयला वाली कोयला खानों को दिया गया ऋण

887. **श्री इन्द्रजीत मल्होत्रा** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि कोकिंग कोयला उत्पादन करने वाली उन कोयला खानों की संख्या क्या है, जिन्हें ऋण के रूप में 1969 से लेकर अब तक पांच लाख रुपये से अधिक की राशि दी गई है ?

वित्त मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : कोकिंग कोयला उत्पादन करने वाली कोयला खानों को दिये जाने वाले बैंक अग्रिमों के आंकड़े अलग से नहीं रखे जाते।

पश्चिम बंगाल और बिहार में कोयला खानों के विकास हेतु ऋण

1888. **श्री इन्द्रजीत मल्होत्रा** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पश्चिम बंगाल और बिहार में कोयला खानों के विकास हेतु अपेक्षित ऋणों के कोई मामले विचाराधीन हैं ;

(ख) यदि हां, तो विचाराधीन ऐसे मामलों की संख्या क्या है और वे कितनी धनराशि के लिए हैं ; और

(ग) यह मामले कब से विचाराधीन हैं और इन ऋणों के दिए जाने की अवस्था में कितने और लोगों को प्रत्यक्षतया अथवा अप्रत्यक्षतया रोजगार मिलेगा ?

वित्त मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) से (ग). सूचना तत्काल उपलब्ध नहीं है, जैसे ही उपलब्ध होगी सभा पटल पर रख दी जाएगी।

आयकर के बकाया की वसूली हेतु नीलामी

1889. **श्री चन्द्र शेखर सिंह** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कुछ पार्टियों से हजारों रुपयों के आयकर की बकाया राशि की वसूली हेतु कर वसूली अधिकारी, नई दिल्ली ने 3 मार्च, 1971 को एक नीलामी भी की थी ;

(ख) यदि हां, तो मांग का वास्तविक स्वरूप क्या था, पार्टियों के नाम क्या हैं और इस सार्वजनिक नीलामी से कितनी धनराशि प्राप्त हुई ; और

(ग) अधिकारियों द्वारा यह तरीका अपनाने के क्या कारण हैं और क्या अपनी बकाया राशियों की किश्तों में अदायगी करने के लिए पार्टियों ने अतिरिक्त समय की मांग की थी ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश) : (क) जी, हां। जायदाद सं० 112-113, गौतम नगर, नई दिल्ली की नीलामी की गई थी।

(ख) सूचना नीचे दिये अनुसार है :

पार्टी का नाम	मांग का वास्तविक स्वरूप	इस सार्वजनिक नीलामी में प्राप्त वास्तविक रकम
1	2	3
श्री एम० आर० धवन मालिक, मैसर्स एम० आर० धवन एण्ड कं०, आसफ अली रोड, नई दिल्ली	31 मार्च, 1970 को 33,63,119 रु० की आयकर बकाया	कुछ नहीं, क्योंकि 1,25,000 रु० की सर्वाधिक बोली, अपर्याप्त होने के कारण, कर वसूली अधिकारी द्वारा रद्द कर दी गई।

(ग) निर्धारिती कई वर्षों से आय-कर की भारी बकाया की अदायगी नहीं कर रहा था। उसने आयकर की बकाया की अदायगी को किस्तों में देने की भी आय-कर प्राधिकारियों से कोई प्रार्थना नहीं की थी ; इसके विपरीत आयकर अधिकारियों ने कई बार उसके साथ बकाया की वसूली से संबंधित प्रश्न पर विचार-विमर्श किया, लेकिन निर्धारिती ने सहयोग नहीं दिया। जायदाद की बिक्री शुरू में 17 नवम्बर, 1970 को की जानी थी, परन्तु इसे निर्धारिती की विशिष्ट प्रार्थना पर स्थगित रखा गया, क्योंकि निर्धारिती स्वयं बातचीत द्वारा जायदाद की बिक्री के लिए खरीदार ढूंढ़ना चाहता था। लेकिन इस संबंध में न तो निर्धारिती द्वारा कोई खास कोशिश की गई और न ही कोई ठोस प्रस्ताव सामने रखा गया। इस प्रकार राजस्व के हित में नीलामी द्वारा बिक्री का तरीका अपनाना पड़ा।

उड़ीसा के जिला बालासौर में चांदवाली में पत्तन निर्माण की व्यवस्था

1890. **श्री अर्जुन सेठी** : क्या नौवहन और परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत के पूर्वी भाग में परिवहन सुविधाओं और नौसेना को मजबूत बनाने

के उद्देश्य से उड़ीसा के बालासौर जिले में चांदवाली में एक पत्तन के निर्माण की कोई व्यवस्था है ; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

संसदीय कार्य तथा नौवहन और परिवहन मंत्री (श्री राजबहादुर) : (क) और (ख). बड़े पत्तनों के अलावा अन्य पत्तनों के विकास का कार्यकारी दायित्व संबंधित सरकार का है । परन्तु प्रत्येक समुद्री राज्य में एक चुने हुये पत्तन के विकास के लिए केन्द्रीय प्रयोजित योजना के अन्तर्गत भारत सरकार राज्य सरकारों को ऋण देती है । इस प्रयोजन से उड़ीसा में गोपालपुर को चुना गया है। जहां तक चांदवाली का संबंध है उड़ीसा सरकार ने सूचित किया है कि उन्होंने इस पत्तन के विकास के लिये कोई व्यवस्था नहीं की है ।

दिल्ली में शिक्षा सुविधाएं

1891. **श्री एच० के० एल० भगत :** क्या **शिक्षा और समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार दिल्ली में स्कूल और कालिज की शिक्षा सुविधाओं की बढ़ती हुई आवश्यकता से अवगत है ; और

(ख) यदि हां, तो उक्त आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये भविष्य के लिये क्या योजनाएं हैं ?

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय तथा सँस्कृति विभाग में उप-मंत्री (श्री डी० पी० यादव) : (क) और (ख). अपेक्षित सूचना दिल्ली के शैक्षिक प्राधिकारियों से एकत्रित की जा रही है और यथा शीघ्र सभा-पटल पर रख दी जाएगी ।

जीवन बीमा निगम में कार्य कर रहे स्नातकों द्वारा विशेष वेतन वृद्धियों की मांग

1892. **श्री चन्द्रशेखर सिंह :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जीवन बीमा निगम में कार्य करने वाले स्नातक निगम से अपने लिए विशेष वेतन वृद्धियों की मांग करते रहे हैं ;

(ख) यदि हां, तो इस मांग को स्वीकार न करने के क्या कारण हैं ; और

(ग) सरकार द्वारा इस मांग को मान लेने पर प्रति वर्ष कितना आवर्ती व्यय होगा ?

वित्त मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) तथा (ख). जीवन बीमा निगम, सहायकों के संवर्ग में भरती किए गए स्नातकों को, सेवा में स्थायीकरण के समय, दो विशेष वेतन वृद्धियाँ देता रहा है । लेकिन, इस प्रकार की वेतन वृद्धि उन कर्मचारियों को नहीं दी गई जिन्होंने सेवा में आने के बाद

डिग्री परीक्षा पास की, क्योंकि ऐसा महसूस किया गया कि इस प्रकार का प्रोत्साहन देने से विशेषतया परीक्षा के महीनों में अनुपस्थित रहने की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलेगा। हाल ही में जीवन बीमा निगम ने अंशकालिक अध्ययन जारी रखने पर किसी प्रकार का प्रतिबन्ध नहीं लगाने के संबंध में नीति विषयक निर्णय किया है। इस निर्णय को ध्यान में रखते हुए निगम ने अब यह निर्णय किया है कि 1-4-71 से उन सभी कर्मचारियों को वेतन वृद्धियां दी जायेंगी जिन्होंने सहायकों के ग्रेड में रहते हुए 1-9-1956 के बाद स्नातक स्तर की परीक्षा उत्तीर्ण की और जिन्हें स्नातक बन जाने पर विशेष वेतन वृद्धियां नहीं मिली थीं। लेकिन, यह लाभ उन कर्मचारियों को नहीं मिलेगा जिन्होंने डिग्री की शैक्षणिक योग्यता अनुभागाध्यक्षों, उच्चतर ग्रेड के सहायकों, अधीक्षकों के जैसे उच्चतर संवर्गों में पदोन्नत किये जाने के बाद प्राप्त की हो।

(ग) (लगभग) 25 लाख रुपये प्रतिवर्ष।

अन्तर्राष्ट्रीय जहाजरानी कम्पनियों द्वारा भाड़े की दरों में वृद्धि रखने हेतु कानून

1893. **श्री चन्द्र शेखर सिंह :** क्या **नौवहन और परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन अन्तर्राष्ट्रीय जहाजरानी कम्पनियों द्वारा, जिनके जहाज भारतीय बन्दरगाहों तक आते हैं, भाड़े की दरों में वृद्धि करने पर नियन्त्रण करने के विचार से सरकार का कोई कानून बनाने का विचार है ; और

(ख) क्या जहाजरानी कम्पनियों के सम्मेलन द्वारा भाड़े में 15 प्रतिशत अतिरिक्त वृद्धि करने के विचार के कारण ऐसा करना आवश्यक हो गया है ?

संसदीय कार्य तथा नौवहन और परिवहन मंत्री (श्री राज बहादुर) : (क) इस समय ऐसे कानून बनाने का कोई विचार नहीं है।

(ख) भारत यू० के० सम्मेलन द्वारा 15 प्रतिशत की प्रस्तावित वृद्धि पर एक सरकारी शिष्ट मंडल हाल में इस महीने की 11 और 12 तारीख को विचार विमर्श कर रहा है और इन विचार विमर्शों के परिणाम की प्रतीक्षा की जा रही है।

Grants to Universities in Madhya Pradesh for Library Building

1894. **Dr. Laxminarain Pandey :** Will the Minister of **Education and Social Welfare** be pleased to state :

(a) the names of the Universities in Madhya Pradesh which have requested the University Grants Commission to give grants for their library buildings ;

(b) the action taken by the Commission on the said applications ; and

(c) since when such cases are pending with the Commission ?

The Deputy Minister in the Ministry of Education and Social Welfare and in the Department of Culture (Shri D. P. Yadav) : (a) to (c). A statement showing the grants

sanctioned and paid to the Universities in Madhya Pradesh by the University Grants Commission for the construction of library buildings is attached.

No proposal in this regard is pending with the Commission.

Statement

S. No.	Name of the University	Approved cost	U.G.C. share	Grants paid upto 4-6-71
1	2	3	4	5
		Rs	Rs	Rs
1.	Indore University	15,59,250	10,00,000	1,50,000
2.	Jabalpur University	8,34.336	5,56.224	5,00,000
3.	Jiwaji University	*11,09,900	*6,21,000	*50,000
4.	Ravishankar University	6,50,000	4,35,000	4,30,000
5.	Sagar University	5,72,600	3,72,600	3,72,600
6.	Vikram University	8,41,488	4,20,744	4,15,000

भारत और रूस के बीच सहयोग से सम्बन्धित करार के अन्तर्गत भारतीय जनों का रूस का दौरा

1895. **श्री सरजू पांडे :** क्या **शिक्षा और समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विज्ञान प्रोद्योगिकी और संस्कृति के क्षेत्र में भारत सरकार और रूस के बीच 12 फरवरी, 1960 को हुए सहयोग संबंधी करारों के अन्तर्गत इसके लागू होने की तिथि से भारत से कितने स्नातक-पूर्व विद्यार्थी, स्नातकोत्तर विद्यार्थी शोध कर्त्ता (डाक्टरी) और डाक्टरोत्तर शोध-कर्त्ता रूस गये ;

(ख) गत तीन वर्षों में वर्षवार और राज्यवार ऐसे कितने व्यक्ति रूस गए ; और

(ग) गत तीन वर्षों में, वर्षवार कितने-कितने व्यक्ति वहां कितनी कितनी अवधि तक रहे, विभिन्न विश्वविद्यालयों से गए व्यक्तियों की संख्या कितनी है, कृषि विषयों के मामले में फसलवार आंकड़ों का ब्यौरा क्या है ?

* Includes purchase of furniture.

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय तथा संस्कृति विभाग में उपमंत्री (श्री डी०पी० यादव) :

(क)	स्नातक पूर्व छात्र	कोई नहीं
	स्नातकोत्तर छात्र	4
	शोध कर्त्ता, (डाक्टरी)	233
	शोध कर्त्ता उच्च विशिष्टता के हेतु	57
	रूसी अनुवाद प्रविधियों में प्रशिक्षण	3
		297

(ख) विवरण संलग्न है। [(**विवरण 1**) **ग्रंथालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी०** 386/71]

(ग) विवरण संलग्न है। [(**विवरण 2**) **ग्रंथालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी०** 386/71]

पालम हवाई अड्डे पर निषिद्ध माल का पकड़ा जाना

1896. **श्री दलीप सिंह** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सीमा शुल्क अधिकारियों ने जनवरी, 1971 में पालम हवाई अड्डे पर कुछ ऐसा निषिद्ध माल पकड़ा था जिसे नाइजीरिया राजनयिक मिशन के एक अधिकारी ने आयात किया था ;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने उस आयातकर्ता के विरुद्ध क्या कार्यवाई की है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मन्त्री (श्री के० आर० गणेश) : (क) और (ख). पालम हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क कर्मचारियों द्वारा जनवरी 1971 के महीने में कुछ माल पकड़ा गया था। इस मामले में नाइजीरिया के उच्च आयोग ने भारत सरकार को पूरा सहयोग दिया और सम्बन्धित अधिकारी ने उसके कुछ ही समय बाद भारत छोड़ दिया है।

प्रायोगिक परिवार योजनाओं के लिए विश्व बैंक की सहायता

1897. **श्री मुहम्मद शरीफ** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विश्व बैंक द्वारा भारत के कुछ राज्यों में प्रायोगिक परिवार परियोजनाओं के लिए सहायता देने की कोई पेशकश की गई थी ; और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ?

वित्त मन्त्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) तथा (ख). उत्तर प्रदेश तथा मैसूर के चुने हुए जिलों में विश्व बैंक से सम्बद्ध अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ से प्रस्तावित सहायता के द्वारा परिवार नियोजन कार्यक्रम की एक जोरदार प्रायोजना शुरू करने के प्रश्न पर विचार किया जा रहा है। इस प्रायोजना के ब्यौरे को अभी अन्तिम रूप नहीं दिया गया है।

भारत में एल० एस० डी० के बिक्री के अड्डे

1898. **श्री सी० चित्ति बाबू** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नवयुवकों को एल० एस० डी० बेचने वाले अड्डे विभिन्न नगरों में स्थापित हो गए हैं और हमारे देश में नारकोटिक्स का व्यापार बढ़ता जा रहा है ;

(ख) क्या नारकोटिक्स औषधियों के इस व्यापार की अन्तर्राष्ट्रीय शाखाएं हैं ; और

(ग) इस बुराई को दूर करने के लिए सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश) : (क) सरकार के पास ऐसी कोई जानकारी नहीं है कि नवयुवकों को एल० एस० डी० बेचने के लिए इस देश में विभिन्न शहरों में अड्डे स्थापित हो गये हैं।

नारकोटिक्स के व्यापार के बारे में (एल० एस० डी० एक साइकोट्रोपिक पदार्थ है), विभिन्न प्रवर्तन एजेन्सियों से प्राप्त पिछले चार वर्षों की रिपोर्टों से यह विदित होता है कि नारकोटिक्स के व्यापार में वृद्धि हो रही है।

(ख) जी, हाँ। नारकोटिक्स का व्यापार अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर फैला हुआ है।

(ग) नारकोटिक्स के अवैध व्यापार को रोकने से सम्बन्धित राज्य सरकार तथा केन्द्रीय सरकार, दोनों की सारी प्रवर्तन एजेन्सियां, जैसे राज्य आबकारी विभाग, पुलिस, सीमा शुल्क तथा केन्द्रीय उत्पादन शुल्क विभाग, केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, सीमा शुल्क सुरक्षा दल तथा रेलवे सुरक्षा दल सतर्क हैं। अफीम उगाने वाले क्षेत्रों में निवारक उपायों को दृढ़ कर दिया गया है। स्थल सीमाओं तथा समुद्र-तट के सुगमता से पार कर सकने योग्य क्षेत्रों पर तस्कर आयात-निर्यात विरोधी सामान्य उपायों को भी सुदृढ़ बना दिया गया है

हरिजन तथा जन जातीय छात्रों को छात्रवृत्तियां

1899. **श्री जी० वाई० कृष्णन्** : क्या शिक्षा और समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान हरिजन और वनों के जन जातीय छात्रों को दी गई छात्रवृत्तियों की राशि और संख्या व्यक्तिगत छात्रों के संदर्भ में कम हो गई है ; और

(ख) यदि हां, तो किस सीमा तक कमी हुई है ?

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय में उपमन्त्री (श्री के० एस० रामास्वामी) : (क) जी नहीं। अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के सभी छात्रों को (चाहे उनकी संख्या कितनी भी क्यों न हो) मैट्रिक-उपरांत छात्रवृत्ति योजना के अधीन उस योजना में दी गई दरों के अनुसार छात्र-वृत्तियां दी जानी होती हैं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

पश्चिम बंगाल में स्थायी दायित्व शिविरों की शोचनीय दशा

1900. **श्री एस० सी० सामन्त** : क्या **शिक्षा और समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पश्चिम बंगाल में पुनर्वास कार्य समीक्षा समिति ने, स्थायी दायित्व शिविरों की शोचनीय दशा के कारण उनमें रहने वाले शरणार्थियों की दयनीय स्थिति की ओर सरकार का ध्यान दिलाया है ;

(ख) शिविरों को रहने योग्य स्थान न बनाए जाने के क्या कारण हैं ; और

(ग) उन शिविरों में तत्काल मरम्मत करने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ?

शिक्षा और समाज कल्याण मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री के० एस० रामास्वामी) : (क) जी नहीं। समिति की रिपोर्ट अब तक पेश नहीं की गई है।

(ख) तथा (ग). केन्द्रीय सरकार वार्षिक मरम्मत के लिए धन देती है और जब कभी राज्य सरकार, जिस पर इन गृहों को चलाने और अनुरक्षण का मुख्य उत्तरदायित्व है, चाहती है केन्द्रीय सरकार आवधिक और तत्कालिक मरम्मत के लिए भी अतिरिक्त धन देती है।

दिल्ली उच्च न्यायालय के नए भवन के स्थापना स्थल पर पुरातात्विक खोज

1901. **श्री राज सिंह देव** : क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जिस स्थान पर दिल्ली उच्च न्यायालय के नये भवन का निर्माण किया जाना है उस स्थान पर महत्वपूर्ण पुरातात्विक खोज की गई है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का उस स्थान पर और खुदाई करने का विचार है ?

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय तथा संस्कृति विभाग में उपमंत्री (श्री डी० पी० यादव) : (क) जी, हाँ।

(ख) यह निर्णय किया गया है कि स्थल की और अधिक खुदाई की जाय और यह कार्य 15 जुलाई, 1971 तक समाप्त किया जाय। तथापि, इस समय स्थल सेना प्राधिकारियों के कब्जे में है और इस स्थल को खाली करवाने के लिए रक्षा मंत्रालय से पत्र-व्यवहार किया गया है। जैसे ही सेना प्राधिकारी यह स्थल खाली करेंगे वैसे ही खुदाई का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

सरकारी उपक्रमों में पर्यवेक्षी कर्मचारियों को अंतरिम राहत की अदायगी

1903. **श्री इन्द्रजीत गुप्त :** क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकारी उपक्रमों के प्रबन्धकों को कोई ऐसा निर्देश जारी किया गया था कि केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को दी गई अंतरिम राहत उपक्रमों के पर्यवेक्षी कर्मचारियों (प्रति मास 1250 रुपये तक वेतन पाने वालों) को दी जाय ;

(ख) यदि हाँ, तो उक्त निर्देश की मुख्य बातें क्या हैं ;

(ग) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि इस सम्बन्ध में एकरूपता नही बरती जा रही है और बहुत से मामलों में सम्बद्ध कर्मचारियों को यह अंतरिम राहत 1 अप्रैल, 1970 से न दी जाकर बाद की तिथि या तिथियों से दी जा रही है जिसके कारण कर्मचारियों में गम्भीर असन्तोष उत्पन्न हो रहा है ; और

(घ) क्या इस बारे में कोई कार्यवाही की जाएगी ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश) : (क) और (ख) . अंतरिम सहायता मंजूर किए जाने के संबंध में तीसरे वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिशें और उनके संबंध में सरकार द्वारा किए गए निर्णय केवल केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों पर लागू होते हैं। इसलिए इस विषय में, सरकारी उद्यमों के प्रबन्धकों के नाम कोई अनुदेश जारी करने का सवाल पैदा ही नहीं होता।

(ग) चूंकि, केन्द्रीय सरकार के उपक्रमों के पर्यवेक्षी कर्मचारियों से भिन्न कर्मचारियों के वेतन और भत्तों का सिलसिला, वेतन बोर्डों और श्रमिक न्यायाधिकारणों के पंचाटों, द्विपक्षीय करारों, त्रिपक्षीय करारों आदि से जुड़ा होता है और अन्य कर्मचारियों के वेतन और भत्ते, सम्बद्ध उद्यमों के प्रबन्धकों द्वारा निर्धारित किए जाते हैं इसलिए विभिन्न कम्पनियों द्वारा दिए जाने वाले भत्तों में कुछ भिन्नता होना अनिवार्य है और यह भिन्नता केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के लिये अन्तरिम सहायता मंजूर किए जाने के बाद कुछ उद्यमों द्वारा अपने कर्मचारियों के लिए किसी न किसी रूप में दिए जाने वाले अतिरिक्त भत्तों के सम्बन्ध में भी है।

(घ) जी, नहीं।

केंद्रीय सरकार के मेहतरों, फराशों और चौकीदारों आदि को समयोपरि भत्ता

1904. **श्री इन्द्रजीत गुप्त :** क्या **वित्त** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सरकार के अधीन कार्य कर रहे मेहतरों, फराशों और चौकीदारों को समयोपरि भत्ता देने के बारे में उनके साथ समान वेतनमान पाने वाले अन्य चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों से भिन्न व्यवहार किन परिस्थितियों में किया जा रहा है ;

(ख) क्या यह भेदभाव समयोपरि भत्ते के बारे में वित्त मंत्रालय के परिपत्र दिनांक 13

दिसम्बर, 1965 तथा 13 फरवरी, 1970 के अनुकूल है; और

(ग) संकटकालीन स्थिति की घोषणा को वापिस ले लिए जाने के उपराँत भी समयोपरि भत्ते की "आपातकालीन" दरों को जारी रखने के क्या कारण हैं ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश) : (क) तथा (ख). कार्यालयों में काम करने वाले झाड़ूकशों, फराशों और चौकीदारों तथा श्रेणी IV के सभी नियमित कर्मचारियों को, इस समय, समयोपरि भत्ते की अदायगी के मामले में समकक्ष माना जाता है।

(ग) प्रशासनिक व्यय में किफायत के तौर पर, समयोपरि भत्ते की संशोधित दरें अभी भी लागू रखी गई हैं। उनकी समीक्षा वेतन आयोग की रिपोर्ट प्राप्त होने पर की जाएगी।

पारादीप ट्रस्ट बोर्ड द्वारा जनरल कारगा बर्थ के निर्माण के लिए प्राप्त निविदाएं

1905. **श्री डी० के० पंडा** : क्या **नौवहन और परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जनरल कारगा बर्थ के निर्माण के लिए पारदीप ट्रस्ट बोर्ड को कितनी निविदाएं प्राप्त हुई हैं ;

(ख) क्या निविदा देने वालों में उड़ीसा कन्सट्रक्शन कारपोरेशन भी एक है ; और

(ग) क्या सरकार ने निर्माण कार्य उड़ीसा कन्सट्रक्शन कारपोरेशन को सौंपने का निर्णय किया है ?

संसदीय कार्य तथा नौवहन और परिवहन मंत्री (श्री राजबहादुर) : (क) सामान्य माल घाट के निर्माण के लिए पारादीप पत्तन न्यास को कुल मिलाकर 4 निविदाएं प्राप्त हुई हैं।

(ख) जी हाँ।

(ग) जी नहीं।

राष्ट्रीयकृत बैंकों में सेवा निवृत्त अधिकारी

1906. **श्री बी० के० मोदक** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीयकृत बैंकों में कितने अधिकारियों को सेवा निवृत्ति के बाद पुनः नियुक्त किया गया है ;

(ख) उनको पुनः नियुक्त करने के क्या कारण हैं ;

(ग) इस कार्यवाही के विरोध में सरकार को कोई ज्ञापन प्राप्त हुआ है ; और

(घ) यदि हां, तो ज्ञापन के आधार पर क्या कार्यवाही की गई है ?

वित्त मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) राष्ट्रीयकृत बैंकों में इस समय 61 अधिकारी ऐसे हैं जिन्हें सेवा निवृत्ति के बाद पुनः नियुक्त किया गया है।

(ख), से (घ). इन अधिकारियों की पुनर्नियुक्ति के विरुद्ध सरकार को कोई ऐसा ज्ञापन प्राप्त नहीं हुआ है यद्यपि कुछ राष्ट्रीयकृत बैंकों को ऐसे अभ्यावेदन जरूर मिले हैं। राष्ट्रीयकरण के बाद से बड़े पैमाने पर शाखाओं के विस्तार कार्यक्रम के हाथ में लेने और ऋण पद्धति में विविधता हो जाने के कारण भी प्रशिक्षित और अनुभवी व्यक्तियों की कमी, एक गम्भीर समस्या बन गई है। इन बैंकों के बढ़ते हुए क्रियाकलापों के साथ-साथ यह अनिवार्य हो जाता है कि बैंकों को विशिष्ट ज्ञान और सुविज्ञता रखने वाले अधिकारी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हों। बैंकों में विभिन्न प्रशिक्षण योजनाओं और भर्ती की प्रक्रिया की ओर भी ध्यान दिया जा रहा है परन्तु इस बीच, काम के हित में, बैंक के कुछ सेवा निवृत्त अधिकारियों को पुनः नियुक्त करना जरूरी हो गया है। बैंकों के निदेशकमण्डल, कर्मचारियों से सम्बद्ध सभी मामलों को निपटाने में सक्षम हैं। ये बोर्ड सतर्क हैं और केवल चुने हुए मामलों में ही सेवावधि बढ़ाई जाती है या पुनः नियुक्ति की जाती है।

कोचीन शिपयार्ड में जहाजों का निर्माण

1907. **श्री एस० एम० कृष्ण :**

श्री पी० गंगदेव :

श्री मुहम्मद शरीफ :

क्या **नौवहन और परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने कोचीन शिपयार्ड में जहाजों का निर्माण प्रारम्भ करने के संबंध में कोई निर्णय किया है;

(ख) यदि हां, तो प्रत्येक वर्ष कितने जहाजों का निर्माण होगा, और

(ग) इस पर कितना व्यय आएगा ?

संसदीय कार्य तथा नौवहन और परिवहन मंत्री (श्री राज बहादुर) (क) जी हां। भारत सरकार ने 66000 डी. डब्लू. टी. जहाजों के लिए एक निर्माण गोदी और 85000 डी. डब्लू. टी. तक के जहाजों के लिए एक मरम्मत गोदी सहित कोचीन शिपयार्ड परियोजना मंजूर कर ली है। इस शिपयार्ड का निर्माण कार्य जारी है। इस शिपयार्ड पर बनने वाले प्रथम पोत की कील के 1974 के शुरू में रखे जाने की संभावना है।

(ख) उत्पादन लक्ष्य प्रतिवर्ष दो पोत है जो प्रत्येक 66000 डी. डब्लू. टी. के होंगे।

(ग) कोचीन शिपयार्ड परियोजना की अनुमानित लागत 45.42 करोड़ रु० है। अतः पोत-निर्माण (शिपयार्ड निर्माण से बिलकुल भिन्न) की ओर उसके लिए कार्मिकों को प्रशिक्षित करने की एक योजना का कार्यक्रम इस वर्ष के अंतिम भाग में बनाया जाएगा।

दिल्ली में उच्चतर माध्यमिक और प्राथमिक स्कूलों के अध्यापकों की मांगें

1908. **श्री एस० एम० बनर्जी :**

श्री अमरनाथ चावला :

क्या **शिक्षा और समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दिल्ली के उच्चतर माध्यमिक और प्राथमिक स्कूलों के अध्यापकों की मांगों पर विचार कर लिया गया है;

(ख) यदि हां, तो उन पर सरकार ने क्या निर्णय किया है; और

(ग) क्या उनके वेतन में वृद्धि करने के लिए कोई वित्तीय सहायता दी गई है ?

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय तथा संस्कृति विभाग में उपमंत्री (श्री डी०पी० यादव): (क) और (ख). दिल्ली में अध्यापकों के वेतनमान 27.5.70 से परिशोधित किये गये थे। इस संबंध में जो अभ्यावेदन और प्राप्त हुए हैं, वे सरकार के विचाराधीन हैं।

(ग) चूंकि दिल्ली में अध्यापकों के वेतन तथा भत्ते का खर्चा भारत की संचित निधि से पूरा किया जाता है अतः इस प्रयोजन के लिए दिल्ली प्रशासन को कोई वित्तीय सहायता देने का प्रश्न नहीं उठता।

वेतन आयोगों के पंचाटों के अनुसार केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को दी गई राशियाँ

1909. **श्री श्याम नन्दन मिश्र : क्या वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1965 से लेकर अब तक वेतन आयोगों ने पंचाटों के अनुसार केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को कितनी धनराशियां दी हैं; और

(ख) इन पंचाटों से जिन विभिन्न वर्गों के कर्मचारियों को लाभ हुआ, उनकी संख्या क्या है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश) : (क) और (ख). सरकार ने केन्द्रीय सरकार के सभी कर्मचारियों की वेतन रचना तथा सेवा की अन्य शर्तों के प्रश्न की समीक्षा करने के लिए 1965 के बाद केवल तृतीय वेतन आयोग नियुक्त किया है। तृतीय वेतन आयोग ने अन्तरिम सहायता के बारे में एक अन्तरिम रिपोर्ट पेश की है। तृतीय वेतन आयोग द्वारा की गई सिफारिश के अनुसार 1250 रु० तक प्रति मास वेतन पाने वाले केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों को विभिन्न वेतन श्रेणियों के अनुसार प्रति मास 15 रु० से 45 रु० तक की दरों से अंतरिम राहत सहायता 1 मार्च, 1970 से मंजूर की गई है। यह लाभ केन्द्रीय सरकार के नियमित और निर्माण कार्य—प्रभारित सभी ऐसे कर्मचारियों को मंजूर किया गया है जिनको मंहगाई भत्ता पाने का हक है और इन सब की संख्या लगभग 27 लाख है।

जीवन बीमा निगम द्वारा नई 'शताब्दी' पालिसी का आरम्भ किया जाना

1910. **श्री श्याम नन्दन मिश्र** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जीवन बीमा निगम ने 'शताब्दी' पालिसी नामक एक नई पालिसी आरम्भ की है; और

(ख) यदि हां, तो उक्त पालिसी की मुख्य बातें क्या हैं ?

वित्त मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण): (क) जीवन बीमा निगम ने 1-5-71 से घटती-बढ़ती ग्राय वाले लोगों के लिए "शताब्दी पालिसी" (Centenary Policy) नाम से एक नयी पालिसी चालू की है। यह पालिसी मूलतः ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए होते हुए भी इसे शहरी क्षेत्रों के लोगों को भी जारी किया जायेगा।

(ख) इस पालिसी की मुख्य विशेषता यह है कि यदि प्रीमियमों की ग्रदायगी में प्रथम दो वर्षों के बाद के तीन वर्षों के प्रत्येक खंड में एक से ग्रधिक बार चूक नहीं होती है तो पालिसी व्यपगत नहीं होने देकर उस हालत में चालू रखी जाती है, जब पालिसीधारी पालिसी के ग्रन्तर्गत ग्रगले प्रीमियमों की ग्रदायगी करता रहता है। बीमाकृत रकम में कितनी कमी की जायगी यह चूकों की संख्या पर निर्भर करता है।

सरकारी उपक्रमों द्वारा विज्ञापनों पर किया गया व्यय

1911. **श्री श्याम नन्दन मिश्र** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1968, 1969 ग्रौर 1970 में ग्रलग-ग्रलग सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा विज्ञापनों पर कुल कितनी राशि खर्च की गई है; ग्रौर

(ख) नवम्बर, 1970 से ग्रप्रैल, 1971 तक विज्ञापनों पर कितना धन खर्च किया गया है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० ग्रार० गणेश) : (क) ग्रौर (ख). प्राप्त सूचना के ग्रनुसार, केन्द्रीय सरकार के ग्रौद्योगिक ग्रौर वाणिज्यिक उपक्रमों ने 1968-69 में विज्ञापनों पर लगभग 557 लाख रुपया खर्च किया। चूंकि यह मामला उद्यमों के रोजमर्रा प्रशासन सम्बंधी कार्य-क्षेत्र का ही मामला है, इसलिए, सरकार इस सम्बंध में किये जाने वाले खर्च का कोई हिसाब नहीं रखती।

इन्डसट्रिग्रल डेवलपमेंट बैंक ग्राफ इण्डिया तथा इण्डसट्रिग्रल फाइनेंसियल कारपोरेशन ग्राफ इंडिया द्वारा किया गया पूंजी निवेश

1912. **श्री नरेन्द्र कुमार सांघी** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इन्डसट्रिग्रल डेवलपमेंट बैंक ग्राफ इंडिया तथा इन्डसट्रिग्रल फाइनेंस कारपोरेशन ग्राफ इंडिया ने राजस्थान में ग्रब तक कितना पूंजी निवेश किया है ग्रौर देश भर के पूंजी निवेश के साथ इसकी तुलनात्मक स्थिति क्या है;

(ख) इंडसट्रिग्रल फाइनेंस कारपोरेशन ग्राफ इंडिया ने कितने एककों को ऋण दिया है ग्रौर उनमें से कितने एकक उत्पादन के चरण पर हैं; ग्रौर

(ग) क्या इन्डसट्रिग्रल डेवलमेंट बैंक ग्राफ इण्डिया द्वारा राजस्थान स्टेट फाइनेंस कारपोरेशन को 1968–69 में ग्रपने ऋण पर लघु उद्योगों को पुनः धन देने की मंजूर की गई धनराशि गत वर्ष की तुलना में केवल लगभग 60 प्रतिशत है ग्रौर यदि हां, तो उसके कारण क्या हैं ?

वित्त मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) मांगी गयी सूचना संलग्न विवरण में दी गयी है।

(ख) राजस्थान में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने जिन 13 एककों की सहायता की है उनमें से 12 एककों में उत्पादन हो रहा है। शेष एक एकक को हाल ही में फरवरी, 1971 में वित्तीय सहायता मंजूर की गयी थी।

(ग) राजस्व वर्ष 1968-69 के दौरान भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा राजस्थान वित्तीय निगम को लघु उद्योगों को ऋण (जिसमें छोटे सड़क परिवहन संचालक शामिल हैं) देने के सम्बन्ध में मंजूर की गयी पुनर्वित्त सहायता की राशि 16.60 लाख रुपया थी। लेकिन 1967-68 में उपर्युक्त निगम ने भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से कोई पुनर्वित्त सहायता नहीं ली थी।

विवरण

सम्पूर्ण देश के औद्योगिक प्रतिष्ठानों तथा राजस्थान स्थित औद्योगिक प्रतिष्ठानों को, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा उनके प्रारम्भ अर्थात क्रमशः जुलाई, 1948 और जुलाई, 1964 से मार्च, 1971 के अन्त तक मंजूर की गयी तथा दी गयी वित्तीय सहायता का विवरण :

	सभी औद्योगिक प्रतिष्ठान	राजस्थान के औद्योगिक प्रतिष्ठान	(1) की तुलना में (2) का प्रतिशत
	(1)	(2)	(3)
		(लाख रुपयों में)	
भारतीय औद्योगिक वित्त निगम			
(रुपया ऋण, विदेशी मुद्रा ऋण, हामीदारी तथा विलम्बित अदायगी के सम्बन्ध में गारण्टी)			
स्वीकृत (प्रभावी)	36274·63	1603.49	4.4
भुगतान	31278.54	1439.67	4.6
भारतीय औद्योगिक विकास बैंक			
(क) प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष सहायता			
(ऋण, शेयरों तथा ऋण-पत्रों की हामीदारी और उनमें प्रत्यक्ष अभिदान, औद्योगिक ऋणों का पुनर्वित्त करना तथा हुण्डियों को फिर से भुनाना)			
स्वीकृत (प्रभावी)	39360.50	893.10	2.27
नकद भुगतान	30972.40	712.00	2.30

	सभी ग्रौद्योगिक प्रतिष्ठान	राजस्थान के ग्रौद्योगिक प्रतिष्ठान	(1) की तुलना में (2) का प्रतिशत
	1	2	3
(ख) स्वीकृत ऋणों के लिए		(लाख रुपयों में)	
गारण्टी (प्रभावी)	2986.90	278.10	9.31
निष्पादित	1960.10	278.10	14.19

टिप्पणी:—किसी वित्तीय संस्था द्वारा स्वीकृत वित्तीय सहायता किसी राज्य में संस्था के समक्ष प्रस्तुत किये गये पात्र ग्रावेदन-पत्रों पर निर्भर करती है। ग्रपनी ग्रोर से, सक्षम प्रस्तावों को प्रोत्साहित करने तथा पिछड़े क्षेत्रों में ग्रौद्योगिक क्षमता का ग्रनुमान लगाने के लिए, भारतीय ग्रौद्योगिक विकास बैंक ने पहले ही भारतीय रिजर्व बैंक, कृषि पुनर्वित्त निगम, भारतीय ग्रौद्योगिक वित्त निगम तथा भारतीय ग्रौद्योगिक ऋण तथा निवेश निगम के सहयोग से राजस्थान में एक सर्वेक्षण किया है, जिसका उद्देश्य उन उद्योगों के विकास के लिए, जो लाभदायक रूप से उस राज्य में स्थापित किये जा सकते हैं, ग्राधारभूत ढांचों की सुविधाग्रों, कच्चे माल तथा बाज़ार सम्बन्धी सुविधाग्रों का ग्रनुमान लगाना था। सर्वेक्षण की रिपोर्ट को ग्रन्तिम रूप दिया जा रहा है तथा बाद का ग्रावश्यक काम रिपोर्ट तैयार होने पर शुरू कर दिया जायगा।

पांच करोड़ रुपये तथा इससे ग्रधिक ग्रास्तियों वाले व्यापारियों द्वारा कर को ग्रदायगी न किए जाने की शिकायतें

1913. **श्री सतपाल कपूर** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन व्यापारियों की संख्या कितनी है जिनकी ग्रास्तियां 5 करोड़ रुपये से ग्रधिक की हैं ग्रौर जिनके विरुद्ध गत तीन वर्षों में धन-कर, ग्राय-कर ग्रौर उपहार-कर का भुगतान न किए जाने की शिकायतें मिली हैं ; ग्रौर

(ख) इस प्रकार की प्रत्येक शिकायत पर क्या कार्यवाही की गई है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० ग्रार० गणेश) : (क) ग्रौर (ख). सूचना तत्काल उपलब्ध नहीं है ग्रौर वह इकट्ठी की जा रही है। इकट्ठी होते ही इसे सभा की मेज पर रख दिया जायगा।

दिल्ली में तीन पहिए वाले स्कूटरों के चालकों द्वारा ग्रधिक किराया लेना

1914. **श्री जी०वाई०कृष्णन** : क्या नौवहन ग्रौर परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दिल्ली में बाहर से ग्राने वाले व्यक्तियों से ग्रधिक किराया लेकर तीन पहिये वाले स्कूटरों के चालक उन्हें ठगते हैं;

(ख) क्या पर्यटकों के प्रति इन चालकों के अभद्र व्यवहार के बारे में भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं, और

(ग) यदि हां, तो इस मामले में सरकार का क्या उपचारात्मक कार्यवाही करने का विचार है ?

संसदीय कार्य तथा नौवहन और परिवहन मंत्री (श्री राज बहादुर) : (क) और (ख). दिल्ली प्रशासन ने बताया है कि तीन पहिये वाले स्कूटरों के विरुद्ध अधिक किराया लेने और दुर्व्यवहार करने के बारे में शिकायतें प्राप्त हुई हैं। चूंकि शिकायत करने वाले यह नहीं बताते कि आया वह दिल्ली के निवासी हैं अथवा दिल्ली में आगन्तुक के रूप में आए हैं। अतः यह बताना सम्भव नहीं है कि आगन्तुकों द्वारा की गई शिकायतें कितनी प्रतिशत हैं।

(ग) दिल्ली प्रशासन ने यह बताया है कि उन्होंने निम्नलिखित उपाय किये हैं :—

(1) परिवहन निदेशालय दिल्ली में टैक्सी, आटो-रिक्शा ड्राइवरों द्वारा दुर्व्यवहार करने, सवारी उठाने से इनकार करना या उनसे अधिक पैसे वसूल करने की शिकायतों पर ध्यान देने के लिए एक विशेष सैल खोला हुआ है। यह कार्यालय दिन-रात कार्य करता है तथा शिकायतें टेलीफून (न० 224379) पर भी दर्ज करवाई जा सकती हैं जो बाद में लिखी जाती हैं। ऐसी शिकायतें प्राप्त होने पर विभाग का एनफोर्समैंट स्टाफ मोटरगाड़ी, अधिनियम, 1939 के संबंधित उपबन्धों तथा इनके अंतर्गत बनें नियमों के अधीन अपराधी ड्राइवरों/मालिकों को नोटिस देता है। एनफोर्समैंट स्टाफ आटोरिक्शा टैक्सी ड्राइवरों द्वारा अधिक वसूली करने, दुर्व्यवहार तथा सवारी ले जाने को इनकार करने की शिकायतों से घटनास्थल पर निपटने के लिए भी लगाया गया है।

(2) पुरानी दिल्ली तथा नई दिल्ली स्टेशनों पर, अन्तर्राज्यीय बस अड्डा तथा पालम हवाई अड्डे पर स्थाई शिकायत केन्द्र खोल दिए गए हैं जो दिन रात खुले रहते हैं। इसके अलावा रीगल, दरियागंज, चांदनी चौक तथा गुरुद्वारा रोड पर भी शिकायत केन्द्र खोल दिए गए हैं। यहाँ पर सायंकाल को ही कार्य होता है। जब कभी किसी ड्राइवर के खिलाफ शिकायत की जाती है, शिकायत शिकायत केन्द्र में लेखबद्ध कर ली जाती है।

(3) प्रतिदिन विशेष पुलिस स्टाफ को चलती फिरती गाड़ियों में प्रातःकाल 9 बजे से रात का सिनेमा का अन्तिम शो समाप्त होने तक नियुक्त किया जाता है जो विशेषकर, सिनेमा घरों, रेलवे स्टेशनों, पालम हवाई अड्डे पर अपराधी ड्राइवरों की पड़ताल करता है।

(4) दो रेलवे स्टेशनों पर, अन्तर्राज्यीय बस अड्डे पर इनकार करने, अधिक वसूली करने, दुर्व्यवहार के अवसर न आने देने के लिए टैक्सियों तथा स्कूटरों को पंक्तियों में खड़ा किया जाता है तथा उन्हें अपनी बारी पर ही यात्रियों को ले जाना होता है चाहे उनका गन्तव्य स्थान कहीं भी हो। वहां ड्यूटी पर यातायात पुलिस यह सुनिश्चित करती है कि जाने वाले यात्रियों को कोई असुविधा न हो।

(5) अपराधी ड्राइवरों को पकड़ने के लिए यातायात पुलिस द्वारा कभी कभी सादे वस्त्रों में छापे मारे जाते हैं तथा इनकार करने वाले, दुर्व्यवहार तथा अधिक वसूली करने वाले ड्राइवरों को गिरफ्तार किया जाता है।

(6) शिकायत करने वालों की सुविधा के लिए नजदीक पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करने के लिए सभी पुलिस स्टेशनों को शिकायत पुस्तकें दी गई हैं।

(7) पुलिस स्टेशनों पर मासिक सार्वजनिक बैठकों में, सदस्यों को पुलिस स्टेशनों पर शिकायत पुस्तकों की उपलब्धता के बारे में सूचना दी जाती है।

(8) दिल्ली यातायात पुलिस के सभी अधिकारी तथा हवलदार, ड्यूटी को जाते समय चालान बुक लेकर चलते हैं। यदि उन्हें कोई शिकायत की जाती है तो अपराधी ड्राइवरों के खिलाफ उसी समय कार्यवाही की जाती है।

(9) न्यायालय में अभियोग चलाने के अतिरिक्त गम्भीर प्रकार की कई शिकायतें लाईसेंस प्राधिकरण दिल्ली को भेज दी जाती हैं जिस पर वह मोटर गाड़ी अधिनियम की धारा 15(1) (ग) के अधीन अपराधी ड्राइवरों को उनके ड्राइविंग लाइसेन्स को निर्दिष्ट समय के लिए रखने या प्राप्त करने के लिये अयोग्य ठहराकर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाती है।

औद्योगिक गृहों/कम्पनियों के नाम बकाया आय कर

1915. **श्री मुख्तियार सिंह मलिक :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जिन औद्योगिक गृहों अथवा कम्पनियों के नाम एक लाख रुपये से अधिक आयकर बकाया है उनके नाम क्या हैं;

(ख) कितने सालों से यह राशि वसूल नहीं की गई है; और

(ग) बकाया राशि की वसूली के लिये क्या कार्यवाई की गई है अथवा की जानी है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश) : (क) और (ख). जिन औद्योगिक गृहों और कम्पनियों पर 1 लाख रु० से अधिक आय-कर बकाया है, उनके बारे में सूचना तत्काल उपलब्ध नहीं है और इसे एकत्र करने में, जिसमें बहुत बड़ी संख्या में कर-निर्धारण रिकार्डों की छानबीन करनी पड़ेगी बहुत अधिक समय और श्रम लगेगा।

फिर भी, अगर माननीय सदस्य किसी विशिष्ट निर्धारिति/निर्धारितियों के बारे में जानकारी चाहते हैं, तो वह दी जा सकेगी।

(ग) इस बकाया को वसूल करने के लिये कानून के अन्तर्गत उपलब्ध सभी उपाय हर मामले, तथ्यों और परिस्थितियों पर निर्भर रहते हुए, किये जा रहे हैं / किये जाने का विचार है।

केरल में पत्तनों का विकास

1916. **श्री ए० के० गोपालन** : क्या **नौवहन और परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केरल सरकार ने केरल में पत्तनों का विकास करने संबंधी 'इण्डोपोल' कम्पनी द्वारा की गई सिफारिशों की क्रियान्विति के बारे में केन्द्रीय सरकार से चर्चा की थी; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने चर्चा के आधार पर क्या कार्यवाही की है ?

संसदीय कार्य तथा नौवहन और परिवहन मंत्री (श्री राजबहादुर) : (क) और (ख). केरल सरकार ने राज्य में माल और मत्स्य बन्दरगाहों के शक्यता अध्ययन के लिए मैसर्स इंडो पोल कंपनी लिमिटेड बंबई को नियुक्त किया था। कंपनी ने अपनी रिपोर्ट दे दी है। रिपोर्ट में सम्मिलित पत्तनों में से वेपोर को चौथी पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत केन्द्रीय प्रायोजित योजना के अधीन माल एवं मत्स्य बंदरगाह के रूप में विकास के लिये चुना गया था और राज्य सरकार ने विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की और भारत सरकार को भेजी। इसकी जांच कर ली गई है और विस्तृत टिप्पणी राज्य सरकार को उनके विचारार्थ भेज दी गई है जिसमें उस मार्ग दर्शन का सुझाव दिया गया है जिसका यातायात शक्तियों, पोतपरिवहन प्रवृत्तियों और तकनीकी विचारों को ध्यान में रखते हुए विकास किया जाना है। राज्य सरकार के उत्तर की प्रतीक्षा है।

कलकत्ता में नया फुटबाल स्टेडियम

1918. **श्री पी० आर० दास मुंशी** : क्या **शिक्षा और समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार कलकत्ता के ईडन गार्डन्स में 'कम्पोजिंग स्टेडियम' के अतिरिक्त राज्य सरकार के सहयोग से एक फुटबाल स्टेडियम का निर्माण करने का है ; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में क्या योजना है ?

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय में उपमंत्री (श्री के० एस० रामास्वामी) : (क) और (ख). ऐसा कोई प्रस्ताव भारत सरकार के विचाराधीन नहीं है।

Quarters for Delhi School Teachers

1919. **Shri Nathu Ram Ahirwar** : Will the Minister of **Education and Social Welfare** be pleased to state :

(a) whether Delhi Administration have constructed some quarters for the teachers of Higher Secondary Schools;

(b) if so, the category-wise number thereof ; and

(c) what percentage of the said quarters will be allotted to the teachers belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes ?

The Deputy Minister in the Ministry of Education and Social Welfare and in the Department of Culture (Shri D. P. Yadav) : (a) to (c). The requisite information is being collected from the Delhi Administration and will be laid on the table of the Sabha as soon as possible.

"यूनिट ट्रस्ट आफ इण्डिया" के कार्य के परिणाम

1920. **श्री एस० आर० दामाणी :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) यूनिट ट्रस्ट आफ इंडिया के कार्यकरण के उपलब्ध नवीनतम परिणाम क्या हैं ;

(ख) पूंजी निवेश के लिए यूनिट ट्रस्ट आफ इंडिया द्वारा अपनाई गई नीति का ब्यौरा क्या है;

(ग) अब तक लगाई गई कुल पूंजी का ब्यौरा क्या है तथा उनसे क्या प्राप्ति हुई है ; और

(घ) क्या सरकार का विचार इसकी गतिविधियों को विविध रूप देने का है और यदि हां, तो किस प्रकार से ?

वित्त मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) भारतीय यूनिट ट्रस्ट के कार्यचालन-परिणामों का ब्यौरा नीचे दिया गया है। यह ब्यौरा 30 जून, 1970 को समाप्त होने वाले वर्ष के सम्बन्ध में है, जो सबसे हाल का वर्ष ऐसा है, जिसके लिए भारतीय यूनिट ट्रस्ट की प्रकाशित वार्षिक रिपोर्ट और लेखे उपलब्ध हैं।

यूनिटों का विक्रय	22.83 करोड़ रु०
यूनिटों का पुनः क्रय	2.04 „ „
वर्ष की शुद्ध आय	5.84 „ „
वितरित लाभांश :	
प्रारम्भिक पूंजी पर	0.20 „ „
यूनिट पूंजी पर	5.58 „ „
लाभांश की दर :	
प्रारम्भिक पूंजी पर	4 प्रतिशत
यूनिट पूंजी पर ...	7.2 „

(ख) ट्रस्ट के निवेश, भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियमावली, 1964 के विनियम 36 के अन्तर्गत किये जाते हैं। विनियम 36 (1) के अन्तर्गत यह व्यवस्था की गई है कि 1964

की यूनिट योजना की निधियों में से किसी भी कम्पनी की प्रतिभूतियों में ट्रस्ट द्वारा किये गये निवेशों की रकम, उक्त निधियों की कुल रकम के 5 प्रतिशत से, अथवा ऐसी कम्पनी की जारी की गयी और बकाया प्रतिभूतियों की 15 प्रतिशत से, इनमें से जो भी कम हो, अधिक नहीं होगी बशर्ते कि नये औद्योगिक उपक्रमों द्वारा जारी की गयी प्रारम्भिक पूँजी में निवेशों की कुल रकम, किसी भी समय उक्त निधियों की कुल रकम के 5 प्रतिशत से अधिक न हो। किन्तु ये प्रतिबन्ध उन कम्पनियों के ऋण-पत्रों में किये गये निवेशों पर लागू नहीं होते जो विनियम 36 (1 क) में निर्धारित कुछ शर्तें पूरी करती हों।

ट्रस्ट, उपर्युक्त सांविधिक रूपरेखा की सीमाओं के अन्दर रहते हुए पूँजी लगाता है, ताकि पूँजी की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अधिकतम लाभ प्राप्त किया जा सके।

(ग) ट्रस्ट द्वारा, 31 मार्च, 1971 तक किये गये निवेशों और उनसे अर्जित लाभ का व्यौरा इस प्रकार है :—

प्रतिभूति की किस्म	मूल्य (करोड़ रुपयों में)	प्रतिशत लाभ
1. साधारण शेयर	33.94	7.52
2. अधिमान्य शेयर	12.79	8.32
3. ऋण-पत्र	38.49	7.56
4. सरकारी प्रतिभूतियां और निगम बाण्ड	0.50	4.96
	85.72	7.64

इनमें राष्ट्रीयकृत बैंकों में किये गये निवेश, हामीदारी सम्बन्धी वचनों के बदले अग्रिम जमा और रोकड़ बाकी की रकमें शामिल नहीं हैं।

(घ) ट्रस्ट का यह प्रयास रहता है कि ऐसी नयी योजनाएं और प्रयोजनाएं शुरू की जाएं जो निवेशकर्ताओं की विभिन्न प्रकार की अभिरुचियों के अनुकूल हों और जिनसे समाज की बचतों को जुटाया जा सके। इन प्रयासों के अनुसरण में, भारतीय यूनिट ट्रस्ट, जीवन बीमा निगम के सहयोग से, एक बचत एवं बीमा योजना पर सक्रिय रूप से विचार कर रहा है। आशा है कि इस योजना को शीघ्र ही अन्तिम रूप दे दिया जायगा।

नई परियोजनाओं के लिए औद्योगिक वित्त निगम द्वारा ऋण के लिए आवेदन-पत्र

1921. **श्री एस० आर० दामाणी :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1970-71 में औद्योगिक वित्त निगम को कितने आवेदन-पत्र ऋण के लिए प्राप्त

हुए और उनमें से कितने नई परियोजनाओं के लिए थे ;

(ख) कितने आवेदन-पत्र मंजूर किए गए और किन उद्योगों के लिए मंजूर किए गए हैं ;

(ग) गत दस वर्षों के आंकड़ों की तुलना में ये कितने हैं ; और

(घ) गत ऋणों की अदायगी की स्थिति क्या है ?

वित्त मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) भारतीय औद्योगिक वित्त निगम का लेखा-वर्ष जुलाई से जून तक होता है। लेखा वर्ष 1970-71 में 1 जुलाई, 1970 से 31 मई, 1971 की अवधि के दौरान निगम को 10981.22 लाख रुपये के ऋणों के लिए 126 आवेदन-पत्र मिले थे। उपर्युक्त 126 आवेदन पत्रों में से 59 आवेदन-पत्र 33 नई प्रायोजनाओं के लिए माँगी गयी 7990.54 लाख रुपये की वित्तीय सहायता से सम्बद्ध थे।

(ख) अपेक्षित सूचना संलग्न विवरण में दी गई है।

(ग) 1 जुलाई, 1970 से 31 मई, 1971 तक की अवधि के दौरान मिले, 126 आवेदन-पत्रों की संख्या 1968-69 और 1969-70 में मिले आवेदन पत्रों की तुलना में अधिक थी। उपर्युक्त वर्षों में क्रमशः 92 और 90 आवेदन पत्र मिले थे और इस अवधि अर्थात 1 जुलाई, 1970 और 31 मई, 1971 के दौरान मंजूर की गई रकमों की राशि भी पहले के दो वर्षों में मंजूर की गई रकमों से अधिक थी। 1 जुलाई, 1970 से 31 मई, 1971 तक की अवधि के दौरान 87 आवेदन-पत्रों पर 3207.30 लाख रुपया मंजूर किया गया जबकि इसकी तुलना में 1968-69 में 89 आवेदन-पत्रों पर 3065.85 लाख रुपया और 1969-70 में 63 आवेदन पत्रों पर 1937.74 लाख रुपया मंजूर किया गया था।

(घ) पहले की अवधि में दिए गए ऋणों की वापसी की स्थिति 31 मार्च, 1971 को निम्नलिखित थी :—

	कम्पनियों की संख्या	(लाख रुपयों में) रकम
1. भुगतान (रुपया ऋणों और विदेशी मुद्रा ऋणों के रूप में)	388	23325.69
2. वापसी	83*	8662.53
3. बकाया रकम	305	15247.92
4. मूल धन की वापसी में चूक	66	448.13
बकाया रकमों के अनुपात में वापसी में चूक की रकम का प्रतिशत		2.94%

*इन कम्पनियों ने ऋण की पूरी रकमें चुका दी हैं।

औद्योगिक वित्त निगम सम्बद्ध कर्जदारों से चूक की देय रकम को वसूल करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करता रहा है।

विवरण

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, नयी दिल्ली

1 जुलाई, 1970 से 31 मई, 1971 तक उद्योग-वार मंजूर की गयी ऋणों हामी-दारियों और गारंटियों के रूप में) वित्तीय सहायता

क्रम संख्या	उद्योग	आवेदन-पत्रों की संख्या	मंजूर की गई सहायता
			(लाख रुपयों में)
1.	चीनी	8	829.00
2.	वस्त्रोद्योग	13	273.06
3.	लोहा और इस्पात	8	478.75
4.	अलोह धातुएं	1	170.00
5.	मोटर गाड़ियां	3	153.84
6.	बिजली की मशीनें	9	298.79
7.	आधारभूत औद्योगिक रसायन	3	19.78
8.	धात्विक उत्पाद	8	144.51
9.	कृत्रिम धागे	14	532.35
10.	मशीनें	5	95.15
11.	रासायनिक खाद	1	5.60
12.	सीमेंट	1	50.00
13.	कागज	*	3.00
14.	बिजली, गैस और भाप	*	8.99
15.	कोयला	2	32.00
16.	खाद्य उत्पाद—सब्जियों और फलों को डिब्बों में बंद करना और संसाधन	3	15.90
17.	वनस्पति और पशुतेल और चर्बी	3	32.00
18.	बाइसिकल	2	4.58
19.	होटल	1	15.00
20.	लकड़ी और कार्क	1	10.00
21.	विविध रासायनिक पदार्थ	1	35.00
	जोड़	87	3207.30

*पहले मंजूर किए विदेशी मुद्रा उप-ऋणों के एक अंश के परिवर्तन के रूप में मंजूर की गयी रकम ।

दिल्ली में सड़क दुर्घटना

1922. **श्री तेजासिंह स्वतंत्र : क्या नौवहन और परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दिल्ली में सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं;

(ख) यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं; और

(ग) इन दुर्घटनाओं को कम करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

संसदीय कार्य तथा नौवहन और परिवहन मंत्री (श्री राजबहादुर) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) दिल्ली प्रशासन ने दुर्घटनाओं को कम करने के लिए निम्नलिखित उपाय किये हैं:—

(1) सड़क सुरक्षा शिक्षा जिसमें सड़क सुरक्षा पर भाषण और यातायात नियमों का पालन शामिल है, शैक्षणिक संस्थानों में दी जाती है।

(2) सड़क सुरक्षा पर पुस्तिकाएं और हास्य लेख जनता व शहरों में बच्चों को बांटी जाती हैं।

(3) यातायात सुरक्षा पर सिनेमा स्लाइड, और टेलीविजन प्रदर्शन भी सड़क सुरक्षा पर आयोजित किये जाते हैं।

(4) जहां कहीं संभव हो सड़कें चौड़ी की जा रही हैं और पटरियों का सुधार किया जा रहा है।

(5) विभिन्न सड़क चौराहों पर विद्युत सिगनल और जलती-बुझती बत्तियां लगा दी गई हैं।

(6) शहर के भीड़-भाड़ वाले भागों में एक तरफा यातायात शुरू कर दिया गया है। इन भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों से भारी गाड़ियों को गुजरने की अनुमति नहीं होती है।

(7) इरविन रोड़ पर बच्चों के लिये एक पार्क में यातायात प्रशिक्षण पूरे जोरों पर चल रहा है।

(8) परिवहन गाड़ियों के बारे में उपयुक्तता का प्रमाणपत्र जारी करने के पहले सख्त जांच की जाती है।

(9) चल पुलिस दस्तों द्वारा गाड़ियों की गति जाल प्राय: आयोजित की जाती है और उन चालकों के खिलाफ विधि के अंतर्गत कार्यवाही की जाती है जो अंधाधुंध गाड़ी चलाते हैं और असावधानी से चलाते हैं या अधिक रफ्तार पर चलाते हैं।

(10) चलते-फिरते पुलिस दस्तों और उड़न दस्तों द्वारा गाड़ियों की आकस्मिक जांच की जाती है।

(11) शहर के कुछ क्षेत्रों में दिन के दौरान कुछ विशिष्ट समय के लिए भारी गाड़ियों का चलाना प्रतिबंधित किया गया है।

(12) बहुत सी सड़कों पर गति सीमा नियत कर दी गई है और पटलों पर दिखाई गई है।

(13) स्थल पर ही गिरफतारी करने तथा मुकदमे के लिए दो चल न्यायालय पूरा महीन भर कार्य करते रहते हैं।

उपरोक्त उपायों के अतिरिक्त मोटर गाड़ी अधिनियम की धारा 115 के अंतर्गत अधिक तेज गति से गाड़ी चलाने पर किये जाने वाले जुर्माने की राशि बढ़ा दी गई है। भारत सरकार ने सड़क सुरक्षा पर एक अध्ययन बल नियुक्त किया है जो (क) शहरी क्षेत्रों में और भारत में राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं के कारणों को अभिनिश्चित करें। (ख) सड़क दुर्घटनाओं के बारे में आंकड़े/सांख्यकी के विशलेषण और संग्रह के लिए एक उपयुक्त संगठित ढांचे और सड़क सुरक्षा में सड़क प्रयोगताओं की शिक्षा के लियेआवश्यक उपाय और यातायात कानून और विनियमों के सुचारु परावर्तन और सड़कों पर अधिकतम संभव सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिये उन पर आवश्यक सुधारों की सिफारिश करें।

राष्ट्रीय शिक्षा अनुसन्धान और प्रशिक्षण परिषदों द्वारा स्कूल की पाठ्य पुस्तकों की जांच

1923. **श्री तेजा सिंह स्वतन्त्र** : क्या **शिक्षा और समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सभी राज्यों के स्कूलों के लिये निर्धारित पाठ्यपुस्तकों की जांच करने तथा राष्ट्रीय एकता में बाधक अवतरणों को हटाने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के द्रुतगामी कार्यक्रम में अधिक प्रगति नहीं हुई है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) कार्यक्रम में तेजी लाने के लिये क्या कार्यवाही की गई है।

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय तथा संस्कृति विभाग में उपमंत्री (श्री डी०पी०यादव) : (क) से (ग). द्रुतगामी कार्यक्रम में निम्नलिखित तीन अभिकरणों के जरिए स्कूल पाठ्यपुस्तकों की

जांच करने का विचार था:—

(1) राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद का राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान।

(2) राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के क्षेत्रीय शिक्षा कालेज।

(3) राज्य सरकार और संघ शासित क्षेत्र।

राष्ट्रीय शिक्षा संस्थानों और क्षेत्रीय शिक्षा कालेजों ने कार्यक्रम के अनुसार कार्य पूर्ण कर लिया है।

अधिकांश राज्य सरकारों और संघ शासित क्षेत्रों ने भी कार्य पूरा कर दिया है और जहां तक शेष अभिकरणों की बात है विलम्ब का मुख्य कारण जांच के हेतु उचित तंत्र की स्थापना के विषय में कुछ प्रशासकीय समस्याएं हैं। राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद निरन्तर राज्य सरकारों से सम्पर्क रखे हुए है और कार्य को यथाशीघ्र पूरा करने के लिए प्रत्येक प्रयत्न कर रही है।

पर्यटन तथा पुरातत्वीय विभाग के कार्य को समन्वित करने की योजना

1924. **श्री पी० वेंकटासुब्बया :** क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि पर्यटन तथा पुरातत्वीय विभागों में समन्वय की कमी है जिसके परिणाम स्वरूप पर्यटन के सब आकर्षित स्थानों का प्रचार नहीं किया जाता; और

(ख) क्या उक्त दोनों विभागों के समवन्य करने की कोई व्यापक योजना है जिससे पर्यटकों के लिए आकर्षक स्थानों के लिए और अधिक साहित्य प्राप्त हो सके और पुरातत्वीय महत्व के केन्द्रों की उचित व्यवस्था की जा सके।

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (डा० कर्ण सिंह): (क) और (ख). एक व्यापक योजना बनाई गई है जिस में केन्द्रीय तथा स्थानीय, दोनों स्तरों पर, समन्वय समितियों के निर्माण और अनुवर्ती कार्यवाही करने के लिए प्रशासनिक मशीनरी की रचना की परिकल्पना की गई है।

1972 के ओलम्पिक में भाग लेने के लिए रोडेशिया को निमंत्रण

1925. **श्री एस० के० साहा :** क्या **शिक्षा और समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि रोडेशिया के म्यूनिख, जर्मनी में होने वाले 1972 के ओलम्पिक गेम्स में भाग लेने के लिए सरकारी तौर पर निमंत्रण मिल गया है; और

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय में उपमंत्री (श्री के० एस० रामास्वामी) : (क) और (ख). जी हां। भारत सरकार ने, संयुक्त राष्ट्र उपनिवेशवाद समिति द्वारा पारित किए जाने के लए एक प्रस्ताव सहप्रवर्तित किया है, जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति द्वारा तथाकथित "राष्ट्रीय रोडेशिया ओलम्पिक समिति" के लगातार मान्यता दिए जाने और म्यूनिख में आगामी ओलम्पिक खेलों में भाग लेने के लिए उसे निमंत्रण देने पर खेद प्रकट किया गया है और यह अनुरोध किया गया है कि अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति तथाकथित "राष्ट्रीय रोडेशिया ओलम्पिक समिति" को अपनी सदस्यता से निलम्बित कर दे तथा म्यूनिख ओलम्पिक खेलों के लिए रोडेशिया को दिए गए आमंत्रण को तुरन्त रद्द कर दे। प्रस्ताव पारित हो गया है। तदनुसार भारतीय ओलम्पिक एसोशिएशन को भी इससे सूचित किया जा रहा है।

राष्ट्रीय पुस्तकालय, कलकत्ता के भूतपूर्व उप-पुस्तकाध्यक्ष के साथ अन्याय

1926. **श्री समर गुह** : क्या **शिक्षा और समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय पुस्तकालय, कलकत्ता के भूतपूर्व उप-पुस्तकाध्यक्ष के साथ किये गये अन्याय के बारे में सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए 1 जुलाई, 1970 को भूतपूर्व शिक्षा मंत्री को एक ज्ञापन प्रस्तुत किया गया था, जिसमें राष्ट्रीय प्रोफेसरों, उप-कुलपतियों, प्रसिद्ध शिक्षाविज्ञों, प्रसिद्ध एतिहासिकों तथा अन्य मनीषियों ने हस्ताक्षर किए थे;

(ख) यदि हां, तो ज्ञापन का प्रतिपाद्य-विषय क्या है और हस्ताक्षर करने वालों के नाम क्या हैं; और

(ग) सरकार ने उक्त व्यक्ति के साथ किए गये अन्याय का प्रतिकार करने के लिए क्या कार्यवाही की है ?

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्री और संस्कृति विभाग मंत्री (श्री सिद्धार्थ शंकर रे): (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठता।

व्यक्तियों/संस्थाओं को सरकारी क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों द्वारा दिया गया ऋण

1927. **श्री जगदीश भट्टाचार्य**: क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वित्तीय वर्ष 1969-70 और 1970–71 के दौरान सरकारी क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों द्वारा कुल कितना ऋण दिया गया; और

(ख) उपर्युक्त अवधि में किन-किन व्यक्तियों अथवा संस्थाओं को पचास लाख अथवा इससे अधिक रुपयों का ऋण दिया गया ?

वित्त मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) और (ख). सरकारी क्षेत्र की दो अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं, अर्थात भारतीय औद्योगिक विकास बैंक और भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, के सम्बन्ध में अपेक्षित सूचना संलग्न विवरण I और II में दी गयी है।

ग्रंथालय में रखे गये, देखिये संख्या एल० टी० 387/71]

माध्यमिक विद्यालयों तथा उच्च शिक्षा संस्थानों में 'बुक बैंकों' की व्यवस्था

1928. **श्री ज्योतिर्मय बसु** : क्या **शिक्षा और समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या शिक्षा आयोग, 1964-66 ने सिफारिश की थी कि (एक) माध्यमिक विद्यालयों और उच्चतर शिक्षा-संस्थानों में 'बुक बैंकों' के कार्यक्रम का विकास करना चाहिए; और (दो) अधिक प्रतिभावास विद्यार्थियों को पुस्तकें खरीदने के लिए अनुदान दिया जाना चाहिए;

(ख) यदि हाँ, तो सरकार द्वारा उक्त सिफारिशों को कार्यान्वित करने हेतु क्या कार्यवाही की गई है; और

(ग) अब तक किये गए उपायों के क्या परिणाम निकले हैं ?

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय में तथा संस्कृति विभाग में उपमंत्री (श्री डी० पी० यादव): (क) जी, हां।

(ख) और (ग). चूंकि स्कूल शिक्षा राज्य विषय है और शिक्षा आयोग ने यह सिफारिश की है कि माध्यमिक स्कूलों में पुस्तक-बैंकों की सहायतार्थ राज्य शिक्षा विभागों के अधिकार में कुछ निधि होनी चाहिए अतः आयोग की यह सिफारिश राज्य सरकारों को उनके विचारार्थ तथा आवश्यक कार्यवाही के लिए भेज दी गई है।

जहां तक उच्च शिक्षा की संस्थाओं का संबंध है, विश्व-विद्यालय अनुदान आयोग ने छात्रों की सुविधा एवं कल्याण के लिए हाल ही में निम्नलिखित कार्यक्रमों का अनुमोदन किया है :—

(1) पुस्तक बैंकों की स्थापना अथवा विकास के लिए कालिजों को अनुदान	52 लाख रु०
(2) रिहायशी क्षेत्रों में पाठ्य पुस्तक केन्द्रों की स्थापना।	150 लाख रु०

संस्थान वित्तीय ऐजेंसियों द्वारा ज्वाइन्ट स्टाक कम्पनियों को उपलब्ध कराये गये संसाधन

1929. **श्री ज्योतिर्मय बसु** : क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों में संस्थान वित्तीय ऐजेंसियों द्वारा अलग-अलग ज्वाइन्ट स्टाक कम्पनियों

को (जिसमें विश्व बैंक और अन्य अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाएं शामिल हैं) वर्षवार कुल कितनी राशि के संसाधन उपलब्ध कराये गये;

(ख) उक्त अवधि में प्रत्येक संस्थाओं से उपलब्ध कराये गये कुल संसाधनों में 75 बड़ी और 20 अधिक बड़ी फर्मों के कितने शेयर थे; और

(ग) उक्त अवधि में कुल प्राप्त संसाधनों में टाटा, बिड़ला, साहू जैन, बांगुर, गोइनका, मफतलाल और मार्टिन बर्न फर्मों का कितना हिस्सा था ?

वित्त मंत्री (श्री यशवन्त राव चव्हाण): (क) से (ग). सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायगी।

औद्योगिक तथा अनौद्योगिक परियोजनाओं में जीवन बीमा निगम के निवेश

1930. **श्री ज्योतिर्मय बसु :**
श्री दीनेन भट्टाचार्य :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 1968-69 से 1970-71 तक जीवन बीमा निगम के राज्यवार औद्योगिक तथा अनौद्योगिक परियोजनाओं में वर्षवार कितना निवेश है ?

वित्त मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : अपेक्षित सूचना का विवरण-पत्र संलग्न है। [**ग्रंथालय में रखा गया। देखिये संख्या एल० टी० 388/71**]

विदेशों से प्राप्त ऋण तथा सहायता

1931. **श्री ज्योतिर्मय बसु :**
श्री एम० एम० जोजफ :

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 30 अप्रैल, 1971 तक भारत को विदेशों से (देशवार) ऋण तथा सहायता के रूप में कुल कितनी राशि प्राप्त हुई; और

(ख) चालू वर्ष में प्रत्येक देश को इन ऋणों पर ब्याज, ब्याज से सम्बन्धित अन्य विभिन्न खर्च और मूलधन की वापसी के रूप में कितनी राशि दी गई है तथा आगामी तीन वर्षों में कितनी राशि दी जायेगी ?

वित्त मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण): (क) और (ख). दो विवरण (संख्या I और II) सभा पटल पर रख दिए गए हैं, जिनमें अपेक्षित ब्यौरा दिया गया है। [**ग्रंथालय में रखे गए। देखिए संख्या एल0 टी0 389/71**]

नौवहन उद्योग स्थापित करने के लिये नाइजीरिया को सहायता

1932. **श्री बी० के० दास चौधरी :**
श्री नरेन्द्र सिंह विष्ट :
श्री एम० एम० जोजफ :

क्या **नौवहन और परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नाइजीरिया सरकार ने अपने देश के नौवहन उद्योग के निर्माण के लिए भारत से सहायता मांगी है; और

(ख) यदि हां तो इस मामले में भारत सरकार का नाइजीरिया सरकार की किस प्रकार से तथा किन शर्तों पर सहायता करने का विचार है ?

संसदीय कार्य तथा नौवहन और परिवहन मंत्री (श्री राजबहादुर) : (क) नाइजीरिया सरकार के परिवहन मंत्री ने अपने हाल ही के दौरे में भारत से बरते हुए सूखे-माल पोत तथा तेलवाहक पोतों के लिए तथा नाइजीरिया के लिए प्रशिक्षण मास्टरों और समुद्री इंजीनियरों के लिए इस देश को अपनी आवश्यकताएं बतायी थीं।

(ख) उन्हें यह सूचित किया गया था कि भारतीय व्यापार बेड़ा भी बनने के प्रक्रम है और इसलिए ऐसे जहाज़ों को देने की हम स्थिति में नहीं हैं। परन्तु नाइजीरिया से समुद्री इंजीनियरों को प्रशिक्षण प्रदान करने की तथा नये प्रशिक्षण पोत में, जो शीघ्र ही डफरिन के स्थान पर आयेगा, कुछ स्थानों को सुरक्षित रखने की व्याप्ति की खोज की जायेगी।

'अपना मकान बनाओ' योजना के अंतर्गत गृह-निर्माण समितियों को लाभ

1933. **श्री बी० के० दास चौधरी :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन गृह-निर्माण समितियों की कितनी संख्या है तथा उनके क्या नाम हैं जिन्होंने 'अपना मकान बनाओ' योजना के अंतर्गत लाभ उठाया है; और

(ख) लाभानुभोगियों को गृह-निर्माण सम्बन्धी समस्याओं को सुलझाने में जीवन बीमा निगम ने किस सीमा तक सहायता की है ?

वित्त मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) जीवन बीमा निगम द्वारा "अपने मकान के मालिक बनो" योजना के अधीन केवल अलग-अलग पालिसीधारियों को और सहकारी मकान निर्माण समितियों के सदस्यों को ऋण दिए जाते हैं, परन्तु मकान निर्माण समितियों को ऋण नहीं दिये जाते हैं।

"अपने मकान के मालिक बनो" योजना 1-1-1964 को लागू की गई थी और इस योजना

के अधीन दिये गए ऋणों की सहायता से 30-9-1970 तक बने मकानों की संख्या 5665 है। मकान बनाने के क्षेत्र में जीवन बीमा निगम का सहयोग केवल इस योजना के अधीन दिये जाने वाले ऋणों तक ही समिति नहीं है। निगम, राज्य सरकारों को तथा प्रमुख सहकारी मकान निर्माण अर्थव्यवस्था समितियों को काफी बड़ी मात्रा में ऋण दे रहा है तथा साथ ही सम्पत्ति बंधक योजना, कर्मचारी मकान निर्माण योजनाओं, पब्लिक लिमिटेड कंपनीज योजना और पब्लिक लिमिटेड कंपनियों के कर्मचारियों की सहकारी समितियों को ऋण की योजना जैसी अपनी विभिन्न बंधक योजनाओं के अधीन भी ऋण देता है।

Wealth Tax on Agricultural Lands

1934. **Shri R. C. Vikal** : Will the Minister of Finance be pleased to state:

(a) the date from which Wealth Tax has been imposed on agricultural lands;

(b) the basis thereof; and

(c) the names of State Governments who have supported/opposed the levying of wealth tax on agricultural lands?

The Minister of State in the Ministry of Finance (Shri K.R. Ganesh) : (a) 1st April, 1970.

(b) Wealth Tax on agricultural lands was imposed by an amendment to the Wealth-tax Act, 1957 made by the Finance Act, 1969. The basis for this levy was explained by the then Finance Minister in his speech in the Lok Sabha, while presenting the Budget for 1969-70. The relevant portion of this speech is as under :

"Agricultural wealth has so far been exempted from wealth-tax. This has encouraged purchase of such land by the richer professional and business classes. While this has often acted as a spur to greater productivity in agriculture, there is no case in equity for taxing other productive wealth but exempting wealth in the form of agricultural land."

(c) None of the State Governments, other than that of Punjab, has challenged the levy of wealth-tax on agricultural lands.

राष्ट्रीयकृत बैंकों की नीति की क्रियान्विति

1935. **श्री इन्द्र जीत गुप्त** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्होंने सार्वजनिक रूप से इस बात को स्वीकार किया है कि राष्ट्रीयकृत बैंकों के निर्देशक और उच्च कार्यकारी पदों पर उन्हीं व्यक्तियों के बने रहने से जो राष्ट्रीयकरण से पहले भी थे इन बैंकों की सरकार द्वारा निर्धारित की गई नीति की क्रियान्विति में कठिनाई हो रही है ;

(ख) यदि हां, तो सम्बद्ध कर्मचारियों को बदलने में क्या कठिनाई है; और

(ग) इस मामले में सरकार द्वारा यदि कोई कार्यवाही की गई है तो वह क्या है ?

वित्त मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) (क) से (ग). वित्त मंत्री ने 7 मई, 1971 को जिला कांग्रेस समीतियों के अध्यक्षों की सभा में भाषण देते समय उन अनेक महत्वपूर्ण उपायों का जिक्र किया था जो राष्ट्रीयकरण में निहित बुनियादी उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए शुरू किए गए हैं । उपेक्षित क्षत्रों की ऋण सम्बन्धी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बैंकों की नीतियों में किए गए परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए, उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया था कि जब तक बैंकों में प्रचलित खामियों के बारे में तीव्र और काफी अधिक अहसास न हो तब तक निर्धारित समय में वास्तविक प्रगति करना कठिन होगा। इस संदर्भ में ही उन्होंने बैंकों को जिस परिवर्तित परिप्रेक्ष्य में काम करना है उसके अनुसार, सभी स्तर के बैंक-कर्मचारियों में अधिक मेल बैठाने की आवश्यकता की ओर इशारा किया था। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया था कि विभिन्न स्तरों पर कर्मचारियों में फेर-बदल करना न तो सम्भव है और न ही, सम्पूर्ण समीक्षा के बाद, बैंक में प्रचलित सभी कमियों का समाधान है ।

राष्ट्रीयकरण के बाद बैंकों के निदेशकों के प्रथम बोर्डों की स्थापना की जा चुकी है। इस-लिए इस बात का प्रश्न ही नहीं उठता कि निदेशकों के नये बोर्ड उस परिवर्तित परिप्रेक्ष्य के अनुकूल नहीं हैं जिसमें उन्हें काम करना है ।

शंकर शुगर मिल्स लिमिटेड, कलकत्ता के प्रबन्ध निदेशक की नियुक्ति

1936 **श्री इन्द्रजीत गुप्त :** क्या **कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मैसर्स शंकर शुगर मिल्स लिमिटेड कलकत्ता के अंशधारियों की 14 जनवरी, 1971 को हुई असाधारण बैठक में संकल्प द्वारा श्री के० के० कनोडिया के स्थान पर श्री वी० के० कनोडिया को प्रबन्ध निदेशक नियुक्त किया गया था;

(ख) क्या उक्त नियुक्ति को समवाय विधि बोर्ड ने अनुमोदित कर दिया है, और यदि हां, तो किन शर्तों पर;

(ग) प्रबंध निदेशक के लिए पारिश्रमिक के रूप में कितने वेतन परिलब्धियों तथा अन्य उपलब्धियों को स्वीकृति दी गई है; और

(घ) क्या अंशधारियों की ओर से अनुपस्थिति अथवा अपर्याप्त लाभ के आधार पर की गई आपत्तियों पर समवाय विधि बोर्ड ने ध्यान दिया है ?

कम्पनी कार्य मंत्री (श्री रघुनाथ रेड्डी) : (क) हिस्सेधारियों द्वारा पारित, इस प्रकार के किसी संकल्प की प्रति, कम्पनी विधि बोर्ड को मिसिल नहीं की गई थी ।

(ख) से (घ). कम्पनी विधि बोर्ड इस मामले के सम्पूर्ण तथ्यों तथा परिस्थितियों पर विचार करने के पश्चात, इस अनन्तिम निष्कर्ष पर पहुंचा था कि कम्पनी का प्रस्ताव खारिज़ कर दिया जाय। कम्पनी को, कम्पनी विधि बोर्ड के इस अनन्तिम निर्णय की सूचना 15 अप्रैल, 1971

को दे दी गई थी, ताकि वह कम्पनी विधि बोर्ड के प्रस्तावित निर्णय के विरुद्ध कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सके। कम्पनी ने, अपने दिनांक 26 अप्रैल, 1971 के पत्र में लिखा है कि वह कम्पनी विधि बोर्ड के प्रस्तावित निर्णय के विरुद्ध लिखित रूप से व साथ-साथ व्यक्तिशः एक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना चाहती है। अभी तक कोई लिखित अभ्यावेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

गोल्डन टुबाको कम्पनी के शेयरों का विक्रय

1937. **श्री रामशेखर प्रसाद सिंह** : क्या **कम्पनी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गोल्डन टुबाको कम्पनी के निदेशकों ने अपने शेयर जनता को मुनाफे पर अर्थात 100 शेयर 1255 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से बेचे हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस प्रकार शेयर बेचने के कारणों की जांच की है ?

(ग) क्या कम्पनी की आर्थिक स्थिति खराब है ?

कम्पनी कार्य मंत्री (श्री रघुनाथ रेड्डी) : (क) मै० गोल्डन टुबाको कम्पनी लिमिटेड ने जनता निर्गमन के लिए पूंजी निर्गमन के नियंत्रक से पहुंच नहीं की है और अभी तक किसी पूंजी बाजार में अपने को सूचीबद्ध नहीं कराया है। अतः इच्छित सूचना उपलब्ध नहीं है।

(ख) उत्पन्न नहीं होता।

(ग) गत तीन वर्षों के प्रकाशित वार्षिक लेखाओं से प्राप्त की गई कम्पनी की आर्थिक स्थिति निम्न प्रकार है :—

(लाख रुपयों में)

	30-6-68	30-6-69	30-6-70
1- शुद्ध मूल्य	389	467	484
2- कुल परिसम्पत्तियां	12,04	14,79	15,99
3- व्यापारावर्त	32,17	37,97	32,68
4- करों से पहले लाभ	2,50	3,08	1,14
5- वर्तमान अनुपात (अर्थात वर्तमान परिसंपत्तियों का वर्तमान देनदारी से अनुपात)	2,2	2,2	2,2

Letter to Members of Parliament regarding Service Conditions of Government Employees.

1939. **Shri Ramavatar Shastri :** Will the Minister of **Parliamentary Affairs** be pleased to state :

(a) whether he had issued a letter to the Members of Parliament regarding the service conditions of Government employees, at the time of commencement of the First Session of the Fifth Lok Sabha ; and

(b) if so, the propriety of issuing the said letter ?

The Minister of Parliamentary Affairs and Shipping and Transport (Shri Raj Bahadur) : (a) At the commencement of each Lok Sabha after elections or immediately after a Member is returned to the House, the Minister of Parliamentary Affairs brings to the notice of Members of Parliament through a confidential circular letter certain conventions in regard to their obtaining information or addressing suggestions Ministries of Government of India in connection with their Parliamentary duties. In this letter, a reference is made to one of the service conditions of Government employees which is based on Rule 20 of Central Civil Services (Conduct) Rules 1964, and which prohibits a Government Servant from bringing or attempting to bring political or other influence to bear upon a superior authority to further his interests in respect of matters pertaining to his service under the Government.

(b) It is considered appropriate that Members of Parliament should be kept informed about these conventions.

Development of Composite Culture

1940. **Shri Ramavatar Shastri :** Will the Minister of **Culture** be pleased to state :

(a) whether Government have formulated a scheme for the development of a composite culture in the country ; and

(b) if so, the time by which the said scheme is proposed to be implemented ?

The Minister of Education and Social Welfare and Minister of Department of Culture (Shri Siddhartha Shankar Ray) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

राष्ट्रीय राजपथ संख्या 11 को चौड़ा करना

1941. **राजमाता गायत्री देवी :** क्या **नौवहन और परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दुर्घटनाओं को रोकने के विचार से सरकार ने राष्ट्रीय राजपथ संख्या 11 (जयपुर-बीकानेर राजपथ) को 22 फुट तक चौड़ा करने का निर्णय किया है, और

(ख) यदि हां, तो सरकार इस निर्णय को किस ढंग से क्रियान्वित करेगी ?

संसदीय कार्य तथा नौवहन और परिवहन मंत्री (श्री राज बहादुर) : (क) और (ख). वर्तमान और निकट भविष्य के प्रत्याशित यातातात की आवश्यकताओं को दृष्टि में रखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग सं० 11 के जयपुर-बीकानेर भाग की लगभग 200 मील की कुल दूरी में से 117 मील को चौड़ाकर दो गलियाँ (23 फुट) वाली सड़क बनाने के लिए चौथी योजना में व्यवस्था की गयी है। शेष 83 मील में से बीकानेर के निकट लगभग 20 मील में पहले से ही दो गलियां हैं। बाकी बचा हुआ 63 मील का टुकड़ा गोसाईसार और रतनगढ़ के बीच है और वह पहले ही इकहरी गली वाले यानमार्ग सहित हाल ही में पूरा हो गया है और उसे यातायात के लिए खोल दिया गया है। इस 117 मील लम्बाई में सड़क को चौड़ा करने पर 150 लाख रु० लागत लगने की संभावना है।

राजस्थान में नये हवाई अड्डों का निर्माण

1942. **राजमाता गायत्री देवी** : क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार राजस्थान में कुछ नये हवाई अड्डों का निर्माण करने तथा पुराने हवाई अड्डों का विकास करने के बारे में विचार कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो इससे सम्बन्धित योजना की मुख्य बातें क्या है ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) और (ख). चौथी योजनावधि के दौरान राजस्थान में किसी नये विमानक्षेत्र के निर्माण का प्रस्ताव नहीं है। जयपुर और उदयपुर विमानक्षेत्रों पर सुधार कार्य करने के प्रस्ताव विचाराधीन हैं। इन सुधार कार्यों का सम्बन्ध दोनों स्थानों पर पर यात्री-कक्षों के विस्तार, तथा जयपुर में धावनपथ के अतिसीमा खन्डों (ओवर रन्स) पर तारकोल बिछाने से है। जोधपुर को भी जल्दी ही विमान मार्ग द्वारा जोड़ा जा रहा है।

कृषि क्षेत्र के लिये राष्ट्रीयकृत बैंकों से ऋण का निर्धारण

1943. **श्रीमती भार्गवी तनकप्पन** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार राष्ट्रीयकृत बैंकों से दिये जाने वाले ऋण को कम से कम 50 प्रतिशत कृषि क्षेत्र के लिए नियत करने का है; और

(ख) यदि हाँ तो उक्त प्रस्ताव को कब तक क्रियान्वित किया जायेगा।

वित्त मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) जी नहीं, चूँकि अर्थ व्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों की आवश्यकताएं अलग-अलग होती हैं, इसलिए किसी भी एक क्षेत्र के लिए ऋण का निश्चित प्रतिशत निर्धारित करना न तो वांछनीय है और न ही सम्भव। फिर भी, उस क्षेत्र को प्राथमिकता दी जा रही है जो बैंक ऋण के सम्बन्ध में उपेक्षित रहे थे।

(ख) यह प्रश्न नहीं उठता।

Loan for the Construction of Bridge over Chambal River in Rajasthan

1944. **Shri Hukam Chand Kachwai :** Will the Minister of **Shipping and Transport** be pleased to state :

(a) whether Government have agreed to advance a loan for the construction of an inter-state bridge over the Chambal River between Sheopur Kalan and Sowai Madhopur vide their letter. No. PL-10(167)/70, dated 22nd January, 1971 ;

(b) if so, the amount of the loan sanctioned and the period of repayment and other terms ; and

(c) the time by which the amount of the loan would be released to the Rajasthan Government for the construction of the bridge as also the time by which the construction work of the bridge would be started ?

The Minister of Parliamentary Affairs and Shipping and Transport (Shri Raj-Bahadur) : (a) Yes, Sir.

(b) and (c). The proposed bridge is estimated to cost Rs. 70 lakhs and it has been agreed to provide a loan to cover this entire cost. As this bridge falls on the boundary of Rajasthan and Madhya Pradesh, the loan of Rs. 70 lakhs will be shared equally by Rajasthan and Madhya Pradesh. Loans required by the State Governments concerned for meeting actual expenditure from year to year will be released on receipt of a demand from them after the sanction of the Plans and Estimates.

At present, the terms and conditions for the repayment of loans sanctioned for such Centrally sponsored Schemes of State roads/bridges of inter-State or economic importance are as under :—

(1) The loans are repayable in a period of 15 years repayments being made in 15 annual equal instalments together with interest on the outstanding balance commencing from the following year.

(2) The amounts annually repayable (by way of principal and interest) would be recovered in four equal instalments on the 1st of July, October, January and March each year.

(3) The loan will carry interest @5% per annum provided that if the principal and/or interest are paid punctually on the due dates, the rate of interest will be reduced to $4\frac{3}{4}$%per annum.

As this is a loan scheme in which two States are involved, the commencement of work would depend on their agreement on the execution of the scheme, and on their preparation of estimates and arrangements for tenders etc. for the execution of the scheme.

Financial Assistance from U.S.A.

1945. **Shri Hukam Chand Kachwai :** Will the Minister of **Finance** be pleased to state:

(a) The total amount of financial aid received by India from the U.S.A. and under PL-480 programme separately during the financial years 1968-69, 1969-70 and 1970-71 ; and

(b) The estimated amount of aid likely to be received by India under PL-480 programme separately during the financial year 1971-72.

The Minister of Finance (Shri Y.B. Chavan) : (a) Economic assistance and PL 480 assistance received (in terms of agreements signed) by India from the U.S.A. for the three years is as follows ;

	1968-69	1969-70	1970-71
Economic Assistance	Rs. 203.1 crores ($270.7 million)	Rs. 155.1 crores ($206.7 million)	Rs. 171.2 crores ($228.2 million)
PL 480 Assistance	Rs. 168.2 crores ($224.3 million)	Rs. 143.6 crores ($191.5 million)	Rs. 118.7 crores ($158.3 million)

(b) It is not possible to estimate these figures pending decisions of the U.S. Congress and the U.S. Administration on the level of PL-480 and economic aid for 1971-72.

Loans to Uttar Pradesh Government.

1946. **Shri Hukam Chand Kachwai :** Will the Minister of **Finance** be pleased to state :

(a) the amount of Central Government loans outstanding against the Government of Uttar Pradesh at present ;

(b) the amount of loan proposed to be granted to the Government of Uttar-Pradesh during the financial year 1971-72 ; and

6. In order to have complete documentation of sculptures at Centrally protected monuments, a phased programme is being drawn up by the Survey. Documentation will facilitate the identification of stolen sculptures and will check smuggling of Art Objects. Necessary staff has been sanctioned for this purpose.

7. Government intends to introduce a comprehensive Bill on antiquities, which will replace the existing Antiquities (Export Control) Act, 1947. The proposed Bill has, besides provision to prevent illegal exports of antiquities, provision for the licensing of antiquity dealers and registration of antiquities in possession of individual owners and for more severe punishment for the violation of the law.

8. It is proposed to enter into bilateral agreements with foreign countries to stop flow of antiquities by illegal means.

9. It is proposed to give in-service training to customs staff for identifying antiquities, so that they may be able to detect when being smuggled out of India. Six posts of Deputy Superintending Archaeologists have been sanctioned on the strength of the Archaeological Survey of India for being posted at important Air and Sea ports to help custom authorities in checking smuggling of antiquities to foreign countries.

10. The C. B. I. has commenced the maintenance of the central records of crimes, Criminals and property involved in cases of this category. This work was started w.e. f. January, 1969.

11. The assistance of the Secretary General, ICPO-Interpol, Paris has been sought to compile a list of all foreign dealers and collectors of Art Objects. This list when

completed will be issued to the Customs Authorities so that any packet addressed to these persons and being smuggled out of the country may be checked.

दिल्ली राज्य नारी-निकेतन द्वारा प्राप्त राशि

1990. **श्री अचल सिंह :** क्या शिक्षा और समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या दिल्ली समाज कल्याण सलाहकार बोर्ड, दिल्ली द्वारा दिल्ली राज्य नारी निकेतन को कुछ धन राशि दी गई थी;

(ख) यदि हां, तो अनुदान की मंजूरी वाले पत्र की संख्या तथा तिथि क्या है;

(ग) क्या उस राशि का हिसाब किताब सरकार को मिला था; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय में उपमंत्री (श्री के० एस० रामास्वामी) : (क) और (ख). केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड ने वयस्क स्त्रियों के लिए शिक्षा के संक्षिप्त पाठ्यक्रम के हेतु अपने पत्र संख्या एफ० 4-2 (डी० एल० एच०) 165-सी०सी० दिनांक 5 नवम्बर, 1965 तथा एफ० 3-1/डी० एल० एच०/68 सी० सी०, दिनांक 22 मार्च, 1968 में क्रमशः 1965-67 के लिए 10,425 रुपये का तथा 1268-70 के लिए 8,000 रुपये का अनुदान मंजूर किया था।

(ग) और (घ). इन अनुदानों के लेखे सरकार को नहीं, केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड को भेजे जाते हैं।

Loans advanced by the Industrial Development Bank of India to Industries.

1991. **Shri M. C. Daga :** Will the Minister of Finance be pleased to state :

(a) the names of the industries to which loans have been advanced by the Industrial Development Bank of India during the last three years, the dates on which the loans have been advanced and the amount of loans advanced;

(b) the total amount of loans advanced by the said bank so far and its capacity to advance loans;

(c) whether new entrepreneurs could not take advantage of the facilities provided by the said bank; and

(d) if so, the reasons therefor?

The Minister of Finance (Shri Y. B. Chavan) : (a) the required information to the extent available is given in the attached Statement. **[Placed in Library See No. LT 392/71]**

(b) Since its inception in July, 1964 to the end of March 31, 1971 the Industrial

Development Bank of India had sanctioned and disbursed loans (including loans for exports) amounting to Rs. 147.80 crores and Rs. 101.40 crores respectively.

Apart from its paid up Capital and Reserves the Industrial Development Bank of India is empowered to raise funds by borrowing from the Central Government and Reserve Bank's National Industrial Credit (Long Term Operations) Fund, issue of bonds, accepting deposits from the public for periods not less than 12 months and borrowing from foreign financial institutions in foreign currency with prior approval of Government. Thus the resources at the disposal of the Industrial Development Bank of India are adequate to meet the demands made on it.

(c) No, Sir.

(d) Does not arise.

Disparity in Emoluments of Central Government Employees

1992. **Shri M. C. Daga** : Will the Minister of **Finance** be pleased to state :

(a) whether there is great disparity in the salaries of Central Government employees;

(b) if so, whether any measures are proposed to be adopted by Government to remove this disparity; and

(c) if not, the reasons therefor ?

The Minister of State in the Ministry of Finance (Shri K. R. Ganesh) : (a) to (c). The salary scales of Central Government employees have been laid down on the basis of the recommendations of the Second Pay Commission with due regard to the duties and responsibilities of the various posts, the recruitment qualifications prescribed, etc. The disparity between the post tax emoluments of employees in the highest grade and the maximum remuneration of the lowest paid staff is also being progressively narrowed down by grant of various allowances and fringe benefits to low paid staff. As a result the disparity ratio in the emoluments between the lowest and the highest (post-tax) has come down from 1:38 in 1947 to about 1:14 at present. The whole question of review of the existing structure of emoluments of Central Government staff is already before the Third Pay Commission and their considered recommendations will have to be awaited by Government.

Grants for Construction of Hostels

1993. **Shri M. C. Daga** : Will the Minister of **Education and Social Welfare** be pleased to state :

(a) the names of colleges to which grants have been given by the University Grants Commission for the construction of hostels during 1970-71 as also the amount of grants given to each college;

(b) whether assistance had been sought in the form of grant for the construction of a hostel by Bangad College in Pali City of Rajasthan;

(c) if so, the amount for grants sought for the purpose; and

(d) whether any grant has been sanctioned for the said college so far, and if not, the reasons therefor ?

The Deputy Minister in Ministry of Education and Social Welfare (Shri D. P. Yadav) : (a) A statement is attached. [**Placed in Library See No. LT 393/71**]

(b) to (d). The U. G. C. has not received any proposal from Bangad College. However, a proposal from Bangur College in Pali City (Rajasthan) for the construction of a hostel at an estimated cost of Rs. 2,55,200 (against which U. G. C. share would be Rs. 1,27,600) has been received. The college has been asked to furnish some additional information.

राजस्थान नहर क्षेत्र में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के परिवारों को भूमि का आवंटन

1994. **श्री पन्नालाल बारूपाल :** क्या शिक्षा और समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के भूमिहीन परिवारों को राजस्थान नहर क्षेत्र में भूमि का आवंटन किया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो क्या उन परिवारों की केवल उपेक्षा ही नहीं की जा रही है बल्कि उनका शोषण भी किया जा रहा है ;

(ग) क्या उपर्युक्त भूमि सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के सम्बन्धियों, धनवान दुकानदारों तथा अन्य लोगों को ही आवंटित की जा रही है ; और

(घ) यदि हां, तो इस अनियमितता और भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय में उपमंत्री (श्री के० एस० रामास्वामी): (क) से (घ). जानकारी राजस्थान सरकार से एकत्रित की जा रही है तथा प्राप्त होते ही उसे सभा पटल पर रख दिया जाएगा ।

Pay scales of Laboratory Attendants working in the Opium Factory, Ghazipur

1995. **Shri Sarjoo Pandey :** Will the Minister of Finance be pleased to state :

(a) whether Government have treated the Laboratory Attendants working in the Opium Factory, Ghazipur as Class III employees;

(b) whether they are not given the same salary and other facilities as are given to other Central Government employees; and

(c) if so, the reasons therefor ?

The Minister of State in the Ministry of Finance (Shri K. R. Ganesh) : (a) There are two categories of Laboratory Attenders at the Opium Factory, Ghazipur. Matriculate Attenders are treated as Class III and non-Matriculates are treated as Class IV employees.

(b) and (c). Although there are two classes of Laboratory Attenders but their pay scale is the same, *viz.* Rs. 85-2-95-3-110-EB-3-128. They are given the same facilities as are provided to o her Central Government employees of comparable categories.

Appointment of Grade Inspectors in the Central Excise and Customs and Narcotics Departments.

1996. **Shri Sarjoo Pandey :** Will the Minister of Finance be pleased to state :

(a) whether Second Pay Commission had recommended that the Grade Inspectors in the Central Excise and Customs and Narcotics Dapartments should be appointed through selection;

(b) whether Government had accepted this recommendation; and

(c) if so, the percentage of Grade Inspectors in these Departments ?

The Minister of State in the Ministry of Finance (Shri K. R. Ganesh) : (a) The Second Pay Commission had recommended the creation of posts of Selection Grade Inspec-tors in the Central Excise Department and Selection Grade Preventive Officers (Grade I) in the Customs Department. No such recommendation had bden made in respect of the Narcotics Departics Department.

(b) Yes, the Government had accepted the recommendation.

(c) The percentage of Selection Grade Inspectors and Preventive Officers Grade I in the Central Excise and Customs Departments is 25%.

आय-कर विवरण फार्मों की कमी

1997. **श्री विक्रम चन्द महाजन :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में, विशेषकर दिल्ली, पंजाब और चन्डीगढ़ में आय-कर विवरण फार्मों की कमी है; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

वित मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश) : (क) जी, नहीं । आय-कर आयुक्तों के किसी भी कार्य-क्षेत्र में, जिसमें दिल्ली और पंजाब भी शामिल हैं, आय-कर विवरणी फार्मों की कोई कमी नहीं है ।

(ख) यह सवाल पैदा ही नहीं होता ।

पाठ्य पुस्तकों का अनुवाद

1998. **श्री एम० रामगोपाल रेड्डी** : क्या **शिक्षा और समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विदेशी प्रकाशनों की ओर से सहयोग की कमी के कारण पाठ्य पुस्तकों के अनुवाद कार्यक्रम की प्रगति संतोषजनक नहीं हो रही है ; और

(ख) यदि हां, तो प्रगति बढ़ाने के लिए क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय में उपमंत्री (श्री डी० पी० यादव) : (क) अधिकारों के लिए बातचीत करने में समय लग जाने के कारण, कुछ चुने गए विश्वविद्यालय स्तर की विदेशी मूल पाठ्य पुस्तकों को भारतीय भाषाओं में अनुवाद करने की प्रगति रुक गई है ।

(ख) सम्बन्धित पक्षों के साथ इन मामलों पर विचार किया जा रहा है ।

अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के व्यक्तियों को लघु उद्योगों के लिए वित्तीय सहायता

1999. **श्रीमती भार्गव तनकप्पन** : क्या **शिक्षा और समाज कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार तथा राज्य सरकारें अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के लोगों को लघु उद्योग आरम्भ करने तथा व्यापार करने के लिए अनुदानों और ऋणों के रूप में वित्तीय सहायता देती है ; और

(ख) यदि हां, तो गत दो वर्षों में उद्योग-वार, व्यापार-वार और राज्य-वार कितनी वित्तीय सहायता दी गई ?

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय में उपमंत्री (श्री के० एस० रामास्वामी) : (क) और (ख) . जानकारी एकत्रित की जा रही है और उपलब्ध होते ही उसे सभा पटल पर रख दिया जाएगा ।

केरल में स्टेट बैंक और वाणिज्यिक बैंकों की शाखाएँ

2000. **श्रीमती भार्गवी तनकप्पन** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केरल में राष्ट्रीयकरण से पूर्व स्टेट बैंक और वाणिज्यिक बैंकों की कितनी शाखाएं थीं और राष्ट्रीयकरण के पश्चात् राष्ट्रीयकृत बैंकों ने वहां कितनी नई शाखाएं खोलीं;

(ख) राष्ट्रीयकरण के पश्चात् उक्त शाखाओं ने विभिन्न प्रयोजनों के लिये विभिन्न व्यक्तियों और संस्थाओं को कितने ऋण दिए और ऋण देने के नियम और शर्तें क्या थीं ; और

(ग) वर्तमान कार्यक्रम के अनुसार केरल में किन-किन स्थानों पर और अधिक शाखाएं खोलने का विचार है ?

वित्त मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हाण) : (क) केरल में जून, 1969 के अन्त में और मार्च, 1971 के अन्त में स्टेट बैंक तथा अन्य वाणिज्यिक बैंकों के कार्यालयों की जो संख्या थी नीचे दी गई है :—

बैंक समूह	निम्नलिखित तारीख को कार्यालयों की संख्या		30-6-69 और 31-3-71 के बीच खोले गये नये कार्यालयों की संख्या
	30 6-69	31-3-71	
1. स्टेट बैंक आफ इण्डिया समूह	151	208	57
2. चौदह राष्ट्रीयकृत बैंक	179	265	86
3. अन्य वाणिज्य बैंक	281	345	74
जोड़	601	818	217

(ख) और (ग) : सूचना तत्काल उपलब्ध नहीं है। जहां तक सम्भव होगा इसे एकत्रित किया जाएगा और सभा-पटल पर रख दिया जाएगा।

आय-कर विभाग, दिल्ली में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के कर्मचारी

2001. **श्री कमल मिश्र मधुकर** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आय-कर विभाग, दिल्ली में पर्यवेक्षक, हैड क्लर्क, निरीक्षक और उच्च श्रेणी लिपिक तथा अवर श्रेणी लिपिक के संवर्गों (केडर) में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों के लिए कुल कितने पद आरक्षित हैं ;

(ख) गत तीन वर्षों में, वर्ष-वार प्रत्येक संवर्ग में कुल कितने कर्मचारियों की पदोन्नति हुई और उनमें से प्रत्येक संवर्ग में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित आदिम जातियों के कर्मचारियों की संख्या कितनी-कितनी है ;

(ग) गत तीन वर्षों में वर्ष-वार, प्रत्येक संवर्ग में इन वर्गों के उम्मीदवार न मिलने के कारण कुल कितने पद रिक्त रहे और आगामी वर्ष में पदों के सम्मिलित किए गए;

(घ) उनके लिए आरक्षित पदों को भरने के लिए क्या कार्यवाही की गई है और क्या उपर्युक्त संवर्ग के कुछ पदों को आरक्षित पदों में से निकाल दिया गया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी व्यौरा क्या है और इस प्रकार का निर्णय लिए जाने के क्या कारण हैं ?

वित्त मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री के० आर० गणेश) : (क) से (ग). सूचना क्रमशः अनुबंध 1, 2 और 3 में दी गई है [**ग्रंथालय में रखे गए देखिये संख्या एल० टी०** 394 / 71]

(घ) बिना भरे रिक्त पदों को 3 परवर्ती भरती वर्षों में आगे ले जाया जाता है । जी हां, कुछ पदों को आरक्षण बाह्य कर दिया जाता है ।

(ङ) राजस्व अर्जक विभागों में पदों को अनिश्चित अवधियों के लिए खाली रखना कार्य के हित में नहीं होगा ।

दिल्ली फ्लाइंग क्लब द्वारा उड़ान प्रशिक्षण फीस में वृद्धि

2002. **श्री परिपूर्णानन्द पैन्यूली** : क्या **पर्यटन तथा नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली फ्लाइंग क्लब ने उड़ान प्रशिक्षण फीस में वृद्धि कर दी है ;

(ख) यदि हां, तो पुनरीक्षित फीस से क्लब की अर्थ-व्यवस्था पर कितना विपरीत प्रभाव पड़ा है ;

(ग) लगभग आधा प्रशिक्षण पूरा कर लेने वाले ऐसे कितने युवकों को फीस की दरों में अचानक वृद्धि किए जाने के कारण अपने अग्रेतर प्रशिक्षण को छोड़ना पड़ा ; और

(घ) क्या प्रभावित व्यक्तियों को मुआवजा दिया जाएगा ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) उपदान प्राप्त उड़ान के लिए प्रति घण्टे की शुल्क दर में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। परन्तु वाणिज्यिक विमानचालन लाइसेन्स-धारियों में फैली हुई वर्तमान बेकारी को दृष्टि में रखते हुए, 1 अप्रैल, 1971 से व्यक्तिगत प्रशिक्षणार्थियों के लिए उपदान प्राप्त उड़ान की सुविधा को निजी विमानचालक के लाइसेन्स स्तर तक अर्थात (60 घण्टों तक) सीमित कर दिया गया है।

(ख) प्रश्न नही उठता।

(ग) यह निर्णय किया गया कि ऐसे प्रशिक्षणार्थियों को जिन्होंने अपना निजी विमान चालन लाइसेन्स प्राप्त कर लिया था और 31 मार्च, 1970 को 150 घण्टों की उड़ान पूरी कर चुके थे, उन्हें सामान्य शर्तों को पूरा करने की अवस्था में 250 घण्टों की अधिकतम उड़ान के लिए उपदान प्राप्त उड़ान की सुविधा से लाभ उठाने की अनुमति प्रदान की जाएगी। ऐसे प्रशिक्षणार्थी जिन्होंने 31 मार्च, 1971 को अथवा इससे पूर्व अपना निजी विमानचालन लाइसेन्स प्राप्त कर लिया था परन्तु इस तारीख को 150 घण्टे की उड़ान पूरी नहीं की थी, वे आगे की उड़ान 75 रुपये प्रति घण्टे की उपदान रहित शुल्क-दर पर उड़ान कर सकते हैं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर ध्यान दिलाना

CALLING ATTENTION TO A MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

बंगला देश से आए हुए शरणार्थियों में से कुछ शरणार्थियों को अपने राज्यों में रखने से कुछ राज्यों द्वारा इंकार किये जाने का कथित समाचार

अध्यक्ष महोदय : अब हम ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर विचार करेंगे।

श्री इन्द्र जीत गुप्त (अलीपुर :) परन्तु मंत्री महोदय कहाँ पर हैं ?

अध्यक्ष महोदय : वह राज्य सभा में प्रश्नों का उत्तर दे रहे हैं और अब आते ही होंगे ? तब तक हम औपचारिक कार्य को ले सकते हैं।

श्री पी० के० देव (काला हांडी) : ऐसी प्रक्रिया तो पहले कभी नहीं अपनाई गई। हम इसका विरोध करते हैं।

अध्यक्ष महोदय : वह राज्य सभा में व्यस्त हैं। शायद वहां पर भी यह विषय उठाया गया है। आपको इस प्रकार धैर्य नहीं खोना चाहिए। मंत्री महोदय आ गए हैं । अतः अब हम ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर विचार करेंगे।

श्री इन्द्रजीत गुप्त : मैं श्रम और पुनर्वास मंत्री का ध्यान अविलम्बनीय लोक महत्व के निम्नलिखित विषय की ओर दिलाता हूं और उनसे प्रार्थना करता हूं कि वह इस संबंध में एक वक्तव्य दें :

"बंगला देश से आए हुए शरणार्थियों में से कुछ शरणार्थियों को अपने राज्य में रखने से आन्ध्र प्रदेश, तमिल नाडु और कुछ अन्य राज्यों द्वारा कथित इंकार"

श्रम और पुनर्वास मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बाल गोविन्द वर्मा) : सरकार का ध्यान उन समाचारों की ओर आकर्षित किया गया है जो आन्ध्र प्रदेश और तमिल नाडु की सरकारों तथा कुछ अन्य राज्यों द्वारा पूर्वी बंगाल से आए शरणार्थियों को अपने यहां रखने की कथित अस्वीकृति के बारे में कुछ समाचार पत्रों में छपे हैं। इस सन्दर्भ में यह कहना उपयुक्त होगा कि भारत सरकार का पक्का इरादा है कि पूर्वी बंगाल के इन शरणार्थियों को सीमा के समीप ही रखा जाए ताकि पूर्वी बंगाल में सामान्य स्थिति होते ही वे अपने घरों को लौट सकें। उस समय तक भारत सरकार पूर्वी बंगाल के इन शरणार्थियों को विशुद्धतः मानवता के आधार पर आवश्यक राहत सहायता देती रहेगी।

2. हाल ही में पूर्वी बंगाल से शरणार्थियों के बहुत बड़ी संख्या में आ जाने के कारण पश्चिमी बंगाल और त्रिपुरा के सीमावर्ती राज्यों में बड़ी भीड़ हो गई है और सम्बन्धित राज्य सरकारें इस समस्या को हल करने में अपनी असमर्थता प्रकट कर रही है। अतः इन दो राज्यों में शरणार्थियों के दबाव को कम करने के लिए कुछ शरणार्थियों को वहाँ से पश्चिमी बंगाल के भीतरी क्षेत्रों में या अन्य राज्यों के बड़े शिविरों में भेजने का निणर्य किया गया है। इन शिविरों का संचालन तथा प्रशासन केन्द्रीय सरकार द्वारा किया जाएगा। यह निर्णय किया गया है कि इन शिविरों को केन्द्रीय सरकार की जमीनों पर, जहाँ तक सम्भव होगा बन्द कर दिए गए विमान क्षेत्रों आदि पर स्थापित किया जाएगा। ऐसे शिविरों को बिहार, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे निकटवर्ती राज्यों में स्थापित करने के प्रस्ताव पर सक्रियता से विचार किया जा रहा है। यदि बचा जा सका तो शरणार्थियों को पश्चिमी बंगाल से आंध्र प्रदेश तथा तमिल नाडु के सुदूर स्थानों पर भेजने का कोई प्रस्ताव नहीं है। अभी तक भारत सरकार ने केन्द्रीय शिविर स्थापित करने के लिए अन्य राज्य सरकारों को नहीं लिखा है। क्योंकि जैसा कि पहले कहा जा चुका है ये शिविर केन्द्रीय सरकार की जमीनों पर स्थापित किए जा रहे हैं और उनका प्रशासन तथा संचालन भी केन्द्रीय सरकार करेगी। अतः आंध्र प्रदेश तथा तमिल नाडु सरकारों द्वारा शरणार्थियों को लेने की कथित अस्वीकृति का प्रश्न नहीं उठता।

श्री इन्द्र जीत गुप्त : यह प्रसन्नता की बात है कि किसी भी राज्य सरकार ने शरणार्थियों

को अपने राज्य में रखने से इंकार नहीं किया है। हमारे ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का आधार आन्ध्र प्रदेश तथा तमिल नाडु सरकार के मंत्रियों के समाचार पत्रों में प्रकाशित वक्तव्य थे ।

विवरण में कही गई यह बात परस्पर विरोधी प्रतीत होती है कि सीमावर्ती राज्यों पश्चिमी बंगाल और त्रिपुरा में बहुत भीड़ हो जाने के कारण राज्य सरकारों ने इस समस्या को हल करने में अपनी असमर्थता प्रकट की है और इन से राज्यों में शरणार्थियों की संख्या कम करने के लिए कुछ शरणार्थियों को पश्चिम बंगाल के भीतरी क्षेत्रों में या अन्य राज्यों के बड़े शिविरों में भेजने का निर्णय किया गया है। राज्य के भीतरी भागों में शरणार्थियों के भेजने से उक्त राज्यों पर शरणार्थियों का भार किस प्रकार कम होगा। इस संबंधमें सरकार द्वारा स्पष्टीकरण दिया जाए और या सरकार अपना यह तर्क छोड़े। सरकार यह भी स्पष्ट करे कि अन्य राज्यों में कितने शरणार्थियों को भेजा जायेगा।

दूसरे इन लोगों को किस प्रकार से दूसरे राज्यों में भेजा जाएगा । समाचार पत्रों के अनुसार इस कार्य के लिए रेलवे की सहायता मांगी गई है और कलकत्ता से प्रतिदिन सात रेल गाड़ियां इस कार्य के लिए चलाई जाएंगी। इन लोगों को यदि विभिन्न शिविरों में ले जाने के लिए यदि केवल रेल व्यवस्था का ही सहारा लिया गया तो यह ढंग पर्याप्त नहीं होगा । अतः परिवहन के अन्य तरीकों का भी उपयोग किया जाना चाहिए।

यह ठीक है कि ये शिविर सीधे केन्द्रीय सरकार के नियंत्रण में और केन्द्रीय सरकार की ज़मीन पर होंगे अतः इन के लिए राज्य सरकारों की औपचारिक स्वीकृति अपेक्षित नहीं है । परन्तु फिर भी जब कि राज्य विशेष में इतने व्यक्तियों को रखा जाना है तो उस राज्य विशेष के साथ कुछ परामर्श तो किया ही जाना चाहिए। राज्य सरकारों में उत्पन्न होने वाली शंकाओं का समाधान भी आवश्यक है । प्रत्येक राज्य यह चाहेगा कि उस राज्य में भेजे जाने वाले शरणार्थी हैजा आदि जैसी महामारी से मुक्त हों और इस संबंध में उन्होंने टीके आदि लगवा रखे हों।

इन लोगों को जिन शिविरों में भेजा जाए वहां के लिए राहत सामग्री के पर्याप्त प्रबन्ध होने चाहियें। दम दम हवाई अड्डे पर बहुत सा सामान जमा पड़ा है। इस बारे में आश्वासन दिए जाने के उपरान्त भी सामान को वहां से त्वारित रूप से हटाने के लिए कोई कार्यवाही नहीं की गई प्रतीत होती है। अतः राहत सामग्री के संबंध में राज्य सरकारों की शंका स्वाभाविक ही है।

ऐसी भी खबरें हैं कि शरणार्थी अन्य राज्यों में जाना नहीं चाहते। कुछ लोग उन्हें बंगाल से दूर न जाने के संबंध में बहका भी रहे हैं । यदि यह सब ठीक है तो सरकार इस बारे में क्या कर रही है ? मेरा सुझाव है कि शरणार्थियों को समझाने हेतु पूर्वी बंगाल से आए अवामी लीग के नेताओं आदि का सहयोग प्राप्त किया जाए।

श्री बाल गोविन्द वर्मा : जहां तक सीमावर्ती राज्यों में भीड़ की बात है स्थिति इस प्रकार है कि जनसंख्या का दबाव दूरस्थ क्षेत्रों की अपेक्षा सीमावर्ती क्षेत्रों में अधिक है। इस कारण हमने उन्हें

अन्य स्थानों को भेजने का निर्णय किया है।

पश्चिमी बंगाल, त्रिपुरा और अन्य पड़ौसी राज्यों में हमारा 50 बड़े-बड़े केन्द्रीय शिविर स्थापित करने का विचार है और इन शिविरों में 25 लाख व्यक्ति भेजे जायेंगे। शरणार्थियों को अन्य स्थानों पर ले जाने के लिए रेल गाड़ियों के उपयोग के साथ-साथ अमरीका, रूस, आस्ट्रेलिया व इंगलैंड द्वारा भेजे गए बड़े-बड़े परिवहन जहाजों का भी उपयोग किया जाएगा।

हमने इस बात के लिए पूर्ण सावधानी बरती है कि हैजा अथवा अन्य बीमारी वाले शरणार्थियों को अन्य स्थानों पर न भेजा जाए। डाक्टरों को दिखा कर ही शरणार्थियों का स्थानान्तरण किया जाता है जिससे कि यह रोग अधिक न फैलें। जहां तक दम दम हवाई अड्डे से राहत सामग्री के न हटाने की बात है इस समय वहां पर कोई सामग्री नहीं है। शरणार्थी, विशेषतः एक स्थान से आए हुए, आपस में मिल कर रहना चाहते हैं। यह स्वाभाविक है अतः हमने यह निश्चय किया है कि जहां तक संभव हो एक स्थान से आए हुए शरणार्थियों को इकट्ठे दूसरे स्थान पर भेजा जाएगा और जहां यह सम्भव नहीं होगा वहां डराने धमकाने के स्थान पर उन्हें समझाया जाएगा।

श्री देवेन्द्र सिंह गार्चा (लुधियाना) बंगला देश से आए शरणार्थियों की देखरेख हम इस विचार के साथ कर रहे हैं कि पूर्वी बंगाल में स्थिति सामान्य होते ही वे अपने घरों को लौट सकें। परन्तु पाकिस्तान के राष्ट्रपति के वक्तव्य से इस स्थिति को धक्का लगता है। उनके वक्तव्य से स्पष्ट है कि पाकिस्तान के राष्ट्रपति बंगला देश के इन शरणार्थियों को भारतीय निराश्रित समझते हैं और निकट भविष्य में पाकिस्तान इन लोगों को वापस उस देश जाने से रोकेगा। क्या इस स्थिति को देखते हुए हम पाकिस्तान द्वारा इन लोगों के वापस लेने के बारे में कोई तिथि निश्चित करेंगे जिसमें असफलता की स्थिति में हम अपनी आर्थिक एवं राजनैतिक सुरक्षा की दृष्टि से कोई भी कार्यवाही करने को स्वतंत्र होंगे ?

श्री बाल गोविन्द वर्मा : हमारा विचार है कि छह महीने के भीतर स्थिति सामान्य हो जाएगी और यह अभागे लोग वापस चले जायेंगे।

श्री समर गुह : सामान्य स्थिति से क्या तात्पर्य है···?

अध्यक्ष महोदय : इस अन्तर्बाधा को कार्यवाही वृत्तांत में नहीं लिखा जाएगा।

श्री समर गुह : * * *

श्री बाल गोविन्द वर्मा : इस बात से हमे कोई मतलब नहीं कि पाकिस्तान क्या कहता है। हमारी प्रधानमंत्री ने इस सदन में स्पष्ट कहा है कि यह पाकिस्तान का ही आंतरिक मामला नह भारत का भी आंतरिक मामला है। अतः भारत सरकार कोई भी कार्यवाही करने के लिए स्वतत्रीं है। हम अन्तर्राष्ट्रीय वातावरण बना रहे हैं। माननीय सदस्य को कोई शंका नहीं होनी चाहिए।

* * * कार्यवाही वृत्तान्त मे सम्मिलित नही किया गया।

Shri R. V. Bade (Khargone) : This is a national problem. All the States should be persuaded to accept the refugees. Government intends to settle 15,000 refugees in Mana Camp in Madhya Pradesh. In addition to tibetan refugees and Burma Repatriates about 65,000 former refugees from East Bengal are already there. Madhya Pradesh Government has stated that there is no more space available in that Camp. What is the reaction of Central Government to this ?

Government should consider settling these refugees in Morena area of Chambal Valley and refugees should be settled in Jammu and Kashmir. There was a Press Report that a 12-hour strike was observed in shillong against the influx of refugees in Meghalaya.

Mr. Speaker : This is not relevant to the subject matter of Calling Attention Notice. This is not good.

Shri R. V. Bade : There was a Press Report that Government would not entertain any responsibility in regard to these refugees who refuse to go out of West Bengal, and those who are staying with their relations. What is the policy of the Government in this regard ?

Shri Bal Govind Verma : Settlement of old refugees in Mana Camp is a different matter and it is not related to new refugees. Government intends to settle 1.50 lakh refugees in Mana Camp and all the expenses for setting up a Camp there would be borne by the Central Government. We do not want to take refugees to far off places like Jammu and Kashmir.

अध्यक्ष महोदय : क्या मंत्री महोदय का विश्वास है कि वह लोग वापस जायेंगे ।

श्री समर गुह (कन्टाई) : यदि सरकार बंगला देश के संबंध में अपनी नीति बदले तो . . . (**अन्तर्बाधाएं**)

Shri Bal Govind Verma : It is not the intention of the Government to take refugees to far off places. We would therefore keep them in neighbouring States. We have also seen Press Reports about Coercive measures, but we have not taken any decision in that regard.

Shri Phool Chand Verma (Ujjain) : The problem of refugees is a life and death problem to this country. Economy of the country is going to be shattered, But the Minister as well as our Government appears to be confused to this regard. May I know whether some National Policy is being formulated for their settlement ? The problem of refugees has a direct bearing on our defence and economic policies.

Shri Bal Govind Verma : It is not understood why the question of settling the refugees is being raised. We are merely giving them shelter for the time being and as soon as the situation improves, they would be sent back.

श्री ज्योतिर्मय बसु : संसद सदस्य तथा भूतपूर्व ब्रिटिश मंत्री, श्री जॉन स्टोनहाउस ने पाकिस्तानी सैनिक नेताओं द्वारा बंगला देश में किए गए अत्याचारों पर विचार करने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय न्याय आयोग की स्थापना का सुझाव दिया है । राज्य में पाकिस्तान की हरकतें इस

सीमा तक पहुंच गई हैं कि अब केवल यह बात उस देश का आंतरिक मामला ही नहीं रह गया। यह सारे विश्व समुदाय का मामला है। इस सम्बन्ध में विश्व जनमत जागृत किया जाए।

सभा पटल पर रखे गये पत्र

PAPERS LAID ON THE TABLE

मैसूर विधान-मंडल (सदस्यों के वेतन) (संशोधन) नियम, 1971

संसदीय कार्य और नौवहन तथा परिवहन मंत्री (श्री राजबहादुर) : मैं मैसूर राज्य के सम्बन्ध में राष्ट्रपति द्वारा जारी की गई दिनांक 27 मार्च, 1971 की उद्घोषणा के खण्ड (ग) (चार) के साथ पठित मैसूर विधान-मंडल वेतन अधिनियम, 1956 की धारा 15 की उपधारा (2) के अन्तर्गत, मैसूर विधान-मंडल (सदस्यों के वेतन) (संशोधन) नियम, 1971 की एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूं, जो मैसूर के राजपत्र, दिनांक 7 मई, 1971 में अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 117 में प्रकाशित हुए थे। [**ग्रंथालय में रखी गई। देखिए संख्या एल० टी०** 379/71]

विक्टोरिया मैमोरियल हाल, कलकत्ता के न्यासियों की कार्यसमिति का वार्षिक प्रतिवेदन तथा उसके लेखा परीक्षित लेखे

शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्रालय में उपमंत्री (श्री के० एस० रामास्वामी) : मैं विक्टोरिया मेमोरियल हाल, कलकत्ता के न्यासियों की कार्यकारिणी समिति के वर्ष 1969-70 के वार्षिक प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति तथा लेखापरीक्षित लेखे सभा-पटल पर रखता हूं। [**ग्रंथालय में रखी गई। देखिए संख्या एल० टी०** 380/71]

केन्द्रीय उत्पादन शुल्क नियम, लवण अधिनियम, सीमा शुल्क अधिनियम के अन्तर्गत अधिसूचनाएं

वित्त मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री के० आर० गणेश) : मैं निम्नलिखित पत्र सभा-पटल पर रखता हूं :—

(1) केन्द्रीय उत्पादन शुल्क नियम, 1944 के अन्तर्गत जारी की गई अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 612 (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति, जो भारत के राजपत्र, दिनांक 24 अप्रैल, 1971 में प्रकाशित हुई थी तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन। **ग्रंथालय में रखी गई। देखिए संख्या एल० टी०** 381/70]

(2) केन्द्रीय उत्पादन शुल्क और लवण अधिनियम, 1944 की धारा 38 के अन्तर्गत केन्द्रीय उत्पादन शुल्क (छठा संशोधन) नियम, 1971 (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की

एक प्रति, जो भारत के राजपत्र दिनांक 22 मई, 1971 में अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 771 में प्रकाशित हुए थे। **[ग्रंथालय में रखी गई। देखिए संख्या एल० टी० 382/71]**

(3) सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 159 के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक-एक प्रति :—

(एक) जी० एस० आर० 772, जो भारत के राजपत्र, दिनांक 22 मई, 1971 में प्रकाशित हुआ था तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(दो) जी० एस० आर० 773, जो भारत के राजपत्र दिनांक 22 मई, 1971 में प्रकाशित हुआ था तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन। **[ग्रंथालय में रखी गई। देखिए संख्या एल० टी० 3831/71]**

कम्पनी कार्य विभाग में उपमंत्री (श्री वेदव्रत बरुआ) : मैं कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 637 की उपधारा (3) के अन्तर्गत अधिसूचना संख्या जी० एस० आर० 686 (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति सभा-पटल पर रखता हूँ जो, भारत के राजपत्र, दिनांक 4 मई, 1971 में प्रकाशित हुई थी। **[ग्रंथालय में रखी गई। देखिए संख्या एल० टी० 384/71]**

सभा का कार्य

BUSINESS OF THE HOUSE

संसदीय कार्य तथा नौवहन और परिवहन मंत्री (श्री राजबहादुर) : मैं घोषणा करता हूं कि सोमवार, 14 जून, 1971 से प्रारम्भ होने वाले सप्ताह में निम्नलिखित सरकारी कार्य किया जाएगा :—

(1) बंगाल वित्त (बिक्री कर) (दिल्ली नियुक्ति और कार्यवाही का विधिमान्यकरण) विधेयक, 1971

(आगे विचार तथा पास करना)

(2) स्वर्ण (नियंत्रण) संशोधन विधेयक, 1971

(विचार तथा पास करना)

(3) वर्ष 1971-72 के लिए अनुदानों की मांगों (रेलवे) पर चर्चा तथा मतदान।

(4) संसद अधिकारियों के वेतन तथा भत्ते (संशोधन) विधेयक, 1971

(विचार तथा पास करना)

(5) आंतरिक सुरक्षा बनाये रखना अध्यादेश, 1971 के निरनुमोदन के लिए सांविधिक संकल्प पर चर्चा ।

(6) आंतरिक सुरक्षा बनाए रखना विधेयक, 1971

(विचार तथा पास करना)

(7) पश्चिम बंगाल सुरक्षा (त्रिपुरा पुनरधिनियमन) दूसरा संशोधन अध्यादेश, 1971 के निरनुमोदन के लिए सांविधिक संकल्प पर चर्चा ।

(8) 13 मई, 1971 को राष्ट्रपति द्वारा गुजरात राज्य के सम्बन्ध में जारी किए उद्घोषणा के अनुमोदन के लिए सांविधिक संकल्प पर चर्चा ।

(9) मैसूर राज्य विधान-मण्डल (शक्तियों का प्रत्यायोजन) विधेयक, 1971, राज्य सभा द्वारा पास किए गए रूप में

(विचार तथा पास करना)

(10) अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक 1970

(विधेयक को संयुक्त समिति को सौंपने को राज्य सभा की सिफारिश पर सहमति के लिए प्रस्ताव)

श्री समर गुह : उठे***

अध्यक्ष महोदय : मैंने आपके पत्र पर विचार कर लिया है। मैं उसे मंत्री महोदय को भेज दूंगा । उस पर इस समय विचार नहीं किया जा सकता ।

श्री समर गुह : मैं आपके द्वारा संसदीय कार्य मंत्री से कुछ अनुरोध करना चाहता हूं।...

अध्यक्ष महोदय : यह सब कार्यवाही वृत्तान्त में नहीं जायेगी ।

श्री समर गुह***

अध्यक्ष महोदय : कृपया आप बैठ जायें । आप हमेशा खड़े होकर कार्यवाही में बाधा डालते हैं । इस समय हम कार्यवाही मंत्रणा । समिति की रिपोर्ट पर विचार कर रहे हैं और श्री खाडिल कर के विदेश जाने, श्री मुजीबुर्रहमान आदि बातों का इससे कोई सम्बंध नही है ।

*** **श्री समर गुह** : कार्यवाही वृत्तांत में सम्मिलित नहीं की गयी ।

श्री पी० के० देव (कालाहांडी) : लोक पाल तथा लोकायुक्त विधेयक पिछली लोकसभा द्वारा पारित रूप में राज्य सभा को भेजा गया था परन्तु मध्यावधि चुनावों के कारण वह विधेयक समाप्त हो गया। यही स्थिति जांच संशोधन आयोग विधेयक की भी थी। इन विधेयकों को कब पुनः पुर.-स्थापित किया जाएगा ?

श्री राजबहादुर इस प्रकार के सभी विधेयकों के पुर: स्थापन के प्रश्न पर विचार हो रहा है।

अनुदानों की मांगें (मणिपुर) 1971-72
DEMANDS FOR GRANTS (MANIPUR) 1971-72

श्री एस० एम० बनर्जी (कानपुर) : अच्छी सड़कों का अभाव मनीपुर के लोगों की एक अन्य समस्या है। मनीपुर पहुंचने के लिए या तो बरास्ता कलकत्ता गाड़ी से जाया जा सकता है और या हवाई जहाज के द्वारा। गाड़ी नागालैंड होकर जाती है अतः उस रास्ते से जाने में लोगों के लूटे जाने और मारे जाने की संभावना रहती है। हवाई यात्रा के लिए किराया बहुत अधिक है। कलकत्ता से इम्फाल तक का हवाई जहाज का किराया घटाने के बारे में केन्द्रीय सरकार को कई बार अनुरोध किया गया है। अतः जब तक संचार व्यवस्था में सुधार नहीं होता और सड़कों का निर्माण नहीं हो जाता तब तक हवाई किराया घटाया जाना चाहिए। इस बारे में लगभग दो वर्ष पूर्व भी सदन में आश्वासन दिया गया था। परन्तु कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

मनीपुर बहुत ही सामरिक महत्व का क्षेत्र है। अतः सुरक्षा उद्देश्यों से भी सड़कों की वहां बहुत आवश्यकता है। सीमा सड़क संगठन द्वारा कुछ सड़कें बनाई जा रही हैं परन्तु वे केवल सेना के उपयोग के लिए हैं। कलकत्ता से मनीपुर तक एक राष्ट्रीय राजपथ का निर्माण होना चाहिए। जिससे कि चीन अथवा पाकिस्तान व किसी अन्य सीमावर्ती देश द्वारा आक्रमण की स्थिति में यह भाग बाकी के देश से कट न जायें।

मनीपुर का हस्तशिल्प कौशल विश्व प्रसिद्ध है। घरेलू उद्योग के रूप में वहां रजाईयां बनती हैं जो बहुत ही सुन्दर हैं। इस प्रकार की वस्तुएं दिल्ली तक में उपलब्ध नहीं हैं। सरकार को इस ओर यथोचित ध्यान देना चाहिए और वहां के घरेलू उद्योगों को निर्यात उद्देश्यों से विकसित करना चाहिए।

उस क्षेत्र में स्कूल, कालेज तथा प्रशिक्षण संस्थाएं खोली जानी चाहिए। ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि वह राज्य केन्द्र पर निर्भर न रहे। परन्तु यह तभी संभव हो सकता है यदि वहां चुनाव करवा कर लोकतन्त्रात्मक सरकार की स्थापना हो और उस राज्य को सम्पूर्ण राज्य का दर्जा मिले। यदि उस क्षेत्र को पूर्ण राज्य का दर्जा नहीं दिया गया तो वहां के लोग इसके लिए संघर्ष करेंगे अतः सरकार स्थिति की गम्भीरता पहचाने और ऐसी स्थिति को आने से रोके।

Shri G P. Yadav (Katihar) : Manipur area abounds in natural resources and moreover being a border area it is of strategic importance. But in spite of this this area has remained neglected.

Nagaland whose population is half than that of Manipur and Tripura has been given a status of full Statehood. Therefore the denial of same right to the people of Manipur a tantamount to injustice to them. The Government should therefore concede the demand of the people of the area and accord Statehood to Manipur and Tripura. Resentment among the people on this account explains why the people are falling a prey to successionist tendencies.

अध्यक्ष महोदय : आप भोजन-काल के उपरान्त अपना भाषण जारी रख सकते हैं। भोजन काल के पश्चात् सभा 2 बजे फिर समवेत होगी।

इसके पश्चात् लोक सभा दोपहर के दो बजे तक के लिए स्थगित हो गई

The Lok Sabha adjourned for lunch till fourteen of the Clock

भोजन काल के उपरान्त लोक सभा दो बजकर पांच मिनट पर पुन: समवेत हुई।

The Lok Sabha re-assembled after lunch at five minntes past fourteen of the Clock

[उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए
Mr. Deputy Speaker in the Chair]

Shri G. P. Yadav : There are about 1802 villages in Manipur and out of these about 1000 villages lack in means of communication. There are periods in a year when this part remains cut off from the rest of the country. The economic condition of the people of the area is not good, because proper development of the area did not take place during the last 23 years. All this is creating discontent among the people and has led to a reparatist movement. Christian Missionaries are taking full advantage of this situation and encouraging the separatist movement. Nagaland trouble is due to the encouragement given by Christian Missionaries to separatist Movement in that area. A similar trouble is being incited in Manipur and Tripura also. Government should rise to the occassion and fulfil its promises. Government should also appoint a commission to suggest the ways for proper development of agriculture, industry, education and means of communication in all the mountaneous regions including Manipur and Tripura.

श्री एन० टोम्बी सिंह (आन्तरिक मनीपुर) : हाल के मध्यावधि चुनावों में हमारे दल को देश में अत्यधिक समर्थन प्राप्त हुआ और यह पहला अवसर है कि हमारे दल ने मनीपुर से लोक सभा के दो स्थान जीते हैं। इसका कारण है लोगों में हमारे दल के प्रति विश्वास। इस कारण हमारा कर्तव्य है कि लोगों का विश्वास प्राप्त करने के लिए हमने देश में औद्योगिक विकास संबंधी प्रादेशिक विषमताओं को दूर करने आदि के संबंध में जो आश्वासन दिये उनके लिए कार्यकरें।

मनीपुर को सम्पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने की व्यापक मांग को देखते हुए सरकार ने चौथी लोक सभा के भंग किये जाने के पूर्व इस संबंध में आश्वासन दिया था परन्तु उसको अभी कार्यान्वित नहीं किया गया। सरकार इस की ओर ध्यान दे। मनीपुर की राजनैतिक स्थिति का महत्वपूर्ण पहलू यह है कि पिछले काफी समय से वहां पर लोकप्रिय शासन न होकर राष्ट्रपति शासन लागू है। अतः शीघ्रातिशीघ्र मनीपुर-त्रिपुरा को सम्पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाये जिससे कि वहां पर लोकप्रिय सरकार बन सके। यदि इस मांग को स्वीकार करने में और अधिक देरी की गई तो इसके गंभीर परिणाम निकल सकते हैं। यह बात वास्तविकता है न कि कोरी चेतावनी मात्र।

मनीपुर दिल्ली से बहुत दूर है अतः यहां के लोग वहां की वास्तविक समस्याओं को नहीं समझते। यहां पर सामान्यतया कहा जाता है कि मनीपुर चीन के साथ लगने वाला प्रदेश है। परन्तु वास्तविकता यह है कि मनीपुर की सीमा तीन ओर से बर्मा देश के साथ लगती है। अतः वहां की समस्याओं को समझने का कोई प्रयास नहीं किया जाता।

मनीपुर में उद्योगों की स्थापना की बहुत संभावनाएं हैं। कागज, माचिस तथा सीमेंट उद्योग के लिए वहां कच्चा माल बहुतायत में मिलता है। इसके बावजूद भी उस क्षेत्र का भूतत्वीय सर्वेक्षण नहीं किया गया है परन्तु दुख की बात यह है कि मनीपुर, त्रिपुरा, नागालैंड, नेफा और मेघालय आदि के संबंध में सरकारके निर्णय केवल जनसंख्या को आधार बना कर लिये जाते हैं जबकि उनका आधार उस क्षेत्र के संसाधन आदि भी होने चाहिएं।

हमारे देश में कुछ लोगों के मन में देश के छोटे-छोटे एककों के प्रति उपनिवेश की भावना पनप रही है जोकि बहुत ही अनुचित है। हम अपने दिलों को टटोलें और देश के छोटे-छोटे एककों के प्रति अपने भावों को गलत रास्ते पर न चलने दें, जिससे कि पाकिस्तान व बंगला देश जैसी स्थिति अपने देश में भी पैदा न हो।

काफी समय से मनीपुरी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित किए जाने की मांग उठाई जा रही है। यह बात कुछ लोगों को बड़ी विचित्र लगती है। परन्तु हमें इस बात को ध्यान में लेना है कि मनीपुर की अपनी ही संस्कृति है जोकि प्राचीन और समृद्ध है। अक्टूबर 1949 में देश में इस भाग के विलय से पूर्व मनीपुरी भाषा वहां सरकारी कार्यालयों और कचहरी में प्रयुक्त होती थी, अतः इस मांग में कोई अनौचित्य नहीं है और इसे स्वीकार किया जाना चाहिए।

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश) : मनीपुर की समस्याओं को मैं भलीभांति समझता हूं। मनीपुर क्षेत्र के संसद् सदस्यों ने उस क्षेत्र की वास्तविक कठिनाइयों को सभा के समक्ष प्रस्तुत किया है, मुख्य प्रश्न यह रखा गया है कि मनीपुर को राज्य का दर्जा दिया जाना चाहिए। जैसाकि सभा को पता है प्रधान मंत्री ने घोषणा की थी कि त्रिपुरा और मेघालय के साथ साथ मनीपुर को राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग को भी सिद्धान्त रूप में स्वीकार कर लिया गया है। मंत्रिमंडल की उप-समिति इस मामले पर विचार करती रही है और अब समस्या

मनीपुर, मेघालय और त्रिपुरा के समस्त पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए एकीकृत संवैधानिक व्यवस्था के पता लगाने की है। इस संबंध में अब संवैधानिक प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं। अत: मनीपुर को राज्य का दर्जा दिए जाने संबंधी विधेयक सभा में शीघ्र ही पुर:स्थापित किया जाएगा।

मनीपुर राज्य-क्षेत्र का विकास अधिक तेज गति से होना चाहिए। इस संबंध में अधिक परिव्यय की व्यवस्था करने की आवश्यकता है। प्रत्येक योजना में धन की अधिक व्यवस्था की जा रही है क्योंकि हम महसूस करते हैं कि बंगला देश में हुई घटनाओं के परिणामस्वरूप वहां की स्थिति विस्फोटक है। तीसरी योजना के परिव्यय में 12.88 करोड़ रुपये की राशि नियत की गई थी, जो गत योजनाओं से काफी अधिक थी और अब चौथी योजना में 30.25 करोड़ रुपये की राशि नियत की गई है।

यह कहा गया है कि पुलिस पर अधिक और शिक्षा, समाज सेवा और विकास पर कम राशि खर्च की गई है। इस आलोचना को तथ्यों के आधार पर सही नहीं ठहराया जा सकता। मनीपुर सामरिक महत्व का क्षेत्र होने के नाते उस क्षेत्र में पुलिस पर अधिक व्यय होना स्वाभाविक है। फिर भी वर्ष 1971-72 में शिक्षा पर 4.62 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे जबकि पुलिस पर केवल 3.37 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। परन्तु मैं महसूस करता हूं कि विकास के लिए अधिक व्यवस्था की जानी चाहिए। मनीपुर की जनता की तात्कालिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ठोस प्रयत्न किए जा रहे हैं। शिक्षा के संबंध में मनीपुर विश्वविद्यालय स्थापित करने की मांग की गई है और स्नातकोत्तर अध्ययन के लिए जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय का केन्द्र स्थापित करने का भी प्रस्ताव है, डा० नागचौधरी के नेतृत्व में एक दल उस क्षेत्र में जा रहा है और हम उनके प्रतिवेदन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में 1970-71 में 34 लाख रुपये की व्यवस्था की गई थी जबकि 1971-72 में इस राशि को बढ़ा कर 49 लाख रुपये कर दिया गया है। मनीपुर में 13 अस्पताल, 12 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 38 प्राथमिक स्वास्थ्य उप-केन्द्र और 63 औषधालय हैं और वर्तमान अस्पतालों में 200 अधिक शय्याओं की व्यवस्था करने का विचार है।

मनीपुर में औद्योगिक विकास और सामरिक कारणों तथा मनीपुर जैसे क्षेत्र में जनता के लिए न्यूनतम सुविधाओं की व्यवस्था की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए परिवहन और संचार सुविधाओं की व्यवस्था करना अत्यन्त आवश्यक है। चौथी पंचवर्षीय योजना में सड़कों के लिए 10.88 करोड़ रुपये और सड़क परिवहन के लिए 80 लाख रुपये की व्यवस्था की गई है। आसाम से इम्फाल तक 224 किलोमीटर लम्बी सड़क पहले ही निर्माणाधीन है और इससे मनीपुर की संचार सुविधाओं की तात्कालिक आवश्यकताएं पूरी हो जायेंगी। बिजली के संबंध में अधिष्ठापित क्षमता को दुगना कर दिया गया है और लोकटक में एक पन बिजली परियोजना पर इस वर्ष 2.85 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं।

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग द्वारा एक सीमेंट कारखाना लगाने के संबंध में सर्वेक्षण किया जा रहा है और मनीपुर सरकार ने व्यवहार्यता प्रतिवेदन तैयार करने का काम भारतीय

सीमेंट निगम को सौंपा है। आशा है कि यह प्रतिवेदन चालू वर्ष में तैयार हो जाएगा। मनीपुर में कागज़ बनाने के लिए एक मिल की स्थापना करने के बारे में भी परियोजना प्रतिवेदन तैयार किया जा रहा है। मनीपुर प्रशासन ने भारतीय खाद्य निगम से मनीपुर में मक्का वसूल करने का अनुरोध किया है जिससे काश्तकारों को अपने उत्पाद का पर्याप्त मूल्य मिल सके।

बड़े और मध्यम दर्जे के उद्योगों के लिए लगभग 46 लाख रुपये की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त आई० एफ० सी, आई० डी० बी० आई० जैसी वित्तीय संस्थाओं द्वारा मनीपुर के समस्त क्षेत्र के लिए रियायती दर पर धन की व्यवस्था की जायेगी। इसके साथ ही इम्फाल की नगर सीमाओं के बाहर स्थापित होने वाले नये उद्योगों को सरकार द्वारा 10 प्रतिशत अनुदान दिया जायेगा। हाल ही में आई० डी० बी० आई० द्वारा प्रायोजित एक दल ने मनीपुर में उद्योगों की स्थापना की सम्भावनाओं का पता लगाने के लिए एक सर्वेक्षण किया था। उपलब्ध साधनों के अन्तर्गत मनीपुर की जनता की इच्छाओं और आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकार हर सम्भव प्रयत्न करेगी।

उपाध्यक्ष महोदय द्वारा सभी कटौती प्रस्ताव मतदान के लिए रखे गये तथा अस्वीकृत हुए

All the Cut Motions were put and negatived

उपाध्यक्ष महोदय द्वारा मनीपुर संघ राज्य-क्षेत्र की निम्नलिखित मांगें मतदान के लिए रखी गईं तथा स्वीकृत हुईं

The following demands in respect of Union Territory of Manipur were put and adopted

रुपये

मांग संख्या	शीर्षक		राशि
1	भू राजस्व		14,19,000
2	राज्य उत्पादन शुल्क	...	1,73,000
3	मोटर गाड़ियों पर कर	...	76,000
4	बिक्री कर	...	71,000
5	अन्य कर और शुल्क	...	2,000
6	स्टाम्प	...	17,000

		रुपये
मांग संख्या	शीर्षक	राशि
7	रजिस्ट्रेशन ...	57,000
8	संसद राज्य और संघ-राज्य क्षेत्रों के विधान मंडल	7,64,000
9	सामान्य प्रशासन	64,64,000
10	न्याय प्रशासन ...	3,16,000
11	जेलें	3,71,000
12	पुलिस	2,24,41,000
13	नागरिक पूर्ति	1,65,000
14	शिक्षा ...	3,08,32,000
15	चिकित्सा	55,14,000
16	लोक स्वास्थ्य	33,09,000
17	कृषि और मीन क्षेत्र ...	29,65,000
18	पशु पालन ...	16,55,000
19	सहकारिता	8,06,000
20	उद्योग ...	16,93,000
21	सामुदायिक विकास	17,64,000
22	श्रम	3,09,000
23	अंक संकलन	4,41,000
24	सिंचाई ...	5,67,000
25	बिजली ...	50,37,000
26	लोक निर्माण कार्य (मूल निर्माण कार्य और मरम्मत)	62,61,000
27	लोक निर्माण कार्य (प्रतिष्ठान)	1,12,79,000
28	सड़क परिवहन ...	43,62,000
29	दुर्भिक्ष ...	33,000

मांग संख्या	शीर्षक		राशि
			रुपये
30	पेंशन और अन्य सेवा निवृत्ति लाभ		8,45,000
31	लेखन सामग्री और मुद्रण		5,11,000
32	वन		11,86,000
33	विविध		39,22,000
34	लोक स्वास्थ्य पर पूंजी परिव्यय	...	8,33,000
35	छोटे सिंचाई कार्यों पर पूंजी परिव्यय		5,07,000
36	बाढ़ नियंत्रण पर पूंजी परिव्यय	...	13,33,000
37	बिजली पर पूंजी परिव्यय	...	71,15,000
38	सड़कों पर पूंजी परिव्यय		1,36,67,000
39	इमारतों पर पूँजी परिव्यय	...	52,37,000
40	सड़क परिवहन पर पूंजी परिव्यय		8,00,000
41	राज्य व्यापार पर पूँजी परिव्यय		58,04,000
42	उद्योगों पर पूँजी परिव्यय	...	6,67,000
43	सहकारिता पर पूँजी परिव्यय	...	1,37,000
44	ऋण और अग्रिम		30,24,000

मणिपुर विनियोग (संख्या 2) विधेयक, 1971—पुरःस्थापित तथा पारित

MANIPUR APPROPRIATION (No. 2) BILL, 1971—INTRODUCED AND PASSED

श्री के० आर० गणेश : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि वित्तीय वर्ष 1971–72 की सेवाओं के लिए मणिपुर संघ राज्य क्षेत्र की संचित निधि में से कतिपय राशियों के संदाय और विनियोग को प्राधिकृत करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये।"

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह यह है :

"कि वित्तीय वर्ष 1971–72 की सेवाओं के लिए मणिपुर संघ राज्य क्षेत्र की संचित निधि में से कतिपय राशियों के संदाय और विनियोग को प्राधिकृत करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

श्री के० आर० गणेश : मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं ।

श्री के० आर० गणेश : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि वित्तीय वर्ष 1971–72 की सेवाओं के लिए मणिपुर संघ राज्य क्षेत्र की संचित निधि में से कतिपय राशिओं के संदाय और विनियोग को प्राधिकृत करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये ।"

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि वित्तीय वर्ष 1971–72 की सेवाओं के लिए मणिपुर संघ राज्य क्षेत्र की संचित निधि में से कतिपय राशियों के संदाय और विनियोग को प्राधिकृत करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 2–3, अनुसूची, खण्ड, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का नाम विधेयक का अंग बने"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

खण्ड 2-3, अनुसूची खण्ड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का नाम विधेयक में जोड़ दिये गये ।

Clauses 2-3, the Schedule, Clause 1, the Enacting formula and the Title were added to the Bill

श्री के० आर० गणेश : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विधेयक को पारित किया जाये"

उपाध्यक्ष महोदय. प्रश्न यह है :

"कि विधेयक को पारित किया जाये।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The Motion was adopted

बंगाल वित्त (विक्रय कर) (दिल्ली नियुक्ति तथा कार्यवाही विधिमान्यकरण) विधेयक, 1971

BENGAL FINANCE (SALES TAX) (DELHI VALIDATION OF APPOINTMENTS AND PROCEEDINGS)

श्री के० आर० गणेश : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र में यथा प्रवृत्त बंगाल वित्त (विक्रय कर) अधिनियम, 1941 के अधीन कुछ अधिकारियों की नियुक्ति को विधिमान्य बनाने के लिए तथा ऐसे अधिकारियों द्वारा उस अधिनियम तथा केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 के अधीन की गई कार्यवाहियों को विधिमान्य बनाने वाले विधेयक पर विचार किया जाये"।

बंगाल वित्त (विक्रय कर) अधिनियम, 1941, जो दिल्ली संघ राज्य पर लागू है, की धारा 3 के अनुसार इस अधिनियम के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए उप-राज्यपाल एक विक्रय कर आयुक्त तथा उसकी सहायता के लिए अन्य अधिकारी जैसाकि वह उचित समझे नियुक्त कर सकता है, फिर भी विक्रय कर आयुक्त की सहायता के लिए कई अधिकारियों की नियुक्ति धारा 3 के अन्तर्गत नहीं की जाती बल्कि सेवा नियमों के अन्तर्गत की जाती है। यद्यपि बाद में धारा 3 के अन्तर्गत उप-राज्यपाल इन अधिकारियों की नियुक्ति भूतलक्षी-प्रभाव से करता है फिर भी इनकी नियुक्तियां इस धारा के अनुसार नहीं होती क्योंकि यह धारा किसी भी नियुक्ति को भूतलक्षी प्रभाव की अनुमति नहीं देती, अत: स्पष्ट ही इन नियुक्तियों की मान्यता में संदेह है। दिल्ली वूलन मिल्स ने दिल्ली उच्च न्यायालय में लेख याचिका दायर की है जिसमें एक सहायक विक्रयकर अधिकारी की नियुक्ति, जो 15-2-1965 से भूतलक्षी प्रभाव से की गई थी, पर आपत्ति उठाई गई है।

दिल्ली प्रशासन ने इस स्थिति की समीक्षा की थी और उन्हें पता चला कि लगभग ऐसी 374 नियुक्तियों को भूतलक्षी प्रभाव दिया गया था। यह भी पता चला था कि लगभग 5.55 लाख मामलों में इन्हीं अधिकारियों द्वारा निर्धारण किया गया था और उन्होंने (स्थानीय विक्रय कर अधिनियम और केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम के अन्तर्गत) 15'5 करोड़ रुपये की मांग की थी। इसी प्रकार नियुक्त किए गए सहायक विक्रय कर आयुक्तों ने अपने अपीलीय अधिकारों का प्रयोग करते हुए 1 नवम्बर, 1951 से इस अधिनियम के अन्तर्गत कर अदायगी की 32000 अपीलों को निपटाया था। विधि के अनुसार ऐसे व्यापारी विपरीत न्यायिक निर्णयों की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के भीतर आपत्ति उठा सकते है कि निर्धारण करने वाले अधिकारियों की नियुक्ति मान्य नहीं है। वसूली की कार्यवाही के दौरान भी व्यापारी लोग इस प्रकार के निर्धारण पर आपत्ति उठा सकते हैं। यदि उन मामलों में जिनमें कर की राशि पहले वसूल की जा चुकी है परन्तु निर्णय उसकी वसूली के विरुद्ध हुआ है और यदि वह राशि वापिस करनी पड़ती है तो इससे न केवल सरकार के संसाधनों की स्थिति में कठिनाई पैदा होगी बल्कि इसके परिणामस्वरूप केवल व्यापारियों को लाभ होगा, खरीदारों को नहीं। इस लिए प्रभावित अधिकारियों की नियुक्तियों को तथा उनके किए गए निर्णयों को वैध बनाने के लिए बंगाल अधिनियम तथा केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम के अन्तर्गत 18 मई 1970 को अध्यादेश जारी किया गया था। प्रस्तुत विधेयक उस अध्यादेश का स्थान लेगा। अत मैं अनुरोध करता हूं कि इस विधेयक को सर्वसम्मति से पारित किया जाये।

गैर-सरकारी सदस्यों का विधान कार्य

PRIVATE MEMBERS LEGISTATIVE BUSINESS

विधेयक पुरःस्थापित

Bills introduced

संसद (निरर्हता निवारण) संशोधन विधेयक 1971 (धारा 3 का संशोधन)

PARLIAMENT (PREVENION OF DISQUALIFICATION)AMENDMENT BILL, 1971 (AMENDMENT OF SECTION 3)

श्री एन० श्रीकान्तन नायर (क्विलोन) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि संसद (निरर्हता निवारण अधिनियम, 1959 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये।"

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि संसद (निरर्हता निवारण) अधिनियम, 1959 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

श्री एन० श्रीकान्तन नायर : मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं ।

संविधान (संशोधन) विधेयक, 1971

CONSTITUTION AMENDMENT BILL, 1971

(अनुच्छेद 74 का संशोधन)

डा० कर्णी सिंह (बीकानेर) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये ।"

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

डा० कर्णी सिंह : मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं :

आयु विषयक छूट (सेवाएं) विधेयक, 1971

AGE RELAXATION (SERVICES) BILL, 1971

श्री बी० के० दास चौधरी (कूच-बिहार) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि कतिपय परिस्थितियों में लोक सेवाओं में प्रवेश करने के लिए आयु विषयक छूट की व्यवस्था करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये ।"

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि कतिपय परिस्थितियों में लोक सेवाओं में प्रवेश करने के लिये आयु विषयक छूटकी व्यवस्था करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

श्री बी० के० दास चौधरी : मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

संविधान संशोधन विधेयक, 1971

CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL,1971

(अनुच्छेद 324 का संशोधन)

श्यामनन्दन मिश्र (बेगुसराय) : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरास्थापित करने की अनुमति दी जाये।"

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted

श्यामनन्दन मिश्र : मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

संविधान (संशोधन) विधेयक-वापिस लिया गया

CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL—WITHDRAWN

(अनुच्छेद 81, 82 का संशोधन और नये अनुच्छेद 281-क का अन्तःस्थापन)

उपाध्यक्ष महोदय : अब श्री मुरासोली मारन द्वारा 28 मई, 1971 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर अग्रेतर विचार किया जायेगा :

"कि भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये।"

इस प्रस्ताव पर अब एक घण्टा और 24 मिनट तक और चर्चा की जायेगी।

श्री नरेन्द्र कुमार साल्वे (बेतूल) : संविधान में प्रस्तावित संशोधन इस धारणा को लेकर चलता है कि अनुच्छेद 81 के अनुसार इस सभा में प्रतिनिधित्व देने के लिए 1951 में विद्यमान जनसंख्या को आधार माना जाना चाहिए परन्तु अनुच्छेद 81 में बताया गया है कि इस सभा में प्रतिनिधित्व राज्यवार न होकर समग्र देश समूचे राष्ट्र का है। परन्तु श्री मारन चाहते हैं कि वर्ष 1971 में वर्ष 1951 की जनसंख्या को ही सही माना जाना चाहिए और इसी जनसंख्या के आधार पर ही प्रतिनिधित्व किया जाना चाहिए क्योंकि परिवार नियोजन कार्य क्रम 1951 में ही आरम्भ किया गया है और अन्य राज्यों की तुलना में उन्होंने अपने राज्य में अधिक कारगर ढंग से इसे आरम्भ किया है और इसीलिए उन्हें इसकी सजा नहीं दी जानी चाहिए। परन्तु उनका यह तर्क निराधार और सारहीन है क्योंकि यह कार्य 1951 से अन्य राज्यों में भी बहुत कारगर ढंग से किया गया है और क्योंकि मद्रास ने अन्य राज्यों को पीछे कर दिया है इसलिए इसे 1951 में किए गए कार्य के लिए 1971 में इनाम दिया जाए। यह तर्क युक्तिसंगत नहीं है और संविधान में इस प्रकार का संशोधन सम्भव नहीं है।

बड़े दुख की बात है कि द्रमुक ने इस संकल्प को प्रस्तुत किया है और यह दल केवल तमिलनाडु के हितों को ही क्यों देखता है ? इस देश में अन्य राज्य भी है। उनके हितों को भी दृष्टि में रखना चाहिए। तमिलनाडु से ही 4 अधिक सदस्यों का प्रतिनिधित्व क्यों हो ? अतः मेरे विचार से इस समस्त समस्या पर राष्ट्रीय दृष्टिकोण से विचार किया जाना चाहिए। अनुच्छेद 81 में बताया गया है कि सम्पूर्ण देश की जनसंख्या को ध्यान में रखना चाहिए। इस सदन में बैठकर हमें किसी राज्य विशेष को ध्यान में नहीं रखना चाहिए; अपितु हमें सर्वप्रथम यह मानना होगा कि हम सबसे पहले सब भारतीय हैं और हमें सम्पूर्ण भारत के हितों को सबसे पहले ध्यान में रखना होगा। हमें इस बात को आधार नहीं मानना चाहिए कि 1951 में जनसंख्या कितनी थी, यह अधिक थी अथवा कम थी। हमें आज वर्तमान भारत की समस्याओं पर विचार करना है नाकि विगत काल के भारत की समस्याओं पर। अतः वर्ष 1951 की जनसंख्या को आधार मानना कोई युक्तिसंगत बात नहीं है।

यदि तमिलनाडु का संसद में अधिक प्रतिनिधित्व हो तो हमें कोई आपत्ति नहीं है, परन्तु हमें इस समस्या पर सारे भारत को देखकर विचार करना चाहिए।

निधियों के आवंटन के सम्बन्ध में, मध्यप्रदेश के अतिरिक्त अन्य किसी राज्य को कोई शिकायत नहीं होनी चाहिए इस सम्बन्ध में अनुच्छेद 281 का संशोधन करने के लिए जनसंख्या के तत्व को प्रस्तुत किया गया है। इस बारे में मुझे पूर्ण विश्वास है कि यदि क्षेत्रीय विषमता को हम दूर करना चाहते हैं तो हमें जनसंख्या के तत्वों पर निर्भर नहीं करना होगा। क्षेत्रीय विषमताओं और जनसंख्या की आपस में कोई संगति नहीं है। क्षेत्रीय विषमताओं को समाप्त करने के लिए हमें किन्हीं अन्य बातों को भी ध्यान में रखना होगा। केन्द्र ने जो निधियां नियत की हैं उनका क्या महत्व है ? केन्द्र द्वारा निधियों का नियतन औचित्य के आधार पर किया जाना चाहिए और यह कार्य करते समय समस्त देश को ध्यान में रखना चाहिए और यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि किस राज्य में कितनी विषमताएं हैं।

अतः मेरे विचार से प्रस्तुत विधेयक को वापस ले लिया जाए तो बहुत अच्छा होगा।

Shri Ram Gopal Reddy (Nizamabad) : Sir, with this proposed amendment in the constitution there will be bad and unpleasant feelings amongst the people of one State towards other States in the country. Keeping this aspect in view this amendment should be opposed. This can not be taken into consideration.

It is an admitted fact that the people of Tamil nadu are no doubt intelligent people and that is why they have started family planing drive in their state earlier in comparison to other states of the country as a result of which the population of other states increasd and these states could not make desired progress which remained backward. But we should not be unjust to these backward states. There is a need for encouraging these states to develop. More funds should be allocated for these backward poverty affected areas. We should not forget this fact that if the people of these backward and poor areas are not developed and brought at par with those of developed states they can become rebels and can stand in revolt against us.

I want my Hon. friend of D. M. K. to withdraw his resolution. If this Bill is passed in this House, there will be unwanted atmosphere in the country and the nation as a whole shall have to face adverse circumstances resulting thereby great loss to the country. My Hon. friend and other members of his party should consider this problem in a broader sense. It should be taken into consideration that proper and due attention is given to every area of the country for its development and progress. He should not press for his Bill, rather he should withdraw this Bill.

श्री आर० वी० स्वामीनाथन् (मदुरै) : मेरे अनेक साथियों ने अनुरोध किया है कि इस विधेयक को वापस ले लेना चाहिए। परन्तु मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं क्योंकि यह एक यथार्थ उद्देश्य के लिए प्रस्तुत किया गया है। इस विधेयक का उद्देश्य संकीर्ण नहीं है। वास्तविक स्थिति यह है कि 1952 में परिवार नियोजन का कार्य जब भारत सरकार ने आरम्भ किया था तो अनेक राज्यों ने इस कार्य में रुचि ली और कुछ राज्यों ने बाद में इस कार्य में अपनी रुचि कम कर दी। इन राज्यों ने परिवार नियोजन सम्बन्धी प्रचार की ओर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया। केवल कुछ ही राज्यों ने इस कार्य को इस तत्परता से निभाया जैसेकि यह उनका अपना ही कार्य है। जहां तक तमिलनाडु तथा अन्य दक्षिण राज्यों का सम्बन्ध है उन्होंने द्रमुक सरकार के अन्तर्गत ही नहीं अपितु कांग्रेस सरकार के शासनकाल में ही इस कार्य को आरम्भ किया है और ये कार्य को तभी से करते आए हैं। उन्होंने पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से इस कार्य को किया है।

यहां तक कि तमिलनाडु की द्रमुक सरकार के परिवार नियोजन मंत्री तो विवाहों में परिवार नियोजन शिक्षा सम्बन्धी भाषण भी देते हैं, जो वहां की प्रथा के विरुद्ध है।

इस विधेयक में केवल तमिलनाडु की ही वकालत नहीं की गई है अपितु आंध्रप्रदेश सहित समस्त दक्षिण भारत के राज्यों की वकालत की गई है। वास्तव में इस विधेयक में उन सभी राज्यों,

जिनकी जनसंख्या परिवार नियोजन कार्यक्रम अपनाने के कारण कम हो गई हैं, के पक्ष में कहा गया है।

जनसंख्या में वृद्धि होने की समस्या केवल हमारे देश की ही समस्या नहीं है। यह तो विश्व-व्यापी समस्या है। हमें इसके लिए कुछ तो करना ही होगा। परन्तु जिन राज्यों ने परिवार नियोजन के कार्य को पूर्ण निष्ठा के साथ अपनाया है उनको इसकी सजा क्यों मिले।

श्री साल्वे ने कहा है कि यह सब लोगों के लिए 'एक समान अवसर' के सिद्धान्त के विरुद्ध है। परन्तु इसके लिए मेरा एक सुझाव है कि 1951 की जनसंख्या के आधार पर कम से कम स्थान निर्धारित कर दिए जाएं। जिन राज्यों की जनसंख्या में वृद्धि हो जाए उनके स्थानों में भी वृद्धि कर दी जाए तो हमें इसके लिए कोई आपत्ति नहीं होगी। परन्तु जिन राज्यों की जनसंख्या परिवार नियोजन कार्यक्रम अपनाने के कारण कम हो गई है उन्हें इसका कुछ मुआवजा अथवा रियायतें अवश्य दी जानी चाहिए और इस विषय पर विचार करने का हमारे लिए यही उपयुक्त समय है।

इस विधेयक के पास होने से केवल तमिलनाडु को ही लाभ नहीं होने का अपितु अन्य राज्यों को भी इसका लाभ होगा। इस विधेयक के प्रस्तुत करने में किसी प्रकार की संकीर्ण भावना नहीं आई है। अपितु यह तो साधारण और वैध मांग है। हम दूसरों का हक मारकर अपने स्थान बढ़ाना नहीं चाहते। हम केवल यही चाहते हैं कि हमारे स्थानों में कमी नहीं की जाये। अतः मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं।

श्री सेरियान (कुम्बकोणम्) : श्री मारन द्वारा प्रस्तुत इस विधेयक का मैं समर्थन करता हूं। इस विधेयक के विरुद्ध अनेक तर्क दिए गए हैं। जिनमें सबसे प्रभावपूर्ण तर्क श्री साल्वे का है। श्री साल्वे ने आंकड़ों को गलत बताया है। एक और तर्क दिया गया है कि मौलिक सिद्धान्त को दृष्टि में रखते हुए जनता की समानता को स्वीकार करना चाहिए।

परन्तु मेरे विचार में संघीय ढांचे में केवल जनता की समानता को ही नहीं गिना जाना चाहिए बल्कि राज्यों की समानता को भी गिनना चाहिए। अतः संघीय ढांचे में आधारभूत सिद्धान्त यह है कि किसी भी बड़े अथवा छोटे, घनी जनसंख्या अथवा कम जनसंख्या वाले राज्य को यह अनुभव नहीं होने देना चाहिए कि उसके साथ भेदभाव बरता जाता है। जब वे सदन में मिलें तो सब में समानता की भावना हो। राज्य पुनर्गठन आयोग के प्रतिवेदन में भी इस समानता पर बल दिया गया है। इस तथ्य को विश्व के अन्य संविधानों में मान्यता दी गई है। परन्तु भारत में स्थिति बिल्कुल उलटी है। मेरे माननीय मित्र के इस विधेयक में एक दोष है उन्होंने इसे अत्यन्त छोटे रूप में रखा है। इस विधेयक में यह प्रावधान होना चाहिए था कि सब राज्यों के लिए एक समान प्रतिनिधित्व होना चाहिए।

यह प्रश्न किया गया है कि 1951 को आधार क्यों माना जाए। भोपाल में हुए

अखिल भारतीय परिवार नियोजन तथा स्वास्थ्य सम्मेलन द्वारा दिए गए सुझाव के अनुसार यदि 1951 या 1968 को आधार वर्ष माना जाए तो इसमें कोई आपत्ति नहीं है । परन्तु जब एक बार यह आधारभूत सिद्धान्त स्वीकार किया जाता है कि जो राज्य परिवार नियोजन कार्यक्रम अपनाएं तो उसे हतोत्साह नहीं किया जाए । इसके लिए कोई भी वर्ष आधार के रूप में माना जा सकता है । आधारभूत सिद्धान्त तो यह है कि केवल जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व की संख्या निर्धारित नहीं की जानी चाहिए; और यदि एक बार भी ऐसा किया गया तो परिवार नियोजन कार्यक्रम ढीले पड़ जायेंगे और जो राज्य परिश्रम से इस कार्यक्रम को चला रहे हैं उनके उत्साह भी ढीले पड़ जायेंगे। इसी मुख्य बात को मेरे मित्र श्री मारन ने लिया है ।

आधारभूत सिद्धान्त यह नहीं है कि मद्रास को एक और स्थान मिलेगा अथवा अन्य किसी राज्य को दो स्थानों की हानि होगी अपितु आधारभूत सिद्धान्त तो यह है कि क्या तुम जनसंख्या के आधार पर संघीय ढांचे में कोई प्रतिनिधित्व प्राप्त करने जा रहे हो जिसका अभिप्राय है कि इस संस्था में सबसे अधिक जनसंख्या वाले राज्य को सबसे अधिक प्रतिनिधित्व दिया जाएगा । संघीय ढांचे में काम करने का यह अच्छा आधार नहीं है ।

1957 में यह संविधान लागू हुआ था और तब से आज तक बीस बार इसमें संशोधन किए गए हैं। यदि यह संविधान भी स्वीकार कर लिया जाए तो कोई हानि नहीं होने वाली अपितु इससे संघीय ढांचे के कार्य को और सुचारु रूप से चलाने की दिशा में कुछ लाभ ही होगा । मैं विधेयक का समर्थन करता हूं ।

श्री सी० एम० स्टीफन (मुवत्तुपुजा) : इस विधेयक के सिद्धान्त के प्रति मेरी पूरी सहानुभूति है परन्तु मैं इस विधेयक का समर्थन करने की स्थिति में नहीं हूं । इस सिद्धान्त के दो मत नहीं हैं कि संघीय राज्य पद्धति में प्रत्येक राज्य में समानता होनी चाहिए ।यदि इस सिद्धान्त पर आधारित इस प्रस्ताव पर विचार किया जाए तो बहुत कुछ कहा जा सकता है, यद्यपि यह विवाद का विषय है कि इन परिस्थितियों में क्या भारत में ये मान्य हैं ।

मेरे माननीय मित्र ने अमरीका और भारत को एक स्तर लाने का प्रयास किया है । परन्तु दोनों देशों में बहुत अन्तर है । जहां अमरीका में विभिन्न राज्यों को पूर्ण स्वतन्त्रता होती है और वे संघ के रूप में मिल जाते हैं परन्तु यहां भारत में पहले संघ का अस्तित्व है और फिर प्रशासन के उद्देश्य से हमने देश को विभिन्न राज्यों के रूप में विभाजित किया गया है और उन राज्यों को कुछ अधिकार दिए गये हैं। अन्य अधिकार संघ अथवा केन्द्र को होते हैं ।

यहां पर आधारभूत तत्व 'व्यक्तित्व' है। परन्तु जब हम प्रतिनिधित्व करने के लिए कानून बनाते हैं तो हमें उन लाखों व्यक्तियों को नहीं भूलना चाहिए जिन्होंने हमें अपना प्रतिनिधि बनाकर यहां भेजा है । इस स्थिति में हम राज्य को अचल एकक के रूप में नहीं मान सकते ।

इस विधेयक में एक दोष है कि मेरे माननीय मित्र यहां इस धारणा को लेकर चले हैं कि जो राज्य 1951 में थे वे तो पूर्ण रूप से धर्म-परायण राज्य हैं और जो राज्य बाद में बने हैं वे केवल हेर-फेर करके बनाये गये हैं। यह सारा दृष्टिकोण ही भ्रान्तिपूर्ण है। हमारे संविधान में राज्यों में केवल हेर-फेर ही नहीं हुई है अपितु नये राज्य भी बनाए गये हैं। ये प्रावधान हमारे संविधान में ही हैं। अतः मूलभूत स्थिति तो केवल व्यक्ति ही है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को पंचायत और राज्य में प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए और इसके साथ ही उसे संसद में भी प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए संस्था के आकार के अनुसार, प्रतिनिधि को चुनने वाले व्यक्तियों की संख्या भिन्न भिन्न हो सकती है। यदि भारत को समग्र रूप में देखा जाए तो किसी राज्य से कम या अधिक प्रतिनिधि आते हैं तो यह कोई बड़ी बात नहीं है।

कुछ राज्यों में यह भावना पाई जाती है कि उनके साथ समानता नहीं बरती जाती है अथवा उनकी उपेक्षा की जाती है। उदाहरणार्थ मैं केरल से आया हूं और मैं यह अनुभव करता हूं कि मेरे राज्य को उचित अधिकार नहीं मिल रहा है, जो तमिलनाडु ले रहा है। (व्यवधान) इसका केवल एक ही समाधान है और वह है वृत्ति अथवा भावना में परिवर्तन करना जो प्रत्येक व्यक्ति की इच्छा पर निर्भर करता है कि वह एक दूसरे से इस प्रकार व्यवहार करे जिससे मनोवैज्ञानिक भावना का संचार हो कि हम सब एक ही राष्ट्र के अंग हैं।

निधियों के नियतन के बारे में 1951 को जो आधार बनाने का प्रस्ताव किया गया है, वह अमान्य है क्योंकि धन का नियतन उस विशेष वर्ष में विद्यमान जनसंख्या के आधार पर किया जाता है। अतः मैं इस विधेयक का विरोध करता हूं क्योंकि इसका आधार ही गलत है। दूसरे, यह कि उस गलत बात को सुधारने का प्रयास किया गया है जिसे सुधारा नहीं जा सकता। तीसरे, यह कि इस विधेयक का जो मसौदा तैयार किया गया है वह इस तरह तैयार किया गया है कि यदि इसको स्वीकार किया जाए तो हम बहुत गम्भीर कठिनाई में पड़ जायेंगे। संविधान के इस अंग का कोई अर्थ ही नहीं रहेगा। देश के बड़े क्षेत्रों में गम्भीर समस्याएं उत्पन्न हो जायेंगी जिनको हल करना बहुत कठिन हो जायेगा। अतः मैं इस विधेयक का विरोध करता हूं।

विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नीतिराज सिंह चौधरी) : यह विधेयक मुख्यतः इस उद्देश्य से लाया गया है कि परिवार नियोजन कार्यक्रमों से हुए जन संख्या ह्रास के कारण राज्यों को दण्ड न दिया जाए। आंकड़े देखने से स्पष्ट हो जाता है कि तमिलनाडु की जनसंख्या परिवार नियोजन कार्यक्रमों के कारण कम नहीं हुई है। तमिलनाडु में जनसंख्या 1971 की जनगणना में 22.01 प्रतिशत बढ़ी है। आंध्र प्रदेश में जनसंख्या वृद्धि 20 प्रतिशत है जबकि उत्तर प्रदेश में 19.73 प्रतिशत रही।

वास्तव में तमिलनाडु की जन संख्या में कमी के कुछ अन्य ही कारण हैं। जैसे : 1095,398 व्यक्तियों के वहां से बाहर के राज्यों में बस जाना तथा राज्य के कुछ क्षेत्रों का आंध्र में मिला दिया जाना है।

स्वास्थ्य मंत्रालय उन राज्यों को महत्व दे रहा है जो परिवार नियोजन कार्यक्रमों को भली प्रकार कार्यान्वित करते हैं। यह मामला राष्ट्रीय विकास परिषद् के समक्ष लाया गया है जिसमें कि सभी राज्यों के मुख्य मंत्री सम्मिलित हैं।

दूसरे यह शिकायत की गई है कि जनसंख्या घट जाने के कारण तमिलनाडु को आवंटित राशियां कम कर दी गई हैं, यह तथ्यों से विपरीत है। दूसरी योजना अवधि में व्यय की राष्ट्रीय औसत 51 थी जबकि तमिलनाडु की 57 प्रतिशत थी। चौथी योजना में राष्ट्रीय व्यय की औसत 119 रु० है जबकि तमिलनाडु की 129 रु०। उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश आदि राज्यों प्रति व्यक्ति योजना अधीन व्यय तमिलनाडु से कम है। अत: विधेयक का आधार ही दोषपूर्ण है।

अत: मैं माननीय सदस्य को विधेयक को वापस लेने का परामर्श देता हूं।

श्री मुरासोली मारन : कई राज्यों में परिवार नियोजन कार्यक्रम काफी रुचि से चलाये गए हैं और उन राज्यों के प्रयत्नों के फलस्वरूप वहां की जनसंख्या में कमी भी आई है। ऐसी कमी तमिलनाडु या अन्य किसी भी राज्य में हो सकती है। उस कमी के अनुसार उन राज्यों का लोक सभा में प्रतिनिधित्व तथा केन्द्रीय करों में उनका भाग घट गया है। दूसरी ओर जिन राज्यों ने परिवार नियोजन कार्यक्रम को प्रभावशाली ढंग से कार्यान्वित नहीं किया, उन्हें पूरे लाभ प्राप्त हो रहे हैं। इन बातों को देखते हुए यह नहीं कहा जा सकता कि सबके साथ समानता बरती जा रही है।

अनुच्छेद 80(2) में राज्य सभा के गठन का उल्लेख किया गया है। चौथी अनुसूची में राज्यों के प्रतिनिधियों की अधिकतक सीमा निश्चित की गई है। इसके अन्तर्गत राज्य सभा में उत्तर प्रदेश के 34 प्रतिनिधि है जबकि आसाम जैसे के केवल 7 ही प्रतिनिधि हैं। किन्तु संविधान निर्माताओं ने 1951 की जन संख्या के आधार पर उत्तर प्रदेश के 344 और हिमाचल प्रदेश के लिए एक प्रतिनिधि रखा है। इस सभा के लिए उसका अनुकरण करने में क्या बुराई है।

श्री सालवे ने कहा है कि तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व 30 होता है अथवा 31 से 35 कुछ भी होता है जनता पर इसका कुछ भी प्रभाव नहीं पड़ता। उनके दल पर इसका प्रभाव न पड़ता हो हमारे दल पर इसका प्रभाव अवश्य पड़ता है। आने वाले वर्षों में हमारा परिवार नियोजन का निश्चित कार्यक्रम है।

श्री नरेन्द्र कुमार साल्वे : मंत्री महोदय ने कहा है कि केरल और महाराष्ट्र में परिवार नियोजन कार्यक्रम अधिक प्रभावी रूप से चलाया गया है।

श्री मुरासोली मारन : लक्ष्यों और कारणों के विवरण में मैंने तमिलनाडु का नाम इसलिए लिया है क्योंकि मैं तमिलनाडु से सुपरिचित हूं तथा तमिलनाडु नाम तो मैंने एक उदाहरण के रूप में

लिया है। मैंने महाराष्ट्र तथा अन्य सभी राज्यों के लिए कहा है जो परिवार नियोजन के पक्ष में है।

मैं समझता हूं कि भविष्य में जन्म दर स्थिर की जा सकती है। जब तक ऐसा नहीं होता हमें कोई विधि अपनानी पड़ सकती है।

पहली योजना में हमें 10.8 प्रतिशत सहायता मिली, दूसरी में 9 प्रतिशत, तीसरी में 7.4 प्रतिशत जबकि चौथी योजना में 5.7 प्रतिशत ही रह गई है। परिवार नियोजन इसका एक कारण है।

राष्ट्रीयता में हम किसी भी राज्य से पीछे नहीं हैं। हम अपने को केवल भारतीय समझते ही नहीं अपितु भारतीय जैसा व्यवहार भी करते हैं।

श्री के० के० शाह ने, जब वह केन्द्रीय स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन मंत्री थे, अक्तूबर, 1970 में एक प्रेस सम्मेलन में कहा था कि वर्ष 1966 की जन संख्या को राज्यों के लिए धन के नियतन का आधार माना जाना चाहिए तथा इसके बाद पैदा हुए व्यक्तियों को हिसाब में नहीं लेना चाहिए। केन्द्रीय परिवार नियोजन परिषद् ने नवम्बर, 1969 में भोपाल में हुई अपनी बैठक में जोरदार शब्दों में सिफारिश की थी कि आगामी 15 वर्षों के लिए राज्यों को संसद् में स्थानों के आवंटन तथा धन के नियतन हेतु वर्ष 1968 की अनुमानित जनसंख्या को आधार माना जाना चाहिए। अतः कम से कम कुछ वर्षों तक, जब तक हम परिवार नियोजन के बारे में समान लक्ष्य निर्धारित नहीं करते जब तक हमें इस बारे में कुछ न कुछ करना चाहिए। यदि ऐसा नहीं किया जाता तो हम परिवार नियोजन कार्यक्रम बंद कर देंगे।

इस विधेयक द्वारा सभा का तथा सरकार का ध्यान परिवार नियोजन की ओर आकृष्ट किया गया है ताकि सरकार इस बारे में विचार करने के पश्चात् आपेक्षित विधेयक लाये। मैं विधेयक को वापस लेता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय : क्या सभा विधेयक के वापस लेने की अनुमति देती है।

माननीय सदस्य : जी, हां।

विधेयक सभा की अनुमति से वापस लिया गया

The Bill was by leave withdrawn

संविधान (संशोधन) विधेयक, 1971

CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL, 1971

(नये अनुच्छेद 23 क और 23 ख का अन्त:स्थापन)

डा० कर्णी सिंह (बीकानेर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि :

"भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये ।"

मैं आशा करता हूं कि सरकार इस विधेयक को स्वीकार करेगी अथवा ऐसा ही स्वयं एक विधेयक लायेगी जिसके द्वारा 14 वर्ष से कम आयु के बालकों के लिए निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा तथा वृद्धों के लिए बीमे की व्यवस्था की जा सकेगी ।

[डा० सरदीश राय पीठासीन हुए
Dr. Saradish Roy in the Chair]

इस विधेयक पर प्रस्तावित 10 करोड़ रुपए का व्यय इसकी उपयोगिता को देखते हुए अधिक नहीं है । इस विधेयक का उद्देश्य संविधान के अनुच्छेद 41 तथा 45 में उल्लिखित बातों को कानूनी रूप देना है । 14 वर्ष तक के बच्चों की शिक्षा का कार्य महत्वपूर्ण है । इसके लिए संविधान में उल्लिखित निदेशक सिद्धान्तों की क्रियान्वति आवश्यक है ।

अमरीका तथा ब्रिटेन जैसे विकसित देशों की तरह हमारे देश में भी 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धों को सामाजिक संरक्षण देना राज्य का कर्तव्य है ।

आज भी गांवों में हम बच्चों को अशिक्षित पाते हैं । मेरे राज्य राजस्थान में बच्चों के पास पहनने के कपड़े नहीं हैं और वहां पर अकाल की स्थिति बनी रहती है । क्या सरकार स्वतन्त्रता प्राप्ति के इतने वर्षों के पश्चात् भी स्कूलों में नि:शुल्क शिक्षा देने में समर्थ नहीं है । ऐसा होते हुए यह दावा कैसे किया जा सकता है कि हमारा राज्य कल्याणकारी राज्य है ।

यदि सरकार इस विधेयक को स्वीकार नहीं करती है तो उसे 14 वर्ष तक के बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा देने तथा वयो वृद्धों के लिए बीमा संबंधी व्यवस्था करने के लिए विधेयक, संविधान के निदेशक सिद्धान्तों को कार्यान्वित करने हेतु स्वयं सभा में पेश करना चाहिए ।

दुर्भाग्यवश निदेशक सिद्धान्तों के विषय में देश में यह धारणा बन गई है कि इनको संविधान के भाग 4 में दिए गए अनुच्छेद 37 के अधीन न्यायालयों द्वारा लागू नहीं कराया जा सकता । ऐसा समझा जाता है कि निदेशक सिद्धान्त केवल महत्वाकांक्षाएं ही है और इनकी ओर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है । परन्तु तथ्य यह है कि संविधान का कोई भी अन्य भाग इतना महत्वपूर्ण

नहीं है जितना निदेशक सिद्धान्तों वाला भाग 4 है। यह भाग भाग 3 के साथ मिल कर हमारे संविधान को मूर्त रूप प्रदान करता है। इन निदेशक सिद्धान्तों की उपेक्षा करना राष्ट्र को दिए गए आश्वासनों और आशाओं एवं उन आदर्शों की उपेक्षा करना है जिनके आधार पर भारत के संविधान का निर्माण हुआ है।

आयरलैंड, डेनमार्क, लक्समबर्ग, नीदरलैंड और कोलम्बिया जैसे कुछ देशों में राज्य द्वारा मुफ्त प्राथमिक शिक्षा की व्यवस्था की गई है। आयरलैंड जैसे देश में सरकार गरीबों, वृद्धों और विधवाओं का ध्यान रखती है।

मैं भारत को उन्नत देशों में गौरव पूर्ण स्थान पर देखना चाहता हूं और यह शिक्षा द्वारा ही संभव है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 1933-34 के इलाहाबाद अधिवेशन में मूलभूत अधिकारों तथा कर्तव्यों के संबंध में अपने घोषणापत्र में यह उपबन्ध सम्मिलित किया, "सरकार औद्योगिक श्रमिकों के हितों का संरक्षण करेगी और वे उन्हें वृद्धावस्था बीमारी और बेरोजगारी के आर्थिक परिणामों से बचायेगी।" अतः मैं समझता हूं कि सत्तारूढ़ दल इस दिशा में वचन बद्ध है और उसको मेरे इस विधेयक का समर्थन करना चाहिए।

सभापति महोदय : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ :

"संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये।"

श्री मूलचन्द डागा : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि इस विधेयक को आठ सदस्यों की प्रवर समिति को इस अनुदेश से सौंपा जाये कि वे इस पर अगले सत्र के प्रथम दिवस तक रिपोर्ट दें।"

सभापति महोदय : मूल प्रस्ताव तथा संशोधित प्रस्ताव सभा के समक्ष है।

Shri M. C. Daga : When Rajasthan was under princely rule 1½ crores of rupees were being spent on education whereas 40 crores rupees are being spent on education today.

It is wrong to say that nothing has been done in spreading primary education in the country. All the states have tried to open more and more primary schools in rual areas. Various acts have been enacted for the poorer section of our society which include Employees State Insurance Act, Mica Mines Labour Welfare Fund Act, Coal Mines Welfare Fund Act, and Employees Provident Fund Act. Any old man of 60 in Rajasthan without any means of livelihood now gets Rs- 30/- per month. Every state is spending a good deal of amount on education.

All States are aware about the spreading of education. The arrangements for the education of children upto 14 years of age have been made everywhere. All the Panchayat areas have been provided with primary schools. A primary school is running within an area of five miles. He says that legal shape should be given to Article 41 and 45 of the Constitution. It is said that the education may be made compulsory. You will provide

compulsory education to the boys of poor people who earn their livelihood. What will be the fate of these poor people if their boys ignore the work for education ?

What was the condition of education during the princely regime ? The education was co fined to the surroundings of their capital only. They never cared about the villages contrary to this, all the villages are provided with the schools these days. He has tried to bring up revo'utionary law which, in fact, is not his intention. He has raised baseless allegations by saying that people are compulsorily required to pay 50 percent of the expenditure. Rajasthan Government is liberally spending on education. An amount of Rs. 1½ crore used to be spent on education in our area during the princely regime which has now gone up to Rs. 40 crores.

डा० कर्णी सिंह (बीकानेर) : अध्यक्ष महोदय व्यवस्था के प्रश्न पर मैं पूछना चाहता हूं कि क्या चर्चा 50 वर्ष पूर्व की घटनाओं पर है अथवा आज के युग पर। माननीय सदस्य को कहना चाहिये कि वे अनिवार्य शिक्षा से सहमत हैं अथवा नहीं।

श्री मूलचन्द डागा : आपने कुछ बातें कही हैं।

डा० कर्णी सिंह : आप उनका खंडन कर सकते हैं।

सभापति महोदय : व्यवस्था का कोई प्रश्न नहीं है।

Shri M. C. Daga : I simply replied to his allegations. I also want that Directive Principles should be followed by all the states for which you have sought constitutional amendment. So many laws have been framed for the betterment of working class and old age people. Every body above sixty years of age who can not earn is being paid.

Dr. Karni Singh : Do you appose legislation for old age pensions ?

Shri M. C. Daga : It is not necessory to do so by depending on article 41 and 45. The states should do it as far as their financial position allows.

Shri K. N. Tiwary (Bettiah) : Should it be done or not ?

Shri M. C. Daga : I think it should not be compulsory and mendatory.

Shri N. K. Sinha (Muzaffarpur) : I am gratefull to the hon. Member for drawing the attention of the house towards Directive Principles of state, which is no doubt, an important issue. Illiteracy of majority population is not a matter of pride to any country. We have always been trying to follow the directive principles of state. We not only want to open the schools but also create environment in which every family is in a position to send the children to school because villagers are facing some practical difficulties in sending their children to schools. It is easy to say that children should be sent to school but the villagers have their economic and social problems.

Money is required for education and old age pension. It is easy to say that this or that country provide old age pension or have made that much of provision for education, while saying so we have to keep our economic condition in view. Dr. Karni Singhji says that education should form a part of central subject. It will be wrong to think that no work is transacted in the states who are not having central subject.

Dr. Karni Singh : I have not said it.

Shri N. K. Sinha : On the Basis of impressions gathered by me on my visit to some foreign countries I can say that our economic condition do not allow us to think of introducing old age pensions. The hon. Member has proposed an amount of Rs. 10 crores for old age pension and compulsory education throughout the country but think nothing less than Rs. 200 crores will be sufficient to introduce these schemes. There are practical difficulties in introducing these schemes because of our increasing and unavoidable necessaties in the matter of irrigation, electricity, housing, employment, roads and also Bangla Desh problem. I oppose this bill.

श्री आर० डी० भंडारे (बम्बई मध्य) : मेरे विचार में यह सरकार राज्य के निदेशक सिद्धांतों को क्रियान्वित करने में बुरी तरह से असफल रही है। जहां तक राज्य के इस निदेशक सिद्धांतों का सम्बन्ध है, मैं डा० कर्णी सिंहजी से पूरी तरह से सहमत हूं।

पंडित नेहरू के शब्दों में शिक्षा पर लगाये जाने वाला धन असली व्यय है। प्रश्न है कि इस सरकार ने क्या अपना धन ठीक प्रकार से व्यय किया है ? संविधान के रचयिताओं के अनुसार यह सिद्धांत दस वर्षों में पूरा किया जाना था लेकिन यह देखकर आश्चर्य होता है कि कुछ राज्यों को संभवतया निदेशक सिद्धांतों को कार्यान्वित करने के लिए कम से कम 30 अथवा 35 वर्ष लगेंगे। इन सिद्धांतों को कार्यान्वित न करने की जिम्मेदारी सत्तारूढ़ दल की है। क्या इस विधेयक को पेश करने वाले माननीय सदस्य इस बात को मानते हैं कि यह सरकार तथा यह दल इन सिद्धांतों को कार्यान्वित कर सकती है ? चांद पर चलने के सपने लेने का क्या लाभ है यदि हम जमीन पर ही अच्छी तरह से नहीं चल सकते हैं।

डा० कर्णी सिंह : आप इस बात को ईमानदारी से नहीं सोचते कि निःशुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा हम प्रदान कर सकते हैं।

श्री आर० डी० भंडारे : मैं विभिन्न राज्यों की स्थिति जानता हूं।

श्री के० एस० चावड़ा (पाटन) : गुजरात में शिक्षा अनिवार्य है।

श्री आर० डी० भंडारे : निदेशक सिद्धांतों के मामले में सब राज्यों को एक पैमाने से नहीं मापा जा सकता।

योजना आयोग ने शिक्षा की ओर विशेष ध्यान नहीं दिया। मैं उन माननीय सदस्यों से

सहमत नहीं हूं जो यह कहते हैं कि शिक्षा को केन्द्रीय विषय न बनाया जाए। इसे संगामी विषय बनाया जाना चाहिए। इस स्थिति में केन्द्रीय सरकार शिक्षा के मामले में अधिक महत्वपूर्ण योग दे सकेगी।

आज़ादी के बाद तीन पंच-वर्षीय योजनाएं कार्यान्वित करने के बावजूद भी देश में निरक्षरता बढ़ रही है। मैं योजना आयोग तथा सरकार से आग्रह करूंगा कि शिक्षा और विशेषकर प्राईमरी शिक्षा के लिए अधिक राशि की व्यवस्था करे।

ग़रीब लोगों के बच्चे निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करें, इस बात से कौन इन्कार करेगा। मैं स्वयं भी चाहता हूं कि इस नीति को कार्यान्वित किया जाये। इन सिद्धांतों को न्यायी बनाने से वास्तविक स्थिति में विशेष अन्तर नहीं पड़ेगा।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं डा० कर्णी सिंहजी से अपना विधेयक वापस लेने का आग्रह करूंगा। मैं सरकार से भी आग्रह करूंगा कि शिक्षा विशेषकर प्राईमरी शिक्षा के लिए अधिक राशि की व्यवस्था करे क्योंकि शिक्षा हर नागरिक का जन्मसिद्ध अधिकार है।

अतः इन शब्दों के साथ मैं अपने निवेदन को पुनः दोहराता हूं। यद्यपि डा० कर्णी सिंह ने इस सभा, सरकार और देश के लोगों का ध्यान इस समस्या की ओर काफी आकृष्ट किया है अतः मैं उनसे निवेदन करना चाहता हूं अब उन्हें यह विधेयक पास करने के लिए अधिक दबाव नहीं डालना चाहिये।

श्री दशरथ देव (त्रिपुरा पूर्व) : इस विधेयक पर भाषण देते समय जो विचार व्यक्त किये गये हैं, मैं उनका समर्थन करता हूं। यदि शिक्षा का प्रसार नहीं होता, यदि अधिकांश लोग अनपढ़ रहें तो हमारा देश प्रगति नहीं कर सकता। अतः यह कहना ठीक ही है कि शिक्षा हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है।

हमारे देश की अधिकांश जनता ग़रीब है। वे लोग अपने बच्चों की शिक्षा पर होने वाले व्यय को सहन करने में असमर्थ हैं। अतः समूचे देश के बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य रूप से शिक्षा प्रदान करना हमारी सरकार का कर्तव्य है और उसे इसकी व्यवस्था करनी चाहिये। यदि निःशुल्क शिक्षा देने में हमारा वर्तमान सविधान बाधक बनता है तो सरकार की उस कठिनाई को दूर करने के लिए संविधान (संशोधन) विधेयक पेश करना चाहिए। एक तर्क यह भी दिया गया है कि यदि संविधान में परिवर्तन करने के लिए कोई विधेयक प्रस्तुत किया जाता है तो उससे हमारे राज्यों का संघीय ढांचा ही समाप्त हो जायेगा। मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि इससे संघीय ढांचे पर कोई प्रभाव पड़ने वाला नहीं है, अपितु इसके अन्तर्गत तो हमें राज्यों को और अधिक शक्तियां प्रदान करनी पड़ेगी। निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का सम्पूर्ण बोझ राज्य उठाने में असमर्थ हैं। अत केन्द्र को राज्यों की इस कार्य में सहायता करनी होगी और इस योजना को क्रियान्वित करने का दायित्व

केन्द्र का ही होगा। रूस, चीन तथा कुछ अन्य साम्यवादी देशों में शिक्षा बिलकुल निःशुल्क है और मां बाप को बच्चों की शिक्षा का कुछ भी बोझ नहीं उठाना पड़ता।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (ग्वालियर) : केवल वहां लोगों को आज़ादी नहीं है।

श्री दशरथ देव : आज़ादी तो सभी को है, परन्तु हां पूंजीपति वहां अपनी मनमानी नहीं कर सकते। पूंजीपतियों पर यदि अंकुश न रखा जाये तो फिर भला यह समाजवाद काहे का। जन-साधारण के स्तर को ऊपर उठाने के लिए पूंजीपतियों पर कुछ अंकुश रखना अनिवार्य ही है।

जहां तक इस विधेयक का सम्बन्ध है, मेरी तो यह मान्यता है कि निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का होना बहुत ज़रूरी है। साधारण आदमी तो 100 साल बाद भी अपने बच्चों को शिक्षा नहीं दे पायेगा और जब तक समूचे देश में भारी संख्या में अशिक्षित लोग रहेंगे, तब तक हमारा लोकतन्त्र केवल एक ढोंग बना रहेगा। तब तक देश की समृद्धि की कल्पना करना भी बेकार होगा। अतः सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि शिक्षा का विस्तार किया जाये ताकि देश में शिक्षित लोगों की संख्या अधिक हो सके।

वृद्धावस्था पेंशन का जो प्रस्ताव किया गया है वह भी अपने आप में एक अच्छा प्रस्ताव है और वर्तमान स्थिति में हमारा देश इस व्यय को पूरी तरह सहन करने में भी समर्थ है। अगर अधिक नहीं तो सरकार को कम से उन व्यक्तियों को तो पेन्शन देनी ही चाहिए जिनका कि बुढ़ापे में अन्य कोई सहारा नहीं है। इन शब्दों के साथ मैं विधेयक का समर्थन करता हूं।

प्रो० एस० एल० सक्सेना (महाराजगंज) : सदन के समक्ष प्रस्तुत विधेयक पेश करने के लिए मैं डा० कर्णी सिंह का धन्यवाद करता हूं। परन्तु कांग्रेस के कुछ सदस्यों ने जो इस विधेयक का विरोध किया है उससे निश्चय ही मुझे आश्चर्य हुआ है। संविधान सभा में स्वयं कांग्रेस दल ने ही तो यह स्वीकार किया था कि 10 वर्षों के अन्दर 14 साल तक के बच्चों को निःशुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा प्रदान की जाएगी। किन्तु आज संविधान को लागू किए हुए 20 वर्ष हो गए है परन्तु अभी तक हमारे 30 प्रतिशत बच्चे भी शिक्षित नहीं हो पाए हैं। अत: ऐसी परिस्थितियों में इस प्रकार के विधेयक की बहुत आवश्यकता है और इसीलिए मैं इस विधेयक का स्वागत करता हूं।

सामने बैठे मेरे कुछ मित्रों ने कहा है कि ऐसा करना कुछ अव्यावहारिक-सा है और इस प्रकार के निर्देश सिद्धांतों को उचित नहीं ठहराया जा सकता। परन्तु इन मित्रों से मैं यह पूछना चाहता हूं कि इन सिद्धांतों को व्यावहारिक किस प्रकार बनाया जा सकता है। हमारे यहां लोगों की आर्थिक अवस्था इतनी शोचनीय है कि जब तक इस कार्य में अनिवार्यता का अंश नहीं जोड़ा जाता तब तक वह अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे।

कुछ सदस्यों का कहना है कि इस कार्य को करने में 50 या 100 वर्ष का समय लगेगा। परन्तु

यह बहुत आश्चर्य की बात है कि चीन जैसा बड़ा देश इस कार्य को केवल 4 वर्षों में ही करने में सफल हो गया है ।

भला यह कैसे सम्भव हो सका है ? इसका कारण यही है कि वहां की सरकार यह कार्य करने के लिए दृढ़ संकल्प थी । उसने शिक्षा के महत्व को समझा और इस अपनी योजना-पद्धति में उचित स्थान दिया । परन्तु यह खेद की बात है कि हमारे योजना आयोग ने शिक्षा के महत्व को अपेक्षित प्राथमिकता नहीं दी है । अब जबकि डा० कर्णी सिंह ने अपने विधेयक द्वारा सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है, तो हमें आशा है कि सरकार इस विधेयक की भावना का स्वागत करेगी ।

हम सदा समाजवाद का नारा लगाते रहे हैं । मैंने लगभग सभी समाजवादी देशों की यात्रा भी की है । समाजवादी देशों में बच्चों को जिस प्रकार की शिक्षा दी जाती है, जिस प्रकार उनका रख-रखाव किया जाता है, हम उसकी कल्पना भी नहीं कर सकते । चीन एक निर्धन देश है और उसकी जन-संख्या भी अधिकतम है, परन्तु वह कुछ ही वर्षों में समस्त बच्चों को शिक्षा प्रदान करने में सफल हुआ है । अतः हमें भी दृढ़ संकल्प होकर कठिनाईयों का सामना कर इस दिशा में सफलता प्राप्त करनी चाहिए ।

Shri Bibhuti Mishra (Motihari) : Mr. Chairman, Sir, I thank Dr. Karni Singh for bringing forward this Bill. But at the same time I would like to ask the hon. Members, why taxes are opposed by them. If the Government is to provide free education to children, if the Government is to implement public welfare schemes, how it can be done without finances ? Can we raise the finances without taxes ? If not, why each and every tax proposal is opposed by hon. Members ? If they really stand for the cause of free education, they should donate all their princely properties to the Government so that the same could be utilized for this great cause. But is Dr. Karni Singh prepared to do so ? Are other Maharajas prepared for this sacrifice ? Though I support the spirit of the Bill, but at the same time I wish that taxes should not be opposed. That is all I wanted to add.

श्री नारायण चन्द पाराशर (हमीरपुर) : सभापति महोदय शिक्षा के विषय पर कुछ बोलना निश्चय ही खुशी की बात होती है और ऐसे अवसर पर जब कि विधेयक की भावना का सदन के दोनों ओर से स्वागत किया जा रहा है, यह खुशी और भी बढ़ जाती है ।

अब तक इस विषय पर सदन में जो चर्चा की गई है उसमें एक त्रुटि रही है । यहां निर्देशन को ही शिक्षा की संज्ञा दी गई है । शिक्षा का अर्थ है, किसी के व्यक्तित्व के सर्वोत्तम गुणों को उभारना । आज हमारे देश में समस्या यह नहीं है कि शिक्षा अनिवार्य रूप से दी जाये, बल्कि समस्या यह है कि शिक्षा अपनी परिभाषा के अनुरूप हो । शिक्षा इस प्रकार की हो जोकि बच्चों के विकास के लिए सर्वोत्तम सिद्ध हो सके, इसका विकास यथा सम्भव सर्वोत्तम स्तर पर किया जा सके । शिक्षा को जीवन के अनुरूप बनाने के लिए, उसका एक विशेष दृष्टिकोण होना चाहिये । इसके साथ-साथ प्राथमिक शिक्षा पर अधिक बल न डालकर हमें पूर्व-प्राथमिक शिक्षा पर अधिक बल देना चाहिये ।

परन्तु हमारे स्कूलों की स्थिति बिलकुल विपरीत है। वहां 100 विद्यार्थियों की कक्षा के लिए एक अध्यापक होता है। इतनी बड़ी संख्या वाली कक्षा के विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के विकास की ओर ध्यान देना तो एक ओर रहा, वह बेचारा तो सभी विद्यार्थियों के नाम भी याद नहीं रख सकता। इससे पूर्व का मेरा चुनाव क्षेत्र पंजाब में था। सरदार प्रताप सिंह कैरों के नेतृत्व में, पंजाब सरकार ने शिक्षा को अनिवार्य कर दिया। उन्होंने यह आदेश दे दिया कि यदि स्कूलों में एक-एक अध्यापक ही क्यों न हो, स्कूल अवश्य होना चाहिए। जब स्कूलों की दशा यह हो कि वहां एक ही अध्यापक को पांच-पांच कक्षाओं को पढ़ाना पड़े, तो क्या आप इसे शिक्षा कहेंगे या शिक्षा के नाम पर दिया जाने वाला धोखा? आज हमारे मां-बाप भी बच्चों को इसलिए स्कूल भेज देते हैं कि चलो बच्चा कुछ समय तो काट आयेगा। मैं पूछना चाहता हूं कि इस प्रकार की शिक्षा का लाभ क्या है? ऐसी शिक्षा से क्या होने वाला है। अतः मैं फिर यही कहना चाहता हूं कि आज हमारे देश की वास्तविक समस्या यह नहीं है कि शिक्षा अनिवार्य हो, अपितु वास्तविक समस्या यह है कि शिक्षा अपने गुणों के अनुरूप हो, और शिक्षा के स्तर में जो गिरावट आ रही है, उसे रोका जा सके।

इस विधेयक के पीछे जो भावनाएं निहित हैं, मैं उनकी प्रशंसा करता हूं। परन्तु जब तक शिक्षा मनुष्य के विकास का सर्वोत्तम माध्यम नहीं बनती, तब तक इसे अनिवार्य बनाने के लिए हमारे दिमाग में जो उद्देश्य है वह भी पूरे नहीं होंगे। अतः हमें वास्तविक शिक्षा को अपना उद्देश्य बनाना चाहिए। प्रत्येक बच्चे को उत्तम शिक्षा दी जानी चाहिए ताकि उसका व्यक्तित्व अच्छा बन सके और जिस राष्ट्र के हम सब अंग हैं, वह उस राष्ट्र की अमूल्य सम्पत्ति बन सकें।

Shri B. S. Bhaura (Bhatinda) : Mr. Chairman, Sir, I rise to support the bill. The bill has been introduced by Dr. Karni Singh although the ideology of my party is altogether different from Dr. Karni Singh's party, yet I support this bill because this is the first step towards bringing about socialism.

What we propose to do now in accordance with article 45 ought to have been done by this Parliament 11 years ago.

Corruption will automatically be eradicated if provision is made for free education and old age pension. If effective steps are not taken towards this end your actions will belie your precepts.

As far the funds are concerned they are bound to come when the privy purses are abolished. With these words, I support the bill and hope that Government will accept it.

---

*पश्चिम बंगाल, बिहार और उड़ीसा के विद्युतीकरण की धीमी प्रगति

SLOW PROGRESS OF ELECTRIFICATION IN WEST BENGAL, BIHAR ANDORISSA,

श्री बी० के० दास चौधरी (कूच-बिहार) : यह एक, बहुत महत्वपूर्ण विषय है। सदन में कई

*आधे घंटे की चर्चा

Half an Hour discussion.

बार विद्युतीकरण की धीमी प्रगति के बारे में चर्चा हुई है। गत 25 मई को एक विशिष्ट प्रश्न पूछा गया था कि भारत के तीन राज्यों बिहार, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल में विद्युतीकरण की धीमी प्रगति के कारण क्या हैं। माननीय मंत्री महोदय ने अपने उत्तर में कहा था कि इन राज्य सरकारों ने अपने राज्यों में बिजली की स्थिति में सुधार करने के लिए अधिक ध्यान नहीं दिया है।

इस सम्बन्ध में कुछ आंकड़े प्रस्तुत किए गए थे। वर्ष 1968-69 में, पश्चिम बंगाल में 260 ग्रामों तथा 2 शहरों का विद्युतीकरण किया गया। वर्ष 1969-70 में 186 ग्रामों तथा 1970-71 में 345 ग्रामों का विद्युतीकरण किया गया। बिहार के सम्बन्ध में वर्ष 1968-69 में 661 ग्रामों का, वर्ष 1969-70 में 797 ग्रामों का तथा 1970-71 में 742 ग्रामों का विद्युतीकरण किया गया और उड़ीसा में वर्ष 1968-69 के दौरान 62 ग्रामों में, 1969-70 में 129 ग्रामों में तथा 1970-71 में 311 ग्रामों में बिजली प्रदान की गई।

इन दिनों में भी, जब कि हम प्रथम पंचवर्षीय योजना के प्रारम्भ से अब तक काफी धन खर्च कर चुके हैं और चौथी पंचवर्षीय योजना के बीच में हैं तब भी कुछ नगरों का विद्युतीकरण नहीं किया गया। गांवों की तो बात ही और है। उड़ीसा में गत तीन वर्षों से किसी भी नगर का विद्युतीकरण नहीं किया गया है। पश्चिम बंगाल में भी गत पांच वर्षों में केवल 2 ही नगरों का विद्युतीकरण हुआ। आज भी उन नगरों या क्षेत्रों का विद्युतीकरण नहीं किया गया जिनकी जनसंख्या 10,000 या उससे भी अधिक है।

यह सच है कि कुछ राज्य सरकारें न केवल नगरों अपितु ग्रामों के विद्युतीकरण के लिए भी हर सम्भव उपाय कर रही हैं। पश्चिम बंगाल में 38,444 गांव हैं और इनमें से अभी तक 2,600 से कम गांवों का विद्युतीकरण किया गया है। प्रतिशतता के आधार पर यह 6 प्रतिशत से जरा ऊपर है जबकि केरल और कुछ अन्य राज्यों में यह लगभग 45 प्रतिशत है। समूचे भारत के आँकड़ों की औसत यह है कि भारत में 19 प्रतिशत गाँवों का विद्युतीकरण किया गया है।

केन्द्र सरकार इस बात पर अत्यधिक बल दे रही हैं कि कुछ राज्य सरकारें इस दिशा में सही रूप से कार्य नहीं कर रही हैं। मैं मंत्री महोदय से अनुरोध करता हूं कि जो राज्य सरकारें गाँवों के विद्युतीकरण में सही रूप से कार्य नहीं कर रही हैं, उन्हें यह कहा जाए कि कम से कम वे कृषि क्षेत्र में पम्पों को बिजली देने के कार्य में वृद्धि करें। उन्हें प्रोत्साहन देने की जिम्मेदारी मंत्री महोदय की होनी चाहिए और यदि आवश्यकता पड़े तो कुछ वित्तीय सहायता भी दी जाए।

ग्रामीण विद्युतीकरण निगम की योजना के अन्तर्गत पाँच बृहद योजनाओं को मंजूरी दे दी गई है और इसके लिए केन्द्र वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। जिन राज्यों में यह योजनायें लागू की जाएंगी उनके नाम हैं--गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मैसूर और उत्तर प्रदेश। इन्हीं राज्यों में बहुत बड़ी संख्या में ग्रामों का विद्युतीकरण भी किया गया है।

प्रथम तीन योजनाओं के दौरान पश्चिम बंगाल में 437 पम्पों का विद्युतीकरण किया गया।

उड़ीसा के सम्बन्ध में कोई आँकड़े नहीं दिए गए। बिहार में 10,660 पम्पों, महाराष्ट्र में 44,978 पम्पों, तमिलनाडु में 2,56,594 पम्पों, मैसूर में 42,371 पम्पों तथा गुजरात में 17,155 पम्पों का तीन योजनाओं के दौरान विद्युतीकरण हुआ और साथ ही इन राज्यों को ग्रामीण विद्युतीकरण हेतु अतिरिक्त धन भी दिया गया जबकि पश्चिम बंगाल को, जिसमें केवल 437 पम्पों का ही विद्युतीकरण हुआ, कुछ भीअतिरिक्त वित्तीय सहायता नहीं प्रदान की गई। मैं उन राज्यों के कार्य की प्रशंसा करता हूं जिन्होंने विद्युतीकरण के सम्बन्ध में काफी प्रगति की है किन्तु केन्द्र द्वारा उन राज्यों को इस कार्य हेतु दिए जाने वाले अतिरिक्त धन के मैं बिल्कुल पक्ष में नहीं हूं। उड़ीसा, पश्चिम बंगाल तथा बिहार राज्यों का क्या होगा जो इस दिशा में काफी पिछड़े हुए हैं क्योंकि इन राज्यों में अधिक बिजली उत्पादन हेतु किसी विशेष योजना को स्वीकृति नहीं दी गई है।

चौथी पंचवर्षीय योजना में भी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अन्तर्गत पश्चिम बंगाल के लिए केवल 10 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। तमिलनाडु के लिए 41 करोड़, उत्तर प्रदेश के लिए 61 करोड़ रुपये, मैसूर के लिए 15 करोड़ तथा महाराष्ट्र के लिए 25 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गई हैं और जबकि उड़ीसा के लिए 7 करोड़ रुपये से भी कम की राशि निर्धारित की गई है। सरकार का यह कर्त्तव्य है कि वह पिछड़े क्षेत्रों का स्तर उन्नत क्षेत्रों के बराबर लाए। खाद्यान्न के आयात पर खर्च होने वाले धन को घटाए तथा बिजली रहित क्षेत्रों में बिजली लगाने के लिए पर्याप्त वित्तीय सहायता दी जानी चाहिये।

विद्युतीकरण के सम्बन्ध में केवल पश्चिम बंगाल ही नहीं पिछड़ा हुआ है। अपितु देश के कई अन्य क्षेत्र भी बहुत पिछड़े हुए हैं। इन क्षेत्रों से अन्धकार को दूर करने के लिए पर्याप्त वित्तीय सहायता दी जाए। कई बार ऐसा भी होता है कि राज्य सरकारों को केन्द्र से विशेष धन की स्वीकृति मिल जाती है। फिर भी वह धन व्यय नहीं किया जाता।

यह सर्वविदित है कि उत्तर बंगाल अपने राज्य में सबसे अधिक पिछड़ा क्षेत्र है। इसके साथ-साथ उत्तर बिहार भी पिछड़ा हुआ है और वहां पर कोई भी योजना न तो बिहार सरकार द्वारा आरम्भ की गई है और न ही पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा। हाल ही में पश्चिम बंगाल राज्य सरकार को विद्युतीकरण की तीन योजनाओं हेतु 300 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई है और ये योजनाएं पश्चिम बंगाल के पांच ज़िलों—हुगली, मिदनापुर, 24 परगना, वीरभूम तथा बांकुरा में लागू की जाएंगी। इस सम्बन्ध में उत्तर बंगाल के पांचों जिलों की न्यायोचित मांग की पूर्णतया उपेक्षा की गई है जबकि ये जिले उस क्षेत्र की सम्पूर्ण कृषि आय में 1/3 भाग का योगदान देते हैं। अतः यदि उत्तर बंगाल के ग्रामों में बिजली देने की योजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया जाए तथा वहां सब पम्पों के लिए बिजली प्रदान की जाए तो केवल उत्तर बंगाल के 5 ज़िले समस्त पश्चिम बंगाल के लिए पर्याप्त खाद्यान्न पैदा कर सकते हैं।

बिजली विकास के लिए आवश्यक बुनियादी आधारभूत तत्त्व है और जब तक इसे पूरा नहीं किया जाता तब तक पूंजी लगाने से लाभ नहीं होगा। पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए लगभग

100 करोड़ रुपये की पूंजी लगाना ही पर्याप्त नहीं है इसके लिए पहले बुनियादी ढांचा, जिसमें बिजली भी शामिल है, तैयार करना होगा ।

मंत्री महोदय ने यहाँ अनेक बार कहा है कि उत्तर बंगाल में बिजली के उत्पादन को बढ़ाने के लिए कुछ योजनाएं आरम्भ की जा रही हैं । मैं आशा करता हूं कि मंत्री महोदय इस सम्बन्ध में दिए गए आश्वासनों को पूरा करेंगे ।

सभापति महोदय : माननीय सदस्य कृपया अपना भाषण समाप्त करें । वह पहले ही नियत समय से अधिक ले चुके हैं ।

श्री बी० के० दास चौधरी : मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या उन्होंने स्थिति पर विचार किया है···

सभापति महोदय : माननीय सदस्य जो कुछ बोलेंगे वह कार्यवाही वृतान्त में शामिल नहीं किया जायेगा ।

श्री बी० के० दास चौधरी : ***

श्री ज्योतिर्मय बसु (डायमंड हार्बर) : देशवासियों द्वारा उपभोग की जाने वाली प्रो की मात्रा तथा विद्युत उत्पादन की दर किसी भी देश के विकास की द्योतक होती हैं । बिजली धन उत्पादन का मुख्य स्रोत है । देश में पिछले 23 वर्षों से बिजली की स्थिति अत्यंत शोचनीय है । यह अत्यंत दुख की बात है कि केन्द्र सरकार इसको बहुत कम महत्व दे रही है । इस वर्ष के बजट में बिजली तथा सिंचाई कार्यों हेतु केवल 10 करोड़ रुपये की राशि रखी गई है ।

पश्चिम बंगाल के 7.7 प्रतिशत ग्रामों में बिजली है जबकि आसाम तथा उड़ीसा के केवल 2.5 प्रतिशत गांवों में ही बिजली की व्यवस्था है। इन पिछड़े क्षेत्रों में और अधिक बिजली प्रदान की जानी चाहिए। क्या उन्नत तथा पिछड़े क्षेत्रों को समान स्तर पर लाना राज्य सरकार का कर्तव्य नहीं है ।

चौथी योजना में ग्रामीण विद्युतीकरण की पूर्णतया उपेक्षा की गई है। विद्युतीकरण द्वारा रोजगार के अनेक अवसर प्रदान किए जा सकते हैं । ग्रामीण विद्युतीकरण बोर्ड ने $1\frac{1}{2}$ करोड़ रुपये की परियोजना तैयार की है । मैं डा० राव से अनुरोध करूंगा कि वह किसी न किसी उपाय से इस परियोजना हेतु धन जुटाएं । अब तो बैंकों का भी राष्ट्रीयकरण हो चुका है ।

** कार्यवाही वृतान्त में सम्मिलित नहीं किया गया ।

Not recorded.

ऋण प्राप्त करने में भी अधिक दिक्कत नहीं होनी चाहिए। कृपया मंत्री महोदय बताएं कि वह उड़ीसा, बिहार और बंगाल के पिछड़े क्षत्रों के विद्युतीकरण हेतु क्या कार्यवाही कर रहे हैं ?

सिंचाई तथा विद्युत मंत्री (डा० के० एल० राव) : इतने महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा उठाने के लिए मैं माननीय सदस्यों को धन्यवाद देता हूं।

भारत के ग्रामों में बिजली लगाने का काम राष्ट्रीय नीति के रूप में 1961 में आरम्भ किया गया था। उस समय हमारे पास 2 लाख पम्पिंग सेट थे और 25,000 से कम ग्रामों में बिजली लगी हुई थी। गत 10 वर्षों में हमने इस सम्बन्ध में बहुत उन्नति की है। लगभग 16 लाख कुओं और 1,05,000 ग्रामों में बिजली लगाई जा चुकी है। हम $3\frac{1}{2}$ लाख प्रतिवर्ष की दर से पम्पिंग सेट लगा रहे हैं। इसमें वे गाँव भी शामिल किए गए हैं जिनमें 17,000 प्रतिवर्ष की दर से कार्य हुआ है।

केवल खेदजनक बात यह है कि इस सम्बन्ध में कुछ असंतुलित विकास हुआ है। लगभग 9 राज्यों को 18.8 प्रतिशत, जोकि देश में बिजली लगाए जाने की औसत है, से कम बिजली मिली है। ऐसे भी 9 राज्य हैं जहाँ बिजली लगाने की दर औसत से कम है। यह खेद की बात है कि पश्चिम बंगाल, उड़ीसा और बिहार, जहाँ कि जल के साथ-साथ अन्य संसाधन भी उपलब्ध हैं, इस सम्बन्ध में पिछड़ रह गए। उड़ीसा में केवल 2.7 प्रतिशत ग्रामों में बिजली लगाई गई है। तमिलनाडु में प्रति 30 एकड़ भूमि में एक पम्पिंग सेट लगा हुआ है। जबकि उड़ीसा में प्रति 30,000 एकड़ भूमि में एक पम्पिंग सेट है ;

कोई भी इस बात से असहमत नहीं होगा कि इन 9 राज्यों में विशेषकर पश्चिम बंगाल, बिहार और उड़ीसा के तीन राज्यों में, जहां बिजली लगाने के जल संसाधन काफी अधिक उपलब्ध हैं, इस प्रयास को काफी आगे बढ़ाया जाए।

धनाभाव ही मुख्य कारण है। श्री चौधरी का यह कहना ठीक नहीं है कि हमने योजना में तमिलनाडु के लिए बहुत अधिक धन दिया है, परन्तु पश्चिम बंगाल के लिए नहीं दिया। धन केन्द्र द्वारा आवंटित नहीं किया जाता। राज्यों को खण्डवार अनुदान और खण्डवार ऋण किसी नियम के आधार पर ही दिए जाते हैं और उसमें से राज्य धन का आवंटन करता है। पश्चिम बंगाल विद्युतीकरण के कार्य को बहुत कम महत्व देता रहा है। उसने इस बारे में कुछ नहीं किया। यही कारण है कि केन्द्र ने धन नहीं दिया। तमिलनाडु ने बहुत ही व्यापक रूप से बिजली लगाने का कार्य किया है। इसने इस काम को अधिक महत्व दिया है और इसके लिये काफी अधिक धन का आवंटन किया है। भारत सरकार ने ग्रामीण विद्युतीकरण निगम की स्थापना की है और हम यथासंभव सहायता करने का प्रयास कर रहे हैं।

उड़ीसा के घाटासिला जिले में पहले बिजली नहीं थी। पिछले अक्तूबर में वहां एक बैठक हुई जिसमें कुछ संसद सदस्यों तथा कुछ विधान परिषद के सदस्यों ने भाग लिया और उस बैठक के दौरान

चला कि उड़ीसा यह काम ठीक से नहीं कर रहा है। वहां संचारण लाइनें नहीं हैं। हमने उसमें यह भी निर्णय किया कि हम संचारण लाइनों के लिए ग्रामीण विद्युतीकरण निगम से धन देंगे, यद्यपि सामान्य रूप से ऐसा किया नहीं जाता है। जहां तक ग्रामीण विद्युतीकरण निगम का सम्बन्ध है, हम उसका इन तीनों राज्यों के लिए अतिरिक्त धन नियत करने के लिए सबसे अच्छा उपयोग करेंगे और यथासंभव उनकी सहायता करने का प्रयास करेंगे। यदि राज्य योजनाएं बनाएं तभी हम कुछ कर सकते हैं। हमें आशा है कि आगामी तीन वर्षों में हम ग्रामीण वित्त निगम से 20 करोड़ रुपये में से काफी मात्रा में उन्हें देने में समर्थ होंगे।

जहाँ तक सहकारी समितियों की स्थापना का प्रश्न है कुछ सदस्यों द्वारा सुझाव दिया गया है कि सहकारी ग्रामीण विद्युतीकरण समितियों की स्थापना की जाए। हमारे निमंत्रण पर अमरीकी ग्रामीण विद्युतीकरण सहकारी समिति वाले लोग यहां आए और उन्होंने कहा कि वह धन के साथ तकनीकी सहायता भी प्रदान करेंगे किन्तु मध्यप्रदेश को छोड़कर कोई भी राज्य इसके लिए तैयार नहीं हुआ। शायद उन्हें यह कार्य अनावश्यक प्रतीत हुआ और उन्होंने इसके लिए मना कर दिया। हमें इस समस्या को सामूहिक रूप से हल करने का प्रयास करना चाहिए।

पम्पिंग सेट केवल उन्हीं स्थानों पर लगाये जा सकते हैं यदि वहां पर कुएं बने हुए हों और वहां कुछ कृषि भी की जा रही हो। मैं इस सम्बन्ध में कृषि मंत्रालय को भी लिखूंगा। लेकिन सम्बन्धित राज्यों के संसद सदस्य को भी चाहिए कि वह राज्य अधिकारियों से बातचीत करते रहें तथा उनके ध्यान में इस बात को लाएं कि अभी कितने और कुओं का विद्युतीकरण करना है। यदि आप चाहते हैं कि मैं इस सम्बन्ध में मदद करूं तो राज्य सरकारों से कहिए कि वे योजनाएं प्रस्तुत करें। कृषि मंत्रालय से ऐसे क्षेत्रों का पता लगाने के लिए प्रार्थना की जाएगी जहां, यदि हम बिजली दें तो, कुएं खोदे जा सकें।

इन तीनों राज्यों का ध्यान रखने के लिए और ग्रामीण विद्युतीकरण की प्रगति को तेज करने के लिए हम एक पृथक् कक्ष की स्थापना करने जा रहे हैं।

उत्तरी बिहार और उत्तरी बंगाल के सम्बन्ध में एक कठिनाई यह है कि वहां बिजली का उत्पादन बहुत कम है। उड़ीसा में भी संचारण लाइनें नहीं हैं। उत्तरी बिहार में 18 मैगावाट बिजली का उत्पादन होता है जबकि आवश्यकता इससे दुगुनी मात्रा की है। इसको पूरा करने के लिए हम कुछ अल्पकालीन उपाय कर रहे हैं। हम दूसरे क्षेत्रों से $1\frac{1}{2}$ मैगावाट के चार एककों की स्थापना कर रहे हैं तथा बरौनी को दलकोला से जोड़ने की भी कोशिश की जा रही है। लाइन लगभग तैयार है। हम अन्य क्षेत्रों से संचारण लाइनें तथा बिजली प्राप्त करने का प्रयत्न कर रहे हैं। उत्तर बिहार में एक अच्छे बिजली घर की आवश्यकता है इसके लिये हम इंजीनियरों को गत दो वर्षों से कुछ परियोजनाओं और प्रस्तावों का सुझाव देने के लिये कह रहे थे। केवल तीन दिन पहले ही हमें कुछ प्रस्ताव प्राप्त हुये हैं। एक उत्तर बिहार से प्राप्त हुआ है और एक उत्तर बंगाल से। मैं इन परियोजनाओं को स्वीकृति दिलाने का प्रयत्न कर रहा हूं, इनके पूरा होने के पश्चात ही हम वहां कुछ

उड़ीसा बिजली दे सकते हैं। अन्यथा उन क्षेत्रों में ग्रामीण विद्युतीकरण का अधिक विस्तार नहीं किया जा सकता।

उत्तर बिहार में हम एक तापीय बिजली घर खोलने के प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं। समस्या यह है कि इसे कहां बनाया जाए—मुजफ्फरपुर में अथवा समस्तीपुर में ? मेरे विचार में मुजफ्फरपुर अधिक उपयुक्त रहेगा क्योंकि इसकी दूरी बरौनी से उतनी है जितनी होनी चाहिए किन्तु दुर्भाग्यवश वहां कोई चौड़ी लाईन नहीं है। चौड़ी लाईन समस्तीपुर आकर खत्म हो जाती है। मैं रेलवे वालों के उत्तर का इन्तजार कर रहा हूं कि वह इस लाईन को बढ़ा सकते हैं या नहीं। अन्यथा कोयले की परिवहन लागत बहुत पड़ जाएगी। यह तापीय बिजली घर समस्तीपुर में बनाया जाए या कहीं और। इस सम्बन्ध में मैं जल्दी निर्णय करूंगा क्योंकि अधिकारियों की राय का मैंने एक साल तक इन्तजार कर लिया है। जैसाकि मैंने पहले कहा, कटिहार अथवा पश्चिम बंगाल-बिहार सीमा के निकट एक दो परियोजनाएं बनाई जाएंगी। जब तक बिजली उत्पादन नहीं होता, ग्रामीण विद्युतीकरण भी संभव नहीं। मुझे आशा है कि हम जल्दी संचारण लाइनें बना लेंगे।

इसके पश्चात् लोक-सभा सोमवार 14 जून 1971/24 ज्येष्ठ, 1893 (शक) ग्यारह बजे म. पू. तक के लि स्थगित हुई।

The Lok Sabha then adjourned till eleven of the Clock on Monday, June 14, 1971/Jyaistha 24, 1893(Saka).